CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 12°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 26 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 41 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कांग्रेस ने मोदी की इजरायल यात्रा की नैतिकता पर उठाए सवाल पेज 2



अभिषेक और वरुण टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम खेल टाइम्स



भारत के विमानन क्षेत्र को सुरक्षित कैसे बनाया जाए सम्पादकीय



ट्रम्प 100वीं बार बोले: भारत-पाक जंग मैंने रुकवाई पेज 12

# पीएम मोदी को मिला इजरायली संसद का सर्वोच्च सम्मान

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो दिन के इजरायल दौरे पर पहुंचे। इस दौरान इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया।

पीएम मोदी ने यहां इजरायली संसद नेसेट को संबोधित किया। इस दौरान उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल भी दिया गया। नेसेट को संबोधित करते हुए मोदी ने इजरायल पर हमास के हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि हम आपके दर्द को समझते हैं, भारत लंबे वक्त से आतंकवाद से पीड़ित है। भारत इजरायल के साथ खड़ा है। वहीं नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है।



■ **कहा: भारत ने भी आतंकवाद का दर्द झेला है, इसलिए हमारी नीति स्पष्ट और सख्त है, यूएनएससी समर्थित गाजा शांति पहल का समर्थन करता हूं**

उन्होंने मोदी को एशिया का शेर और दुनिया का सम्मानित नेता बताया। मोदी नेसेट को संबोधित करने पहले भारतीय प्रधानमंत्री है। संसद पहुंचने पर सांसदों ने मोदी का खड़े होकर स्वागत किया और मोदी मोदी के नारे लगाए। पीएम मोदी के स्पीकर अमीर ओहाना ने इजरायली संसद का सर्वोच्च सम्मान स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल दिया। पीएम मोदी ने कहा कि इजरायली संसद के सामने खड़े होकर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं एक प्राचीन सभ्यता भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दूसरी प्राचीन सभ्यता को संबोधित कर रहा हूं। 140 करोड़ भारतीयों की ओर से आपके लिए शुभकामनाएं, मित्रता, सम्मान और मजबूत साझेदारी का संदेश लेकर आया हूं। गर्व से कह सकता हूं कि भारत में यहूदी समुदाय बिना किसी डर, भेदभाव या उत्पीड़न के साथ रहा है। आतंकवाद कभी भी जायज नहीं है। भारत ने भी आतंकवाद का दर्द झेला है, इसलिए हमारी नीति स्पष्ट और सख्त है। यूएनएससी समर्थित गाजा शांति पहल का समर्थन करता हूं। नेतन्याहू ने कहा कि भारत एक ऐसी सभ्यता है जहां यहूदियों को कभी सताया नहीं गया। भारत का धन्यवाद, वहां यहूदी समुदाय का हमेशा स्वागत और सम्मान किया गया। दोनों देशों के संबंध सिर्फ कूटनीतिक नहीं, बल्कि दिल से जुड़े हुए हैं। भारत और इजरायल का गठबंधन दोनों देशों की ताकत को कई गुना बढ़ा देता है। दोनों देशों ने मिलकर व्यापार दोगुना, सहयोग तीन गुना और आपसी समझ चार गुना बढ़ाई है। यह गठबंधन दोनों देशों की ताकत को कई गुना बढ़ाने वाला है। मोदी मेरे ग्रेट फ्रेंड और विश्व मंच के बड़े नेता हैं। मैं मोदी को सिर्फ दोस्त ही नहीं, बल्कि भाई जैसा मानते हूं। पीएम मोदी एशिया के शेर हैं। इससे पहले एयरपोर्ट पर ही पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। इसके बाद वे होटल पहुंचे जहां, प्रवासी भारतीयों ने उनका स्वागत किया।

## आठवां रोज़ा

### रोशनी की लकीर और नेकी की मिसाल है आठवां रोज़ा

रोजा रोशनी की लकीर और नेकी की नजीर है। रमजान का तो हर रोजा खुशहाली का खजाना और पाकीजगी का पैमाना है। रमजान की बरकतों की तहरीर का ये कारवां माशाअल्लाह आठवें रोजे तक पहुंच गया है। दरअसल, रोजा अल्लाह का अदब भी है और फजल की तलब भी है। सबूत के तौर पर इस बात को कुरआने-पाक की आयत के हवाले से बेहतरीन और आसान तरीके से समझा जा सकता है। कुरआन पाक की सूरह अलहश्र की आयत नंबर 18 में बयान है-और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह को तुम्हारे कामों की खबर है। इस आयत की रोशनी में ये बात नुमाया हो जाती है कि अल्लाह वसीअ है और अजीम और अलीम है। अल्लाह को चूंकि हर बात की खबर है इसलिए बंदे को यह सोचकर कि अल्लाह की नजर उसके हर काम पर है, अल्लाह से डरना चाहिए। अल्लाह से डरना ही अल्लाह का अदब है।





मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स

एक अनमोल रिश्ता

- ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
- LIFE TIME FREE SERVICE

KAJ

सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता



68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निवीरों के लिए सेना व रेलवे के बीच सहयोग पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** चार साल के कार्यकाल के बाद सेना छोड़ने वाले अग्निवीरों तथा सेना से सेवानिवृत होने वाले सैनिकों के लिए अच्छी खबर है। सेना और रेलवे ने अग्निवीरों तथा सेवानिवृत सैनिकों को दोबारा रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए एक 'सहयोग ढांचे' पर सहमति व्यक्त की है। अग्निवीरों के पहले बैच का कार्यकाल इस वर्ष समाप्त होने वाला है और इसे देखते हुए सेना तथा रेलवे की यह पहल उन्हें कुछ राहत देने वाली है। सरकार ने अग्निवीरों के लिए दूसरा रोजगार सुनिश्चित करने के लिए इससे पहले केन्द्रीय पुलिस बलों की भर्ती में भी उनके लिए आरक्षण का प्रावधान किया है। अग्निवीरों को दिल्ली पुलिस में सिपाही की भर्ती में भी 20 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की गई है।

### इंडिगो फ्लाइट में 200 से ज्यादा यात्री चार घंटे फंसे रहे

**नई दिल्ली।** चेन्नई से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 1025 24 फरवरी को तकनीकी कारणों से करीब 5 घंटे लेट हो गई। विमान में बैठे 200 से ज्यादा यात्रियों ने जानकारी के अभाव और एयर कंडीशनिंग की समस्या को लेकर नाराजगी जताई। घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में यात्री क्रू से टेक-ऑफ में देरी का कारण पूछते दिख रहे हैं। एक यात्री ने आरोप लगाया कि विमान के अंदर एयर कंडीशनिंग बार-बार बंद हो रही है, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

# ज्यूडीशियल करप्शन चैप्टर वाली NCERT किताब की बिक्री पर बैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की आपत्ति के बाद ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली एनसीईआरटी किताब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। एनसीईआरटी के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी से इसकी पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार, एनसीईआरटी ने चैप्टर का सुझाव देने वाले एक्सपर्ट्स और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की इंटरनल मीटिंग बुलाई है। किताब को वेबसाइट से भी हटा लिया गया है।

सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में यह मामला उठाया था। सिब्बल ने सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच को बताया कि क्लास 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह निंदनीय है। सिंघवी ने कहा कि एनसीईआरटी ने मान लिया है कि राजनीति, ब्यूरोक्रेसी और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार है ही नहीं। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि दुनिया -शेष पृष्ठ दो पर



■ **सीजेआई सूर्यकांत ने कहा था : न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत किसी को नहीं, केस खुद देखूंगा**

### न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला हिस्सा हटाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की कक्षा आठ की एक किताब में न्यायपालिका से जुड़ी विवादित सामग्री पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गंभीर आपत्ति जताई थी। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एनसीईआरटी की कक्षा आठ की किताब में न्यायिक भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंशों को हटाया जा सकता है, क्योंकि सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। परिषद ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया है।

### बंगाल एसआईआर: पहचान सत्यापन में एडमिट कार्ड अकेले मान्य नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 10वीं या माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड अकेले पहचान के रूप में मान्य नहीं होगा। इसे सिर्फ सहायक (पूरक) दस्तावेज माना जाएगा। एडमिट कार्ड तभी मान्य होगा जब उसके साथ मार्कशीट भी दी जाए। सीनियर एडवोकेट डीएस नायडू ने सुप्रीम कोर्ट के सामने मामला उठाते हुए पूछा था कि क्या क्लास 8वीं की परीक्षा का एडमिट कार्ड अपने आप में पहचान पत्र रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि क्लास 8वीं की मार्कशीट पहचान सत्यापन के लिए मान्य दस्तावेजों में शामिल है। एडमिट कार्ड सिर्फ उसी की पुष्टि के लिए जोड़ा जा सकता है।

# योगी के जापान दौरे पर 11 हजार करोड़ के एमओयू हुए साइन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **करार से विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। जिन कंपनियों के साथ करार हुआ है उनमें कुबोता कॉरपोरेशन, मिंडा कॉरपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं।

ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कुबोता कॉरपोरेशन, वर्ष 1890 में स्थापित जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और जिसका मुख्यालय ओसाका में स्थित है। यह कृषि -शेष पृष्ठ दो पर





# नहीं बदलेगा 'यादव जी की लव स्टोरी' का नाम

■ **सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका**

**नई दिल्ली।** 'घूसखोर पंडित' के बाद फिल्म यादव जी की लव स्टोरी अपने टाइटल को लेकर विवादों में आ गई है। विश्व यादव परिषद के प्रमुख ने फिल्म पर बैन लगाने या फिल्म का टाइटल बदलने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी।

इसमें एक हिंदू लड़की एक मुस्लिम लड़के से शादी करती है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि नाम यादव समुदाय को गलत तरीके से नहीं दिखाता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने विश्व यादव परिषद के चीफ की याचिका खारिज कर दी है। बेंच ने कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री को देखा और पाया कि शिकायत यह है कि फिल्म का नाम यादव कम्युनिटी को समाज में गलत तरीके से दिखाता है।

# नफरत फैलाने वालों के खिलाफ साहस से खड़ा होना भी देशभक्ति: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि नफरत फैलाने वालों से डरने की बजाय सद्भाव का माहौल कायम रखते हुए साहस दिखाकर देशभक्ति का परिचय देना चाहिए।

श्री गांधी ने दो दिन पूर्व उनसे मिले उत्तराखंड के कोटद्वार के 'मोहम्मद दीपक' के साथ खींचे फोटो को शेयर करते हुए कहा कि सद्भाव तथा मोहब्बत की विचारधारा असंख्य देशवासियों में



है, लेकिन मन में भय होता है और दीपक जैसे युवा उन्हें साहस की राह दिखाते हैं। उनका कहना था कि समाज में जो नफरत फैलाते हैं उनसे डरना नहीं चाहिए, बल्कि साहस से खड़ा होने की जरूरत है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में तीन दिन से बर्फबारी जारी

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के पंचाचूली समेत कई क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। यहां ऊंचाई वाले इलाकों में तीन दिन से बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 27 और 28 फरवरी से मौसम का मिजाज बदलेगा और पहाड़ी जिलों में बारिश होगी। मध्य प्रदेश में पिछले 2 दिन में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, बैतूल और सीहोर समेत 20 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी-बारिश का दौर रहा। कुछ में ओले भी गिरे। इस वजह से गेहूं-चने की फसलों पर असर पड़ा।

# सरकार ने पांच ओटीटी प्लेटफॉर्म किए ब्लॉक

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **अश्लील कंटेंट दिखाने पर हुआ एक्शन**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने 5 ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म (ओटीटी) को ब्लॉक कर दिया है। जिन प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई हुई, उनमें मूडएक्सवीआईपी, कोयल प्लेप्रो, डिजी मूवीप्लेक्स, फील और जुगनू शामिल हैं।

सरकार का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म पर अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया जा रहा था। यह कंटेंट आईटी एक्ट 2000, आईटी नियम 2021, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं को गलत तरीके से दिखाने से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करता पाया गया। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक किया है। पिछले साल जुलाई में उल्लू-एएलटीटी समेत 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म बैन किए गए थे। एएलटीटी एप अप्रैल 2017 में फिल्म और टीवी प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लॉन्च किया था। वहीं उल्लू एप को आईआईटी कानपुर से ग्रेजुएट विभु अग्रवाल ने 2018 में बनाया था। इससे पहले मार्च 2024 में सरकार ने अश्लील कंटेंट को लेकर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगाया था।

# भारत बना रहा बेबी ब्रह्मोस, 20 गुना कम कीमत

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया के संघर्षों ने साफ कर दिया है कि भविष्य की जंग अब महीनों और सालों खिंचेगी। इस हकीकत को देख भारत भी तैयारी में जुट गया है।

सेना का फोकस अब केवल महंगी मिसाइलों पर नहीं, बल्कि इनके 'मिनी मॉडल्स' के बड़े भंडार पर है। हाल ही में पिनाका रॉकेट सिस्टम के 'हवाई संस्करण' के परीक्षण को इसी कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है। दरअसल, ब्रह्मोस जैसी अचूक सटीकता और मारक क्षमता के कारण इसे 'बेबी ब्रह्मोस' भी कहा जा रहा है। हाल ही में सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने इस बदलाव को जरूरी बताते हुए कहा कि अगर हमारे पास किफायती लेकिन उच्च तकनीक वाले हथियार होंगे, तो हम लंबी जंग (हाई डेंसिटी वॉर) में किसी भी बड़े दुश्मन को पीछे धकेलने में सक्षम होंगे। संसद की रक्षा संबंधी स्थायी समिति ने भी अपनी हालिया रिपोर्ट में इस रणनीति पर सकारात्मक रुख दिखाया है। समिति ने जोर दिया है कि भीषण और लंबे युद्ध की स्थिति में भारत को ऐसे हथियारों की जरूरत है जो बड़े पैमाने पर और कम लागत में देश के भीतर ही बनाए जा सकें। इसी नीति के तहत बजट में आवंटित राशि का एक बड़ा हिस्सा स्वदेशी खरीद के लिए सुरक्षित रखा गया है, ताकि युद्ध के समय विदेशी सप्लाई चेन पर निर्भर न रहना पड़े। इजरायल- हमास जंग में इजरायल को चंद हजार के रॉकेट गिराने के लिए 50 लाख की मिसाइलें खर्च करनी पड़ीं। यूक्रेन-सूडान में सस्ते ड्रोन्स ने करोड़ों के टैंकों को मलबे में बदल चौंका दिया। वहीं, म्यांमार में विद्रोहियों ने जुगाड़ से बड़े हमलों को नाकाम किया। इनसे सबक मिला कि जंग केवल बड़े हथियारों से नहीं, बल्कि सस्ते, स्वदेशी और हथियारों के बड़े भंडार से जीती जा सकती है। स्वदेशी ताकत के साथ भारत इजरायल से 'आयरन बीम' जैसी लेजर आधारित प्रणाली हासिल करने की ओर बढ़ रहा है।





■ **भविष्य की जंग अब महीनों और सालों खिंचेगी, सुरक्षा का नया फॉर्मूला हो रहा तैयार**

## तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रेकअप आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने खुदकुशी मामले की सुनवाई के दौरान बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि केवल ब्रेकअप होने को भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत उकसावे की श्रेणी में नहीं आता है। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि आज के समय में ब्रे. कअप और दिल टूटने की घटनाएं आम हो गई हैं, लेकिन केवल रिश्ता टूटना अपने आप में उकसावे का प्रमाण नहीं है। कोर्ट ने कहा कि प्रेम संबंध टूटने को अपने आप में आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध नहीं माना जा सकता। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर फिलहाल आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला प्रथम दृष्टया में साबित नहीं होता है।

### कैफे-3 नियम पर ऊर्जा मंत्रालय ने प्रस्ताव पीएमओ को भेजा

**नई दिल्ली।** ऊर्जा मंत्रालय ने कॉर्पोरेट औसत ऊर्जा दक्षता कैफे-3 नियमों पर प्रस्ताव तैयार कर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भेज दिया है। केंद्रीय भारी उद्यम मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को यहां उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि सभी हितधारकों से बातचीत के बाद ऊर्जा मंत्रालय ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया है। कुमारस्वामी ने कहा कि हमने सभी हितधारकों और ऊर्जा मंत्रालय के साथ एक बैठक की थी। मेरी जानकारी के मुताबिक, हितधारकों के साथ बैठक के बाद ऊर्जा मंत्रालय ने पीएमओ को प्रस्ताव भेज दिया है। हालांकि उन्होंने प्रस्ताव के विवरण के बारे में नहीं बताया। वाहन उद्योग के सूत्रों ने भी इस तरह की बैठक की पुष्टि की, लेकिन कहा कि प्रस्ताव में क्या है इसके बारे में उन्हें जानकारी नहीं है।

### कांग्रेस ने मोदी की इजरायल यात्रा की नैतिकता पर उठाए सवाल

# नेतन्याहू के समक्ष गाजा मुद्दा भी उठाएं पीएम: प्रियंका

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पीड़ितों और निर्दोषों की पीड़ा पर भारत का नजरिया हमेशा संवेदनशील रहा

कांग्रेस ने कहा है कि गाजा की तबाही के लिए पूरी दुनिया इजरायल की आलोचना कर रही है और इस दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा को नैतिक नहीं कहा जा सकता है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी की इजरायल यात्रा पर बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि पीड़ितों और निर्दोषों की पीड़ा पर भारत का नजरिया हमेशा संवेदनशील रहा है इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि मोदी प्रधानमंत्री इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के समक्ष भी अपने परंपरागत भारतीय दृष्टिकोण को रखेंगे। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री जी इजरायल की अपनी यात्रा के दौरान संसद को संबोधित करते हुए गाजा में हजारों निर्दोष पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के नरसंहार का जिक्र करेंगे और उनके लिए न्याय की मांग करेंगे। भारत ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपने पूरे इतिहास में सत्य का साथ दिया है, हमें दुनिया को सत्य, शांति और न्याय का प्रकाश दिखाते रहना चाहिए। रमेश ने प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा पर सवाल उठाते हुए लिखा कि भारत का फलस्तीन के प्रति ऐतिहासिक और नैतिक नजरिया रहा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने फलस्तीन के साथ भारत ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू 20 मई 1960 को गाजा गए थे और वहां संयुक्तराष्ट्र आपातकालीन बल में तैनात भारतीय दल से मिले थे। फिर 29 नवम्बर 1981 को भारत ने फलस्तीन के समर्थन में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया था जबकि 18 नवम्बर 1988 को भारत ने औपचारिक रूप से फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दी थी।अब जब गाजा में हालात को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता जताई जा रही है, मोदी का इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ निकटता प्रदर्शित करना नैतिक दृष्टि से सवाल खड़े करता है। मोदी आज से दो दिन की यात्रा पर इजरायल रवाना हुए।

### माकपा ने प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा का किया विरोध

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा का कड़ा विरोध करते हुए इसे फलस्तीनी मुद्दे के साथ विश्वासघात करार दिया है। माकपा ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब इजरायल गाजा में कथित रूप से नरसंहार कर रहा है। संघर्षविराम के बावजूद इजरायली हमले जारी हैं, जिनमें बड़ी संख्या में फलस्तीनियों की मौत हो रही है। इसके साथ ही कब्जे वाले पश्चिमी तट में फलस्तीनियों पर हमले तेज हुए हैं। माकपा ने कहा कि इस यात्रा के जरिए भाजपा सरकार ने एक बार फिर पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल धुरी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। पार्टी ने केंद्र सरकार से इस यात्रा पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

# बसपा विधायक उमाशंकर के ठिकानों पर आयकर की रेड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 50 से अधिक अफसर व कर्मचारियों की टीम पहुंची

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी के विधायक उमाशंकर सिंह के गोमतीनगर स्थित आवास और कार्यालय पर बुधवार सुबह आयकर विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई की।

रसड़ा (बलिया) से विधायक उमाशंकर सिंह बसपा के वर्तमान में एकमात्र विधायक हैं, जिससे यह कार्रवाई राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की 50 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और आवास तथा कार्यालय में दस्तावेजों, वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य संबंधित सामग्रियों की जांच शुरू की। टीम द्वारा सभी आवश्यक कागजातों और लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। फिलहाल आयकर विभाग की ओर से छापेमारी के कारणों या किसी बरामदगी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। यह कार्रवाई राजनी. तिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि उमाशंकर सिंह कैंसर से पीड़ित हैं और उनके दो ऑपरेशन हो चुके हैं। वर्तमान में वे अपने लखनऊ स्थित आवास पर आइसोलेशन में रह रहे हैं।

# यूपी में वक्फ बोर्ड विवाद हाईकोर्ट ने किया खारिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ शिया-सुन्नी एकीकरण की मांग पर दाखिल हुई थी याचिका

**लखनऊ।** शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी ने अधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में जानकारी साझा करते हुए बताया कि जितेंद्र नारायण त्यागी (पूर्व नाम वसीम रिजवी) द्वारा प्रदेश में शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड को एक करने तथा मौजूदा बोर्ड को भंग करने की मांग को लेकर दायर याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने खारिज कर दिया है।

दूसरी ओर इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी उर्फ वसीम रिजवी ने कहा कि पूरे देश में केवल उत्तर प्रदेश और बिहार ऐसे राज्य हैं, जहां शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड अलग-अलग गठित हैं, जबकि अन्य राज्यों में एक ही मुस्लिम वक्फ बोर्ड कार्यरत है। उन्होंने अपने पक्ष में दलील देते हुए कहा कि वक्फ अधिनियम 1995 में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि किसी राज्य में शिया वक्फ की संख्या कुल वक्फ संपत्तियों की संख्या का 15 प्रतिशत या उससे अधिक हो, अथवा कुल वक्फ आय में शिया वक्फ की आय 15 प्रतिशत या उससे अधिक हो, तो राज्य सरकार चाहे तो शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड अलग-अलग गठित कर सकती है। त्यागी का दावा है कि अधिकृत आंकड़ों के अनुसार शिया वक्फ की संख्या मात्र 2 से 2.5 प्रतिशत के बीच है और आय भी 1 से 2 प्रतिशत के आसपास है। ऐसे में दो अलग-अलग बोर्डों का संचालन वक्फ अधिनियम 1995 और उसके बाद हुए संशोधनों की भावना के विपरीत है ।

### भीख मांगना गंभीर सामाजिक समस्या : न्यायमूर्ति सारंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सदस्य न्यायमूर्ति डा. बिद्युत रंजन सारंगी ने भीख मांगने की प्रथा को समाप्त करने की वकालत करते हुए कहा कि यह एक सामाजिक बुराई है और देश में यह एक गंभीर समस्या बनी हुई है। न्यायमूर्ति सारंगी ने 'भिक्षावृत्ति पर पुनर्विचार: नीति, व्यवहार और गरिमा के बीच की खाई को पाटना' विषय पर हाइब्रिड मोड में खुली चर्चा की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भीख मांगना एक सामाजिक बुराई है और देश में यह एक गंभीर समस्या बनी हुई है। आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत में भी भीख मांगने की समस्या का बने रहना एक गहरी संरचनात्मक और सामाजिक चुनौती को दर्शाता है, जिस पर तत्काल और निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# नेहरू-गांधी परिवार कर रहा समझौते की राजनीति

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ भाजपा ने कांग्रेस पर बोला तीखा हमला

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को विपक्षी दल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर 'समझौते की राजनीति' करने का आरोप लगाया है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला करते हुए उन्होंने कांग्रेस शासित सरकारों को कम्प्रोमाइज्ड यानी समझौते वाली सरकारें बताते हुए कहा कि पार्टी और गांधी परिवार ने बार-बार राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता किया है। श्री गोयल ने कहा कि बुधवार सुबह भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना में संवाददाता सम्मेलन के दौरान गांधी परिवार की राजनीति पर सवाल उठाए थे और बताया था कि यह परिवार समझौते की राजनीति करता रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान दोनों ही ऐसे उदाहरणों से भरे पड़े हैं, जिनसे पता चलता है कि विदेशी प्रभावों के कारण जनहित और राष्ट्रहित प्रभावित हुआ। राहुल गांधी नकारात्मक राजनीति के प्रतीक बन चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी बार-बार विदेश यात्राएं करते हैं, प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हैं और देश के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले बयान देते हैं। उलद्दाख जैसे संवे. दनशील सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरों और विदेशी व्यक्तियों से संपर्कों को लेकर कांग्रेस को देश के सामने स्पष्टता देनी चाहिए।

### मोदी सरकार पर बरसे योगी के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

समधी पर इनकम टैक्स के छापे से नाराज

**लखनऊ।** योगी सरकार के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बहुजन समाज पार्टी के विधायक उमाशंकर सिंह के घर आयकर के छापे के मामले में अपना विरोध जताया। उमाशंकर सिंह और दिनेश प्रताप सिंह आपस में समधी हैं। बसपा के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह के अलग-अलग ठिकानों पर आयकर विभाग ने बुधवार को छापेमारी की है। उमाशंकर सिंह मायावती के नजदीकी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी काफी नजदीकी बताए जाते हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने फिलहाल ब्राह्मणों की राजनीति शुरू की है, जिससे भारतीय जनता पार्टी के माथे पर शिकन है। उमाशंकर सिंह के खिलाफ आयकर छापे को इस मामले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। दिनेश प्रताप सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि उमाशंकर सिंह विद्यायक रसड़ा जनपद बलिया जिनके घर में मेरी बेटी ब्याही है, के घर में आज आयकर विभाग रेड कर रहा है। देश-प्रदेश के राजनेता आयकर सहित सभी संस्थाओं को पता है कि उमाशंकर सिंह दो वर्ष से अधिक से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में उमाशंकर सिंह के लिए धनार्जन नहीं सांसे बचाने में ही सारा समय और धन व्यय हो रहा हैं। सभी व्यवसाय लगभग बंद हो गए हैं। वे आइसोलेशन में हैं, विधानसभा का सत्र एक विधायक के लिए महत्वपूर्ण होता है, लेकिन एक घंटे के लिए भी नहीं जा सके। इस समय उनके घर पर नर्स या डॉक्टर को भी जाने की अनुमति नहीं है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 82276.07
निफ्टी 25482.50



सोना 160754
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 269367
प्रति किलो



# बढ़त के साथ शेयर बाजार हुए बंद

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही। आईटी, ऑटो, फार्मा और धातु कंपनियों में जोरदार लिवाली के समर्थन से बीएसई का सेंसेक्स 50.15 अंक (0.06 प्रतिशत) ऊपर 82,276.07 अंक पर और निफ्टी-50 सूचक. ांक 57.85 अंक यानी 0.23 प्रतिशत चढ़कर 25,482.50 अंक पर बंद हुआ।

पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक टूटे थे। एफएमसीजी, सार्वजनिक बैंकों, रियलटी और तेल एवं गैस सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। अन्य एशियाई बाजारों में रही तेजी से शुरुआती कारोबार में घरेलू बाजारों में भी निवेश धारणा मजबूत रही। सेंसेक्स सुबह 732 अंक की बढ़त बनाता हुआ 82,957 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज में गिरावट के दबाव में बाद में इसकी बढ़त सीमित रह गई। बड़ी कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 0.66 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.94 प्रतिशत चढ़ गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील के शेयर ढाई फीसदी से ज्यादा चढ़े। टीसीएस में दो प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही। इंडिगो, सनफार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। बीईएल, एलएंडटी, पावरग्रिड, टाइटन, हिदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सवा दो प्रतिशत गिर गया। भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स, इटरनल, भारती एयरटेल और आईटीसी के शेयर भी एक से दो फीसदी नीचे बंद हुए। कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक में भी गिरावट रही।

# चांदी 2.69 लाख पर पहुंची सोना भी 1.61 लाख के पार

**नई दिल्ली।** बुधवार सुबह सोने और चांदी की कीमतों में अचानक बड़ी तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स पर आज सुबह 2 अप्रैल की एक्सपायरी वाला सोना 785.00 की बढ़त के साथ 1,60,754.00 पर पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत आज 6,455 रुपए बढ़कर 2,69,367 रुपए पर पहुंच गई है। कल इसकी कीमत 2,62,912 रुपए किलो थी। इसके साथ ही दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में 22कैरेट और 24 कैरेट सोने के भाव में उतार-चढ़ाव जारी है। सोने में ये लगातार तीसरे कारोबारी दिन बढ़त है। तीन दिनों में ये 5,000 बढ़ चुका है।

इस साल सोना 27,000 रुपए और चांदी 39,000 रुपए महंगी हुई। सोना 2026 में अब तक 27,000 रुपए और चांदी 39,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। दुनिया के केंद्रीय बैंक लगातार बहुत ज्यादा सोना खरीद रहे हैं। वे डॉलर पर कम निर्भर होना चाहते हैं, इसलिए सोने को रिजर्व में डाल रहे हैं। अमेरिकी फेड से इस साल ब्याज दरें घटाने के संकेत दिए हैं। दरें कम होने पर गोल्ड जैसी चीजों की डिमांड बढ़ जाती है। जियो पॉलिटिकल टेंशन (मिडिल ईस्ट, ईरान-अमेरिका, अन्य वैश्विक विवाद) बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में लोग सुरक्षित निवेश के लिए सोने-चांदी को अपना रहे हैं।

# चावल, चीनी, गेहूं के भाव टूटे खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 17 रुपये गिरकर 3,841 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं का भाव पांच रुपये घटकर 2,844 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

आटा कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रहा। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल की औसत कीमत 28 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 21 रुपये और तुअर दाल 17 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल में आठ रुपये की गिरावट देखी गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा एक रिंगिट टूटकर 4,052 रिंगिट प्रति क्विंटल पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.51 प्रतिशत की गिरावट में 60.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 58 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 43 रुपये और सरसों तेल 27 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में टिकाव रहा। वहीं, सूरजमुखी तेल 26 रुपये और पाम ऑयल 16 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। गुड़ के औसत भाव 26 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए। चीनी भी छह रुपये सस्ती हुई। दाल चना 7756.54 रुपये, मसूर काली 8086.78 रुपये, मूंग दाल 10119.22 रुपये, उड़द दाल 10709.71 रुपये, तुअर दाल 11146.04 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2844.10 रुपये और चावल 3841.39 रुपये प्रति क्विंटल और आटा गेहूं 3306.93 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4291.77 रुपये और गुड़ 4959.97 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। सरसों तेल 17660.20 रुपये, मूंगफली तेल 18322.24 रुपये, सूरजमुखी तेल 16521.92 रुपये, सोया तेल 14102.51 रुपये, पाम ऑयल 12729.72 रुपये और वनस्पति 14508.57 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

ज्यूडीशियल करप्शन...

में किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। यह एक सोची-समझी और गहरी साजिश लगती है। मुझे पता है इससे कैसे निपटना है।मैं यह केस खुद हैंडल करूंगा। हम इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहते। एनसीईआरटी चेयरमैन दिनेश प्रसाद सकलानी का इस मुद्दे पर कोई जवाब नहीं आया है। काउंसिल के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि मामला अब कोर्ट में विच. ाराधीन है। इसलिए वे इस मुद्दे पर कुछ भी नहीं बोंलेंगे। इस बीच सरकारी सूत्रों ने कहा कि भले ही एनसीईआरटी एक ऑटोनामस संस्था है, लेकिन चैप्टर जोड़ने से पहले अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए था।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि अगर भ्रष्टाचार का मुद्दा शामिल करना था, तो उसमें शासन के तीनों अंगों- कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका को भी जोड़ा जाना चाहिए था। सरकारी सूत्रों ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित आंकड़े संसदीय अभिलेखों और नेशनल ज्यूडीशियल डेटा ग्रिड में मौजूद हैं, लेकिन फैक्ट्स के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए केंद्र से परामर्श नहीं लिया गया। एनसीईआरटी ने 23 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटी- इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडीशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार, बड़ी संख्या में पेंडिंग मामले और जजों की भारी कमी ज्यूडीशियल सिस्टम के सामने प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं। जज आचार संहिता से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है, बल्कि कोर्ट के बाहर उनके आचरण को भी तय करती है। किताब के एक सेक्शन का टाइटल का मतलब है- इंसाफ में देरी इंसाफ न मिलने जैसा है।

योगी के...

और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। कंपनी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और निर्माण उपकरण के साथ साथ जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान जैसे पाइप, पंप और ट्रीटमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भी कार्यरत है। एस्कार्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ सहयोग के माध्यम से कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार और फार्म मैकेनाइजेशन क्षेत्र में उपस्थिति को मजबूत कर रही है। मिंडा कॉरपोरेशन, जो स्पार्क मिंडा समूह का हिस्सा है, ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में अग्रणी भारतीय कंपनी है। यह मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री जिसे जेएई के नाम से जाना जाता है, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस सेक्टर के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस समाधान में विशेषज्ञता रखती है। नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, एक विविधिकृत जापानी ट्रेडिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है। इन कंपनियों के बीच सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। सीको एडवांस जापान मूल की कंपनी है, जो उच्च प्रदर्शन स्क्रीन प्रिंटिंग इंक और कोटिंग सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है। इसके उत्पाद ऑटोमोटिव डीकल्स, इंडस्ट्रियल ग्राफिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स पैनल, ग्लास प्रिंटिंग और कंज्यूमर अप्लायंसेज में उपयोग होते हैं। कंपनी भारत में अपनी विनिर्माण इकाई के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को आपूर्ति कर रही है। इसके अतिरिक्त ओ एंड ओ ने हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश को लेकर समझौता किया। पहले दिन हुए इन समझौतों को भारत और जापान के बीच औद्योगिक सहयोग को नई गति देने वाला कदम माना जा रहा है।

### युकां का प्रदर्शन राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के खिलाफ: नागरिक मंच

**नई दिल्ली।** देश के प्रबुद्ध नागरिकों ने यहां भारत मंडपम में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के 'शर्ट हटाकर' प्रदर्शन करने पर चिंता व्यक्त की है और इस घटना को राष्ट्रीय गरिमा के विरुद्ध और वैश्विक मंच पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है। प्रबुद्ध नागरिकों के इस समूह ने बयान में समन्वयक के रूप में न्यायमूर्ति एस एन धींगरा (पूर्व न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय) और बीएल वोहरा, आईपीएस (पूर्व डीजीपी, त्रिपुरा एवं डीजी, एसएसबी) के नाम दिए हैं। इन्होंने युकां के प्रदर्शन को गलत बताया और कहा जब विश्व के प्रमुख टेक्नोलॉजी लीडर, वैश्विक सीईओ और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भारत की प्रगति को देखने के लिए उपस्थित थे, उस समय इस प्रकार का प्रदर्शन देश की छवि को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नुकसान पहुंचाने वाला है। इसे एक उच्चस्तरीय कूटनीतिक और तकनीकी मंच का अनुचित उपयोग बताते हुए कहा गया है कि इस तरह की राजनीति राष्ट्रीय प्रतिष्ठा से अधिक व्यक्तिगत प्रचार को प्राथमिकता देती है।ष प्रबुद्ध वरिष्ठ नागरिकों का आरोप है कि यह विरोध स्वतघ्स्फूर्त न होकर पूर्व नियोजित था। इसमें बयान में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों ने वैध प्रतिभागी के रूप में क्यूआर कोड के जरिए अत्यंत सुरक्षित अंतर्राष्ट्रीय बैठक स्थल में प्रवेश किया और बाद में कपड़े उतारकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

# पांच चालान कटे, तो लाइसेंस होगा रद्द

■ ट्रैफिक नियम तोड़ना पड़ेगा बहुत भारी

■ रद्द करने से पहले भेजा जाएगा नोटिस

**नई दिल्ली।** देश की सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं और ड्राइवरों के बेपरवाह रवैये को सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक और बेहद सख्त कदम उठाया है। सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन (द्वितीय संशोधन) नियम 2026 लागू कर दिया है, जिसके तहत ट्रैफिक नियमों में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। अब आपका ड्राइविंग लाइसेंस केवल किसी बड़े हादसे के बाद ही नहीं, बल्कि छोटी-छोटी गलतियों को बार-बार दोहराने पर भी रद्द कर दिया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार नए नियमों का सबसे बड़ा प्रहार ड्राइवरों के व्यवहार पर है। अब तक नियम केवल जुर्माना भरने तक सीमित थे, लेकिन अब सरकार ने इसे बिहेवियरल कंट्रोल (व्यवहार नियंत्रण) से जोड़ दिया है। नए कानून के मुताबिक यदि कोई ड्राइवर एक साल के भीतर 5 बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है, तो परिवहन विभाग के पास उसका लाइसेंस निलंबित या हमेशा के लिए रद्द करने का पूरा अधिकार होगा। सरकार ने कुल 24 प्रकार के ट्रैफिक अपराधों की पहचान की है, जिन्हें अब बेहद गंभीरता से लिया जाएगा। खास बात यह है कि अब छोटी गलती या बड़ी गलती के बीच का फर्क खत्म कर दिया गया है। ये गलतियां तय सीमा से अधिक रफ्तार में गाड़ी चलाना, सीट बेल्ट या हेलमेट न पहनना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करना, ट्रैफिक सिग्नल (लाल बत्ती) का उल्लंघन करना, गलत दिशा में गाड़ी चलाना और बिना वैध दस्तावेजों (बीमा या प्रदूषण प्रमाण पत्र) के सड़क पर निकलना चालान का आधार बनेंगी। अब सड़कों पर पुलिस हो या न हो, आपकी हर गलती पकड़ी जाएगी। हाई-टेक एनएनपीआर कैमरे, सीसीटीवी और ई-चालान सिस्टम के जरिए सारा डेटा सीधे वाहन और सारथी पोर्टल पर जमा होगा। जैसे ही किसी ड्राइवर की पांचवीं गलती दर्ज होगी, संबंधित आरटीओ को ऑटोमैटिक अलर्ट मिल जाएगा। लाइसेंस रद्द करने से पहले ड्राइवर को एक कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा, जिसमें उसे अपनी सफाई देने का मौका मिलेगा। यदि जवाब संतोषजनक नहीं हुआ, तो लाइसेंस हमेशा के लिए जा सकता है।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



08 वां रोज़ा इफ्तार
26 फरवरी गुरूवार
सुन्नी...................... 06:19
शिया...................... 06:31

09 वां रोज़ा सहरी
27 फरवरी शुक्रवार
सुन्नी...................... 05:19
शिया...................... 05:27



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल


# रामराज में दिनदहाड़े युवक को गोलियों से भूना

## जेल से छुटकर आए युवक ने की सरेआम हत्या, मौके पर पुलिस बल तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/मीरापुर।** जनपद में प्रेम, मोहब्बत और अवैध संबंधों को लेकर लगातार लोग अपने हाथों को खून से रंग रहे है कही अपने ही अपनों का कत्ल कर सनसनी फैला रहे है तो कुछ शक में हत्या करने से पीछे नहीं हट रहे है जनपद में अब तक करीब आधा दर्जन से अधिक ऐसी घटनाएं हो चुकी है कि कहीं पति ने पत्नी को कत्ल कर डाला तो कही बेटिया अपने पिता के खून से हाथ रंग रही है तो कही प्रेम संबंधों के टोकने पर बहन अपने भाई के पूरे परिवार के सफाई की योजना बनाकर भतीजी को मौत के घाट उतार देती है और भाई-भतीजो को कत्ल करने का प्रयास करती है। कुल मिलाकर प्यार के जुनून, शक, मोहब्बत में रोड़ा बनने पर कत्ल होने की लगातार घटनाएं सामने आ रही है। बुधवार को भी रामराज थाना क्षेत्र में एक दुस्साहस घटना हुई जिससे पूरा क्षेत्र दहल उठा।

पत्नी के अवैध संबंधों के शक में जेल से छुटकर आए युवक ने एक युवक को दिन दहाडे गोलियों से छननी कर नृशंस हत्या कर दी। गोली इतनी नजदीक से चलाई गई कि मृतक को भागने का भी मौका नहीं लगा। सरेआम हत्या कर आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन की।

बताया जाता है कि बुधवार की सवेरे रामराज क्षेत्र में एक युवक को गोली का निशाना बनाया जाता है। आरोपी ने अपने हथियार से इतनी गोलिया उगली के मृतक का शरीर छननी हो गया। कुछ ही देर में मृतक के खून से घटना स्थल पूरा तरह रंग चुका था। एक साथ ताबडतोड चली कई गोलियों से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कुछ देर तक तो लोग यह नहीं समझ पाए कि आखिर माजरा क्या है, लेकिन कुछ समय बाद ही यहां पर एक युवक का खुन से लथपथ सड़क पर शव देखा तो लोगों के रोंगटे खडे हो गए। सूचना के कुछ देर बाद ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए जहां मृतक की पहचान सुनील पुत्र कश्मीर सिंह निवासी जाटव चौक रामराज ढाल के रूप में हुई। बताया जाता है कि सुनील कुमार घर से कुछ सामान खरीदने के लिए बाजार में आया था जहां अचानक ही उस पर गोलियां बरसनी शुरू हो गई।

प्रत्यदर्शियों का कहना है कि करीब कई राउड गोलियां चली जहां सुनील की कनपटी, सिने और कमर में गोलियां धंस गई, हालांकि अभी तक क्षेत्र के लोग इस संबंध में कुछ कहने को तैयार नहीं है, लेकिन पुलिस की जांच में यह आ रहा है कि प्रेम प्रसंग और रंजिश के चलते वारदात की गई है। आरोपी कुछ दिन पूर्व ही जेल से छुटकर आया था और वह सुनील की तलाश में घुम रहा था कुल मिलाकर अभी इस मामले में तरह-तरह की चर्चाए है, लेकिन एतिहात के तौर पर मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रभारी निरक्षक रवेन्द्र सिंह यादव का कहना है कि इस संबंध में अभी साक्ष्य जुटाए जा रहे है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही शुरू की जाएगी।

### हत्या के बाद चश्मा पहना और सिगरेट पीते हुए बाइक पर हुआ फरार

**मुजफ्फरनगर।** रामराज में दिन दहाडे हुई युवक की हत्या एक फिल्मी अंदाज में हुई है। मडर का आरोपी पहले से ही बाजार में घुम रहा था। जैसे ही उसने युवक को देखा तो प्रत्यदर्शियों का कहना है कि उसकी अंटी में तीन तमंचे लगे हुए थे एक-एक करके तीनों तमंचे से गोलिया चलाई और एक गोली बाद में तमंचे में भरकर युवक को मारी गई। गोली की बौछार करने वाले युवक के चेहरे पर जरा भी डर व शिकन नहीं थी उसने वारदात को अंजाम देकर चश्मा पहना और सिगरेट सिलगाने के बाद बाइक पर सवार हुआ युवक ने बाइक में किक मारी और आराम से भीड़ के सामने ही फरार हो गया। लोगों का कहना है कि विगत दिवस हत्याका आरोपी मृतक के घर के भी गया था, लेकिन उस समय उसको वारदात करने का मौका नहीं मिला, लेकिन वह शायद सुनील के खातमे की कहानी लिख चुका था और जिस तरह घटना को अंजाम दिया गया है उस से साफ हो रहा है कि हत्यारोपी के दिल में रंजिश पल रही थी और उसने भरी भीड़ में अपना जुनून उतारा।

# मंत्री ने शिक्षकों के धरने पर पहुचंकर डीएम से की बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय पर शिक्षकों ने रात को धरना दिया। विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे इस धरने की सूचना मिलने पर यूपी सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल देर रात करीब 12 बजे शिक्षकों के बीच पहुंचे।

शिक्षकों से बातचीत के बाद मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बीएसए की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने तत्काल जिलाधिकारी को फोन कर बीएसए के खिलाफ जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए।

दरअसल, मंगलवार को सैकड़ों शिक्षक बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के कार्यालय पहुंचे थे। वे प्रत्येक शिक्षा समीक्षा को निलंबित करने की मांग को लेकर बीएसए को ज्ञापन देना चाहते थे। शिक्षकों का आरोप है कि बीएसए संदीप कुमार ने न तो बाहर आकर ज्ञापन लिया और न ही उनसे कोई बातचीत की। इससे नाराज होकर सभी शिक्षक कार्यालय परिसर में ही धरने पर बैठ गए। शाम होते-होते बीएसए सहित कार्यालय के सभी कर्मचारी चले गए, लेकिन शिक्षकों का धरना रात में भी जारी रहा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मीडिया से बात करते हुए बीएसए की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी का यह कार्यालय लगातार 'लड़ाई का अखाड़ा' बना रहता है, जिससे कार्यालय और शासन दोनों की छवि खराब हो रही है। मंत्री ने जोर दिया कि अधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह स्थिति को सुधारे या संबंधित अधिकारी को अवगत कराए। उन्होंने जिलाधिकारी से तत्काल जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# गरीबों की झुग्गियां हटवाने पर भड़के विधायक

## मौके पर पहुंचकर रुकवाया पालिका का अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** झुग्गी झोपड़ियों को हटवाने पहुंची नगरपालिका की टीम को उस समय विरोध का सामना करना पड़ा, जब क्षेत्र से गुजर रहे सपा विधायक पंकज मलिक मौके पर पहुंच गए। उन्होंने प्रशासन पर गरीबों के प्रति पक्षपातपूर्ण मानसिकता से कार्य करने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि बिना वैकल्पिक आवास की व्यवस्था किए किसी भी परिवार को बेघर किया गया, तो वे स्वयं उनके साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। दरअसल शहर के शामली रोड



स्थित काली नदी पुल के समीप पुल के किनारे बसे झुग्गी-झोपड़ी निवा. सियों को हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। ये परिवार लंबे समय से सड़क किनारे अस्थायी आशियाना बनाकर रह रहे हैं और आसपास सब्जी आदि बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। पालि. का का अतिक्रमण दस्ता मौके पर पहुंचकर झुग्गियों को हटाने की तैयारी में था।

इसके कारण यहां पर परिवारों ने टीम का विरोध किया और भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे सपा विधायक पंकज मलिक ने अपना काफिला रुकवाया और सीधे प्रभावित परिवारों के बीच पहुंच गए। उन्होंने लोगों की पीड़ा सुनी और तत्काल पालिका टीम की कार्रवाई रुकवा दी। उन्होंने पालिका टीम को वहां से बैरंग लौटाया और परिवारों को भरोसा दिया कि उनका आशियाना उजड़ने नहीं दिया जायेगा।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक प्रत्येक परिवार के लिए रहने की समुचित और सम्मानजनक वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक किसी भी हालत में उन्हें न हटाया जाए और न ही परेशान किया जाए। विधायक ने कहा कि यहां परिवार सहित रह रहे गोपाल सिंह समेत अन्य महिलाओं और पुरुषों को उजाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिना व्यवस्था के दोबारा कार्रवाई की गई तो वे स्वयं इन परिवारों के साथ धरने पर बैठेंगे।मौके पर हुई इस बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है। विधायक ने इसे अपने फेसबुक पृष्ठ पर साझा किया है, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है।

# अध्यापक की हत्या में सिपाही को हुई उम्र कैद की सजा, लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अध्यापक की हत्या में आरोप सिद्ध होने पर कोर्ट ने सिपाही को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने उस पर एक लाख रूप्ये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन के अनुसार 17 मार्च 2024 को एसडी इंटर कॉलेज के बाहर परीक्षा बोर्ड की कॉपिया लाई गई थी कॉपिया लाने वाली टीम में अध्यापक धर्मेन्द्र कुमार के साथ सिपाही चन्द्र प्रकाश यादव को भेजा गया था। उस समय किसी बात को लेकर धमेन्द्र कुमार और सिपाही चन्द्र प्रकाश के बीच कहासुनी हो गई थी इसी बीच सरकारी हथियार से चली गोली से धमेन्द्र कुमार की मौत हो गई थी जहां सिपाही चन्द्र प्रकाश यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। सिविल लाइन पुलिस ने घटना के दिन ही सिपाही चन्द्र प्रकाश यादव को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने इस मामले की छानबीन कर और विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र 18 मई 2024 को किया गया और गिरफ्तारी 19 मार्च 2024 की गई थी। यह मामला विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट में विचाराधीन था। मुकदमे की पैरोकारी एडीजीसी प्रविन्द्र कुमार व नरेश शर्मा द्वारा की जा रही थी। इस मामले में कोर्ट में घटना से संबंधित सबूत व गवाह पेश किए गए। दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं ने अपने-अपने तर्क भी रखे। न्यायधीश ने इस मामले को गंभीरता से सुना और कोर्ट मे पेश की गई दलीले और सबूत व गवाहों के आधार पर हत्या का आरोप सिद्ध होन पर सिपाही चन्द्र प्रकाश यादव को धारा 302, 504 आईपीसी व एससी-एसटी एक्ट में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पाएगए सिपाही पर एक लाख रूपये का जुर्माना भी किया है।

### जेडी ने परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग परखी

**मुजफ्फरनगर।** बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था को अचानक परखने पहुंचे मेरठ मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) संस्त्राशु सुमन ने डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर यहां बनाए गए स हाईटेक कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। अचानक हुए इस निरीक्षण से शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि परीक्षा के समय एक भी केंद्र 'ऑफलाइन' मोड में नहीं दिखना चाहिए। यदि किसी केंद्र का कैमरा बंद मिला, तो संबंधित के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा चल रही जिसको नकल विहीन संपन्न कराने के लिए शासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। बुधवार को जेडी ने कंट्रोल रूम पहुंचते ही सबसे पहल सर्वर और मॉनीटरिंग व्यवस्था की गहनता से पड़ताल की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा नकल विहीन परीक्षा की है, जिसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी तकनीकी खराबी या परीक्षा केंद्रों पर होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की सूचना बिना समय गंवाए तत्काल उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए।

# लोक सेवक बताकर अवैध वसूली में 8 दबोचे

## भारत सरकार लिखी गाड़ी में हाईवे रोड़ सेफ्टी के नाम पर वाहन चालकों से करते थे वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे शातिरा गिरोह का खुलासा किया है जो जनपद मुजफ्फरनगर और सहारनपुर सीमा पर अधिकारी बनकर रिफ्लेक्टर के नाम पर वाहन चालकों से अवैध वसूली कर रहे थे। यह गिरोह रोहाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे रोड सेफ्टी के नाम पर वसूली करते थे जिसमें पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से जाली कागजात मिले है और यह लोग 100 रूपये लेकर 400 रूपये तक की वसूली करते थे और इस अवैध वसूली में यह भारत सरकार लिखी गाडी इस्तेमाल कर रहे थे।

पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली पुलिस ने धीरेन्द्र सिंह पुत्र रामभुल सिंह निवासी अनवरपुर थाना पिलकुआ जिला हापुड, गुल. वीर राणा पुत्र सुखपाल निवासी सिंधडा पट्टी थाना दोघट जिला बागपत, शिवदीप त्यागी पुत्र अशोक त्यागी निवासी ग्राम पिलाना बागपत, मंगेशपाल पुत्र भरत सिंह पाल निवासी ग्राम नानू मंझोला थाना लोनी गाजियाबाद, वरूण खोकर पुत्र ऋषिपाल खोकर निवासी सादरा दिल्ली, विजय कुमार पुत्र राजकुमार निवासी कंकरखेडा, गौरख कुमार पुत्र जगपाल सिंह निवासी इंदा कॉलौनी थाना सिविल लाइन और अनुज कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी फतेहपुर जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया। उन्होने बताया कि यह गिरोह सहारनपुर बोर्ड पर भारत सरकार लिखी गाडी में सवार होकर अपने को अधिकारी बताते हुए रिफ्लेक्टर के नाम पर वाहन चालकों से अवैध वसूली कर रहे थे। इसी शिकायत के आधार पर एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने एक टीम बनाई और कोतवाली पुलिस ने इस गिरोह की घेराबंदी कर आठ लोगों को गिरफ्तार किया। यह लोग हाईवे पर परिवहन विभाग के लोक सेवक बताकर अवैध वसूली करते थे। पकडे गए आरोपियों के कब्जे से तीस फर्जी पीली पर्ची, 44 फर्जी नीली पर्ची और 26 लाल पर्ची फर्जी, संकेतिक पर्ची सफेद रंग की, 23 रिफ्लेक्टर और 52 हजार रूपये से अधिक की नगदी बरामद हुई है। यह गिरोह काफी समय से इस तरह की अवैध वसूली कर रहा था। बता दे कि जनपद में पकडा गया यह गिरोह कोई पहली घटना नहीं है इससे पहले भी इस तरह के गिरोह को पुलिस जेल भेज चुकी है।



मुजफ्फरनगरः बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण करते अपर जज व न्यायिक मजिस्ट्रेट।

# राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर संस्था का निरीक्षण किया

**मुजफ्फरनगर।** अपर जज (एफटीसीएए) कमलापति प्रजापति, अपर जज दिव्या भार्गव, न्यायिक मजिस्ट्रेट, अंनिका चौधरी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. सत्येंद्र चौधरी द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर मु. संस्था का निरीक्षण किया गया। संस्था में निरुद्ध किशोर की पत्रावली एवं कार्यालय पत्रावली का अवलोकन किया गया। संस्था निरुद्ध किशोरो से एक-एक कर संस्था में रहन-सहन, शिक्षा व्यवस्था और उनकी किस विषय में रुचि है के विषय में जानकारी ली गई और एक किशोर द्वारा अपनी द्वारा बनाई चित्रकला पेंटिंग माननीय को दिखाई गई, माननीय द्वारा किशोर की प्रतिभा को सुनाया गया। निरीक्षण के समय संस्था प्रभारी मोहित कुमार, कंप्यूटर अध्यापक विक्रांत वर्मा, सहायक अध्यापक राकेश कुमार, परामर्शदाता मती बिलकिस जहां एवं संस्था कर्मचारी नीरज कुमार, तथा समस्त सुरक्षा बल उपस्थित रहा।

# शहर में जाम को लेकर डीएम का कड़ा रुख

- महावीर चौक पर बसों का ठहराव पूर्णत:बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भीषण जाम की समस्या से जूझ रहे शहर को राहत दिलाने के लिए डीएम ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए हुए यातायात व्यवस्था को सुखढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इन फैसलों से शहर की यातायात प्रणाली में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

बुधवार को कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने यातायात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहर में आए दिन लगने वाले भीषण जाम की स्थिति पर बिंदुवार चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में



प्रवेश करने वाली रोडवेज बसों के अनियंत्रित संचालन पर अंकुश लगाया जाएगा। निर्णयों के अनुसार बैठक में तय किया गया कि मेरठ के भैंसाली डिपो से मुजफ्फरनगर के लिए संचा. लित होने वाली रोडवेज बसें प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक बहलना चौक से संचालित होंगी। रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक ही बसों को शहर क्षेत्र में प्रवेश एवं संचालन की अनुमति होगी। यह व्यवस्था दिन के व्यस्त समय में शहर के मुख्य चौराहों पर यातायात दबाव कम करने के उद्देश्य से लागू की जा रही है। उन्होंनेअधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि रोडवेज बसें महावीर चौक एवं जीआईसी मैदान तक न तो कोई सवारी उतारेंगी और न ही बैठाएंगी। सभी बसों को जानसठ पुल के नीचे निर्धारित एवं उपयुक्त स्थान पर ही यात्रियों को उतारने और बैठाने के निर्देश दिए गए हैं, बशर्ते कि मार्ग अवरुद्ध न हो। बैठक में यह भी अपेक्षा व्यक्त की गई कि सभी बस चालक एवं संबंधित विभाग पूर्ण सहयोग प्रदान करें, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके।बैठक में पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़, क्षेत्राधिकारी यातायात रविंद्र प्रताप सिंह, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह, रोडवेज सहायक प्रबंधक प्रभात कुमार सिन्हा, यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक मौजूद रहे।




# सीओ ने डीजे संचालकों के साथ की मीटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना के परिसर में बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने बुधवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री को साथ लेकर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के लगभग सभी डीजे संचालकों के साथ होली पर्व के मद्देनजर एक आवश्यक मीटिंग अपने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आयोजित की।

जिसमें सीओ ने होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश डीजे संचालकों को दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे होली पर्व पर अश्लील गाने ना बजाएं और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रित कर प्रशासन के नियमों का पालन करेंगे और इसके साथ ही हुड़दंग करने वाले और शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षाएं चल रही हैं। तेज आवाज में डीजे बजाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा प्रभावित हो सकती है। उन्होंने सभी संचालकों को केवल मध्यम ध्वनि में ही डीजे बजाने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अत्यधिक तेज ध्वनि स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक साबित हो सकती है। इससे दिल के मरीजो, वृद्धों व बच्चों को परेशानी होती है। जान का खतरा भी बन जाता है। होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। डीजे संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे किसी भी हुड़दंग पार्टी को डीजे न दें। होली वाले दिन सड़कों पर डीजे ना दिखे। नियमों का उल्लंघन करने पर डीजे जब्त कर कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल ने डीजे संचालकों कहा वे होली का त्योहार आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाएं। प्रशासन का सहयोग करें। नियमों का पालन न करने वाले कार्रवाई के लिए तैयार रहें। यहां रवि, सौरभ, नदीम, सोनू, फकीरा, अफजाल, बिलाल, गुलजार, इमरान आदि डीजे संच. ालक और उनके सहयोगी भी मोज. ूद रहे।



# खतौली में गूंजी बीते वक्त की खनक: चवन्नी-अठन्नी की प्रदर्शनी बनी यादों का संगम

**खतौली।** डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के इस आधु. निक दौर में जहां रुपयों का लेनदेन मोबाइल स्क्रीन पर सिमट गया है।

वहीं खतौली में बुधवार को पुराने सिक्कों की खनक ने लोगों को अतीत की गलियों में पहुंचा दिया। नगर निवासी सुनील जैन द्वारा आयोजित चवन्नी (25 पैसे) और अठन्नी (50 पैसे) सहित पुराने सिक्कों की प्रदर्शनी ने बचपन की यादों को ताजा कर दिया।

सुनील जैन के निजी संग्रह में दशकों पुराने विभिन्न डिजाइनों और वर्षों के सिक्के शामिल हैं। प्रदर्शनी में पाँच पैसे, दस पैसे, बीस पैसे, पच्चीस पैसे, पचास पैसे और गिल्ट के दुर्लभ सिक्के आकर्षण का केंद्र बने रहे। कई सिक्कों पर उस समय की सरकारी मुहर और राष्ट्रीय प्रतीक स्पष्ट रूप से अंकित हैं, जो उस दौर की आर्थिक और सामाजिक झलक पेश करते हैं। सुनील जैन ने बताया कि उन्हें बचपन से ही पुराने सिक्के और ऐतिहासिक वस्तुएं संजोने का शौक है। वर्षों की मेहनत से उन्होंने यह संग्रह तैयार किया है। उनके अनुसार, ये सिक्के सिर्फ धातु नहीं, बल्कि उस समय की सादगी, मूल्य और जीवनशैली के साक्षी हैं। चवन्नी और अठन्नी में कभी बच्चों की छोटी-छोटी खुशियां पूरी हो जाया करती थीं।



## स्थायी प्रदर्शनी की योजना

सुनील जैन ने बताया कि उनका उद्देश्य इस संग्रह को केवल निजी शौक तक सीमित रखना नहीं है। वे भविष्य में और दुर्लभ सिक्के जुटाकर एक स्थायी प्रदर्शनी लगाने की योजना बना रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग बीते दौर की इस विरासत से रूबरू हो सकें। प्रदर्शनी के दौरान लोगों की आवा. जाही लगातार बनी रही। कई आगंतुकों ने सिक्कों के साथ तस्वीरें खिंचवाई और इस अनूठे प्रयास की सराहना की। यह आयोजन केवल सिक्कों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि बीते समय की सादगी, बचपन की मासूमियत और यादों के अनमोल खजाने की जीवंत झलक बनकर सामने आया।

## बुजुर्गों की स्मृतियां, युवाओं की जिज्ञासा

प्रदर्शनी में पहुंचे बुजुर्गों की आंखों में पुरानी यादें तैर उठीं। किसी ने स्कूल के दिनों में चवन्नी से खरीदी चाट का जिक्र किया, तो किसी ने अठन्नी को 'इनाम' जैसा बताया। वहीं युवाओं और बच्चों के लिए यह अनुभव बिल्कुल नया था। उन्होंने उत्सुकता से जाना कि कभी इतने कम पैसों में रोजमर्रा की चीजें मिल जाती थीं। इस अवसर पर सुनील जैन ने नई पीढ़ी को उस समय की महंगाई, बाजार व्यवस्था और लेनदेन की परंपराओं के बारे में जानकारी दी। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस तरह की पहल युवाओं को अपनी जड़ों और इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकती है।

# चीनी मिल ने बुवाई में तेजी लाने के लिए निकाली जागरूकता रैली



**मुजफ्फरनगर।** इंडियन पोटाश लिमिटेड की रोहाना चीनी मिल ने पुरानी गन्ना किस्मों के प्रतिस्थापन एवं नयी गन्ना किस्मों की बुवाई में तेजी लाने के लिए रोहाना चीनी मिल द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक लोकेश कुमार, विभागाध्यक्ष गन्ना के पी मलिक,ब्क्ष् रोहाना कलां परिषद के अनुराग श्रीवास्तव,एवं संजीव कुमार, अमित राणा, संजय मलिक व चीफ इंजीनियर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मिल स्टाफ ने मिल गेट के गांवों में घूम कर किसानों को आधुनिक गन्ना किस्मों जैसे,कोशा 18231, कोलख. 16202 व को. 0118, को शा.19231आदि की बुवाई करने के लिए जागरूक किया एवं गन्ना बुवाई में ट्रेंच विधि को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही साथ कृषकों को भूमि शोधन ट्राईकोडर्मा द्वारा और बीज शोधन करके ही गन्ना बुवाई करने की सलाह दी गई।

## यूपी बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त शिक्षा निदेशक सहारनपुर मंडल राणा सहस्त्रांशु कुमार सुमन ने लाला जगद. ीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बोर्ड परीक्षा केंद्र पर चल रही यूपी बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया।

बुधवार को हाईस्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान उन्होंने अपनी टीम के साथ विद्यालय के परीक्षा कक्षों का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान वे विद्यालय की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं से पूर्णतया संतुष्ट नजर आए। इस अवसर पर उन्होंने परीक्षा विभाग को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। विद्यालय आगमन पर प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने संयुक्त शिक्षा निदेशक राणा सहस्त्रांशु कुमार सुमन को विद्या भारती की श्कॉफी टेबल बुकश् भेंटकर उनका सम्मान किया। प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा के आग्रह पर उन्होंने विद्यालय की प्राइमरी विंग का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्राइमरी विंग की सभी व्यवस्थाओं की काफी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा से छात्रों के लिए कौशल विकास की ओर विशेष ध्यान दिए जाने की अपील की, ताकि छात्र केवल नौकरी की ही अपेक्षा न रखें। अपितु अपने स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित हो सकें।


## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर

संख्या: 305 /1 / आबकारी / विविध / 2025-26/ मु.नगर दिनांक 25-2-2026

**अपील**

जनसाधारण को सूचित किया गया है कि होली पर्व के अवसर पर कुछ असामाजिक / अराजक तत्वों द्वारा निजी स्वार्थवश अवैध तरीके से मादक पदार्थ व शराब तैयार कर चोरी-छिपे अवैध अड्डो से विक्रय किया जा सकता है, अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आंखो की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। अत: किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें।



**अवैध शराब पीनें से बचें।**

अधिकृत आबकारी दुकानों से ही क्यू.आर. कोड एवं सील लगी, निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा खरीदें। अवैध मदिरा के निर्माण या बिक्री एवं अवैध मदिरा की तस्करी आदि के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसकी उसकी सूचना निम्न दूरभाष नम्बरों के साथ-साथ **आबकारी विभाग के टोलफ्री नम्बर 14405 व व्हाटसएप नम्बर 9454466019** पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

1- आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1, सदर, मु.नगर। 9454466456
2- आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2, खतौली, मु.नगर। 9454466458
3- आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र 3 जानसठ, मु.नगर। 9454466838
4- आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, बुढाना, मु.नगरं 9454466526

**( राकेश बहादुर सिह )**
**जिला आबकारी अधिकारी,**
**मुजफ्फरनगर।**


# करियर काउंसलिंग एवं एआई उपकरण विषय पर सेमिनार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के आईक्यूएसी प्रकोष्ठ एवं इंफोर्टेनमेंट क्लब द्वारा करियर काउंसलिंग एवं एआई उपकरण विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित।

एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के आईक्यूएसी (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) एवं इंफोर्टेनमेंट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में करियर काउंसलिंग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणष विषय पर एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित आधु. निक उपकरणों की उपयोगिता तथा वर्तमान समय में उपलब्ध करियर संभावनाओं से अवगत कराना था।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल परिवर्तन का युग है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों का ज्ञान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को सीखकर अपने कौशल को निरंतर विकसित करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीए एवं बी.एससी. (सी.एस.) विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तयाल ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल भविष्य की तकनीक नहीं, बल्कि वर्तमान की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक कौशल विकसित करने पर बल दिया। सेमिनार की मुख्य वक्ता के रूप में EFO-पद की संस्थापक डॉ. आकांक्षा जैन उपस्थित रहीं। उन्होंने विभिन्न कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों जैसे संवादात्मक चौटबॉट, सामग्री निर्माण उपकरण, आँकड़ा विश्लेषण उपकरण एवं स्वचालन मंचों के व्यावहारिक उपयोग को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों का प्रयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, डिजिटल विपणन, साइबर सुरक्षा एवं उद्योग जगत में तीव्र गति से बढ़ रहा है। डॉ. आकांक्षा जैन ने विस्तृत करियर परामर्श सत्र आयोजित करते हुए विद्यार्थियों को उनकी रुचि एवं योग्यता के अनुसार उचित करियर विकल्प चुनने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डेटा विज्ञान के क्षेत्र में डेटा विश्लेषक, एआई अभियंता, मशीन लर्निंग विशेषज्ञ, डिजिटल विपणन विश्लेषक तथा साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ जैसे पदों की मांग निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को पायथन जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं का ज्ञान, तार्किक सोच, गणितीय समझ एवं समस्या समाधान कौशल को सुदृढ़ करने की सलाह दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्क्रमों एवं प्रत्यक्ष परियोजनाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें। साथ ही प्रभावी जीवन-वृत्त ऋरिज्यूमे ऋ निर्माण एवं साक्षात्कार की तैयारी के महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि अनुशासन, सकारात्मक ख्रष्टिकोण और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। इस सेमिनार में बी.एससी. ऋसी. एस.ऋ फाइनल ईयर के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न जिज्ञासाएँ प्रस्तुत कीं और मुख्य वक्ता ने सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम का संचालन हर्षिता मैडम द्वारा प्रभावी रूप से किया गया तथा समन्वय रोबिन मलिक द्वारा किया गया।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 273/ 1.1.2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम सानवी शर्मा है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सनुज कुमार शर्मा**
315, इन्द्रा कॉलोनी मुजफ्फरनगर
9837916176

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम पुराने पहचान पत्र में पप्पू खां पुत्र सुलेमान खां दर्ज है, परन्तु अब मैंने अपना नाम पप्पू खां से बदलकर शाह आलम (SHAH ALAM) रख लिया है, भविष्य में मुझे SHAH ALAM S/O SULEMAN KHAN के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।
पता: 25, Mitthulal, KHATAULI, Dist Muzaffarnagar (U.P.) Pincode-251201

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SALIM NAWAZ से बदलकर SALEEM AHMED रख लिया है। आज के बाद भविष्य में मुझे SALEEM AHMED के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

SALEEM AHMED
S/o BASHIR AHMED
R/o- 394-KHALAPAR
MUZAFFARNAGAR

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा लडका ऋतिक रावत गलत संगत मे पड़कर आवारा हो गया है और मेरी देखभाल नही करता है और न ही मेरे कहने सुनने मे है। इसलिए मैंने इसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। आज के बाद मेरे व मेरे परिवार का ऋतिक रावत के किसी भी कार्य अथवा लेन-देन से कोई सम्बन्ध किसी प्रकार का नही होगा। ऋतिक रावत द्वारा किये गये किसी भी कार्य या लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**रणवीर सिंह पुत्र श्री राम सिंह**
**निवासी- ग्राम बघरा,**
**थाना तितावी,**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

**सम्बन्ध विच्छेद**

में श्रीमति इमराना पत्नी इनाम, निवासी मौ. कस्सावान, कस्बा और थाना शाहपुर, तहसील बुढाना, जनपद मुजफ्फरनगर की निवासी हूं। मेरा पुत्र गुफरान पुत्र इनाम व मेरी पुत्रवधु भूरी पत्नी गुफरान मेरे कहने सुनने मे नही हैं। दोनो गलत संगत में उठते बैठते हैं। जिससे में व मेरा परिवार दुखी है। में अब अपने पुत्र गुफरान व पुत्र वधु भूरी से अपने परिवारिक रिश्ते समाप्त कर उनको अपनी सभी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरे पुत्र गुफरान व पुत्र वधु भूरी द्वारा किये गये किसी भी तरह के दीवानी फौजदारी कृत्य का में या मेरे परिवार का कोई भी सदस्य अब जिम्मेदार नहीं होगा।

**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 8940/ 06/11/2012 में गलती से पुत्री का नाम मनस्वी अंकित कर दिया गया है जबकि वास्तविक नाम मनस्वी गुप्ता है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाएगा। शुद्धीकरण के लिए आवेदन पत्र संबंधी विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**प्राथिया: यशी गुप्ता पत्नी अश्वनी कुमार 136/1 शिवपुरी नॉर्थ, भोपा रोड, जनपद मुजफ्फरनगर, पिन कोड- 251001**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमारा पुत्र दीनमौहम्मद मेरे कहने सुनने में नही है। गलत संगत में रहकर बुरे आचरण का हो गया है। हम अपने पुत्र दीनमौहम्मद को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। इससे सभी सम्बन्ध विच्छेद करते है। भविष्य में दीनमौहम्मद अपने अच्छे बुरे कार्य, लेन-देन, वाद विवाद के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगा। हमारा उससे किसी भी प्रकार का कोई मतलब वास्ता नही होगा।

**नूरमौहम्मद पुत्र सगीर अहमद व श्रीमति मंगती पत्नी नूरमौहम्मद निवासीगण मौहल्ला सराय तुलसीराम थाना जानसठ तहसील जानसठ जिला- मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र फतह उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र रमजानी मेरे कहने सुनने में नही है। गलत संगत में रहकर बुरे आचरण का हो गया है। मै अपने पुत्र फतह को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूॅ। इससे सभी सम्बन्ध विच्छेद करती हूॅ। भविष्य में फतह अपने अच्छे बुरे कार्य, लेन-देन, वाद विवाद के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगा। मै व मेरा पति रमजानी का किसी भी प्रकार का उससे कोई मतलब वास्ता नही होगा और न ही हम जिम्मेदार होंगे।

**सायरा पत्नी रमजानी निवासी हुसैनिया कालोनी, सरवट बझेडी रोड थाना सिविल लाईन जिला- मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र रिहान उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र रमजानी मेरे कहने सुनने में नही है। गलत संगत में रहकर बुरे आचरण का हो गया है। मै अपने पुत्र रिहान को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूॅ। इससे सभी सम्बन्ध विच्छेद करती हूॅ। भविष्य में रिहान अपने अच्छे बुरे कार्य, लेन-देन, वाद विवाद के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगा। मै व मेरा पति रमजानी का किसी भी प्रकार का उससे कोई मतलब वास्ता नही होगा और न ही हम जिम्मेदार होंगे।

**सायरा पत्नी रमजानी निवासी हुसैनिया कालोनी, सरवट बझेडी रोड थाना सिविल लाईन जिला- मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम M U H A M M A D MUSHARARRAF लिखा गया है जबकि मेरा सही नाम M U H A M M A D MUSHARRAF है

**MUHAMMAD MUSHARRAF पुत्र MOHD MUKARRAM हाऊस न 92 बी एस एकेडमी हाई विद्यालय शहाबुद्दीनपुर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश 251001**


## एसआईआर अभियान ,खतौली में बूथ सत्यापन की परखी गई हकीकत

**खतौली।** निर्वाचन आयोग के एसआईआर विशेष अभियान के तहत बुधवार को खतौली विधानसभा क्षेत्र में बूथों पर चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की गई। शक्ति केंद्र देवी मंदिर कन्या इंटर कॉलेज के अंतर्गत बूथ संख्या 299, 300 और 301 (उच्च प्राथमिक विद्यालय, पक्का बाग) पर विशेष निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर खतौली के निवर्तमान विधायक विक्रम सिंह सैनी ने संबंधित बूथों का जायजा लिया और बीएलओ से मतदाता सूची के सत्यापन कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि पात्र मतदाताओं का नाम हर हाल में सूची में जोड़ा जाए और अपात्र नामों का नियमानुसार सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक अमित त्यागी (सभासद) के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष विनीत अग्रवाल, युवराज शर्मा और मदन प्रजापति सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बीएलओ सुनीता देवी, अजय कुमार और मो. हनलाल ने अब तक हुए पुनरीक्षण कार्य का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान पूर्व जिला मंत्री मदन छाबड़ा, नगर पालिका परिषद खतौली के पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी उमेश कुमार, पंकज भटनागर, धारा सिंह, विपिन काटका, ठाकुर प्रदीप कुमार, देवेंद्र कुमार, संजीव मिश्रा, आशीष भारद्वाज और बृजेश राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती का आधार स्वच्छ और अद्यतन मतदाता सूची है। उन्होंने सभी से घर-घर संपर्क कर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

**संक्षिप्त समाचार**

## अंबा वॉरियर्स ने बिंदल्स स्ट्राइकर्स को पछाड़ा

**मुजफ्फरनगर।** प्रीमियर लीग-2 एमपीएल के चौथे मुकाबले में अंबा वॉरियर्स ने बिंदल्स स्ट्राइकर्स को 7 विकेट के बड़े अंतर से पराजित कर टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।गेंदबाजी में 4 विकेट लेने के बाद नाबाद 21 रन बनाने वाले मोहम्मद अनस को उनके शानदार 'ऑलराउंड' प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। इस जीत से स्टेडियम में मौजूद खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बिंदल्स स्ट्राइकर्स की टीम। पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर भी क्रीज पर नहीं टिक सकी और 18.2 ओवर में महज 93 रनों पर सिमट गई। बिंदल्स की ओर से आशीष त्यागी ने सर्वाधिक 21 और प्रिंस यादव ने 16 रनों का संघर्षपूर्ण योगदान दिया। अंबा वॉरियर्स के गेंदबाज मोहम्मद अनस आज अलग ही लय में नजर आए, उन्होंने विपक्षी बल्लेबाजी की कमर तोड़ते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। प्रियंशु गौतम और कार्तिक यादव ने भी सधी हुई गेंदबाजी कर सफलताएं अर्जित कीं।जवाब में 94 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंबा वॉरियर्स ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। कप्तान विवेक सरोहा के 24 रनों और मोहम्मद अनस की नाबाद 21 रनों की पारी की बदौलत टीम ने महज 13.3 ओवर में 3 विकेट खोकर 95 रन बना लिए और जीत सुनिश्चित की।

## उमरपुर चौकी इंचार्ज ने गांजा किया बरामद

**बुढ़ाना।** उमरपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज मोहित कुमार तेवतिया ने बुढ़ाना सर्किल के सीओ गजेंद्र पाल सिंह के पर्यवेक्षण व कोतवाल सुभाष अत्री के नेतृत्व में एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो काफी दिनों से नशे का करोबार कर युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद कर रहा था। पुलिस ने इसके पास से लगभग दो किलोग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। पकडे गये नशा तस्कर का नाम अफजाल पुत्र कल्लू निवासी ग्राम अलीपुर अटेरना है।

## भड़काऊ वीडियो वायरल करने वाले को भेजा जेल

**मोरना।** त्यौहार के दौरान गांव जटवाडा मे एक युवक द्वारा भड़काऊ वीडियो वायरल कर शांति भंग का प्रयास किया गया। पुलिस ने मामले मे त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्राधिकारी देवव्रत बाजपेयी ने घटना के संबंध मे जानकारी देकर बताया कि थाना ककरौली क्षेत्र के गांव जटवाड़ा निवासी युवक शहरुदीन ने अपनी इंस्टाग्राम आई डी पर मंगलवार दोपहर एक वीडियो पोस्ट की हुई थी जिसमें मध्य प्रदेश के गांव सिहोरा में मस्जिद जलाने व तोड़फोड़ की फर्जी घटना को दिखाया गया साथ ही मुसलमानों पर जुल्म होने रमजान मे संभलने व जागने अब जवाब देने का टाइम आ गया है जैसी भड़काऊ पोस्ट की गयी थी। वायरल वीडियो पर संज्ञान लेकर उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने आरोपी युवक शहरुदीन के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया।

## एल्डर कमेटी व चुनाव अधिकारी हुए नियुक्त

**बुढ़ाना।** ऑडिट रिपोर्ट के बाद सबकी सहमति से एल्डर कमेटी बनाई गई। जिसमें हरबीर सिंह, बालकिशन शर्मा, शौ सिंह राणा, विश्वास त्यागी तथा संजीव पंवार नियुक्त हुए। एल्डर कमेटी के वरिष्ठ अधिवक्ता हरबीर सिंह को सबकी सहमति से मुख्य चुनाव अधिकारी बनाया गया। हरबीर सिंह के साथ बालकिशन शर्मा भी सहायक चुनाव अधिकारी के पद पर कार्य करेंगे। हाउस की मीटिंग में मुख्य चुनाव अधिकारी हरबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बतलाया कि बार एसोसिएशन बुढाना की कार्यकारिणी का चुनाव माडल बायलॉज के अनुसार होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा जल्दी की जाएगी। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अधिकतर सदस्य मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन बुढ़ाना की ऑडिट रिपोर्ट पेश

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए ऑडिटर ईश्वर दयाल संगल ने बुधवार के दिन अपनी ऑडिट रिपोर्ट पेश की। आम सभा की बैठक में ऑडिटर ने बताया कि बीती 18 दिसंबर सन 2024 से लेकर बीती 31 जनवरी सन 2026 तक बुढाना बार एसोसिएशन को 08 लाख 16 हजार 02 सौ 08 रूपये की आय प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि इस कार्यकाल में 10 लाख 59 हजार 04 सौ 43 रूपये खर्च किए गए हैं। इस वर्ष बार एसोसिएशन को 02 लाख 43 हजार 02 सौ 35 रूपये का घाटा रहा। ऑडिटर ने बताया कि पिछली कार्यकारिणी का तीन माह का लेखा जोखा संबंधित कागजात उन्हें प्राप्त हुए थे। जिसमें बीती 16 सितंबर सन् 2024 से लेकर बीती 17 दिसंबर सन 2024 तक बार को 02 लाख 32 हजार 01 सौ 26 रूपये की आय प्राप्त हुई। जिसमें 01 लाख 19 हजार 89 रूपये का खर्च हुआ। ऑडिट रिपोर्ट की सभी अघधिवक्ताओं ने सराहना की।

## धोखे से निकाले 75 हजार कराए वापस

**बुढ़ाना।** दो पीडित लोगों के बैंक खातों से धोखाधड़ी से निकाली गयी 75 हजार रुपये की राशि पुलिस ने वापस उनके ही खातों में भिजवा दी। मिली जानक. ारी के अनुसार साइबर हेल्प डेस्क बुढ़ाना द्वारा 2 आवेदकों से धोखाधड़ी कर निकाली गई 75 हजार रुपये की राशि उनके बैंक खातों में वापस कराई गई है। साइबर हेल्प डेस्क बुढ़ाना पर शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें शिवानी पुत्री ख्रष्णपाल निवासी गांव बवाना के साथ साइबर फ्राड हुआ था। प्राप्त शिकायत पर साइबर हेल्प डेस्क बुढ़ाना द्वारा कार्यवाही की गयी। बुधवार के दिन पीड़िता को उसके खाते से धोखे से निकाले गये 25 हजार रुपये वापस कराए वहीं दूसरे पीडित असजद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम विज्ञाना के साथ साइबर फ्रॉड हुआ था। शिकायत पर साइबर हेल्प डेस्क बुढ़ाना ने कार्यवाही की। जिसमें बुधवार को 50 हजार रुपये की राशि उसके खाते में वापस कराई गयी। दोनों पीड़ितों के चेहरों पर खुशी लाने वाले बुढ़ाना कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह और उनकी टीम में शामिल कम्प्यूटर ऑपरेटर विपिन, ज्ञानेन्द्र, कांस्टेबल सागर, महिला कांस्टेबल दीपा हैं।

## हादसे के बाद मंत्री अनिल कुमार पहुंचे गुजरेड़ी

**खतौली।** तहसील खतौली के ग्राम सठेड़ी के समीप मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे के बाद प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने बुधवार को ग्राम गुजरेड़ी पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत रामचंद्र और ताराचंद्र के परिजनों से भेंट कर गहरा दुख व्यक्त किया और उन्हें इस कठिन घड़ी में धैर्य बनाए रखने का संबल दिया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शासन स्तर से मिलने वाली हर संभव आर्थिक व प्रशासनिक सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हादसे से जुड़े प्रकरण में सभी आवश्यक औपचारिकताएं पारदर्शिता और गंभीरता के साथ पूरी की जाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ितों को सरकारी योजनाओं के अंतर्गत देय सहायता में किसी प्रकार की देरी न हो। इस दौरान उपजिलाधिकारी जानसठ, जानसठ कोतवाल तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री के दौरे के बाद गांव में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई और शोकग्रस्त परिवारों को त्वरित सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू की।

## माह ए रमजान के पाक महीने में बच्चें भी रख रहे रोजा

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** एलएलबी की छात्रा महक कुरैशी के अनुसार मुस्लिमों का पवित्र महीना रमजान सात दिन पहले देर शाम चांद दिखते ही शुरु हो गया था। आज बृहस्पतिवार को 8वां रोजा है।घ मान्यता है कि रमजान के माह में अल्लाह हर एक नेकी के बदले कई गुणा नेकियों का सवाब अता करते हैं। आज भी बड़ों के साथ साथ मासूम बच्चों ने भी रोजा रखा। रमजान का यह महीना मुस्लिम समुदाय के लिए इबादत और बरकत का पाक महीना होता है। इसमें अल्लाह की इबादत करने से सारे गुनाह माफ हो जाते हैं। इस पाक महीने में मुस्लिम समुदाय बाजार में सेवइयां, ड्राई फ्रूट्स, खजूर और फलों की दुकानों पर जाकर खूब खरीददारी करते हैं। इस महीने में मुसलमान जकात की धनराशि निकालकर गरीबों और जरूरतमंदों में बांटते हैं जो कि कमाने वालों पर फर्ज होता है। रोजा रोशनी की लकीर और नेकी की नजीर है। रमजान का तो हर रोजा खुशहाली का खजाना और पाकीजगी का पैमाना है। रमजान की बरकतों की तहरीर का ये कारवां आज 8वें रोजे तक पहुंच गया है। दरअसल रोजा अल्लाह का अदब भी है और फ़ज़ल की तलब भी है। सबूत के तौर पर इस बात को कुरआन ए पाक की आयत के हवाले से बेहतरीन और आसान तरीके से समझा जा सकता है। पवित्र कुरआन की सूरह अलहश्र की आयत नंबर अठारह में बयान है अल्लाह से डरो बेशक अल्लाह को तुम्हारे कामों की ख़बर है। इस आयत की रोशनी में ये बात नुमाया हो जाती है कि अल्लाह वसीअ है और अजीम और अलीम है। अल्लाह को चूंकि हर बात की ख़बर है इसलिए बंदे को यह सोचकर कि अल्लाह की नजर उसके हर काम पर है अल्लाह से डरना चाहिए। अल्लाह से डरना ही अल्लाह का अदब है। यहां दो बातें खासतौर से समझना जरूरी हैं। यानि किसी का अदब हम दो ही वजहों से करते हैं या तो डर से या फिर मोहब्बत से। अल्लाह चूंकि महान और पवित्र है इसलिए अजीम और पाकीजा से डरना दरअसल मोहब्बतश करना ही है। इसलिए एक रोजेदार जब रोजा रखता है तो उसके दिल में ख़ौफ़े खुदा होता है जो उसे रोजे के अहकाम और अदब से बांधता है और चूंकि रोजा अल्लाह का ही रास्ता है। इसलिए रोजा अल्लाह से ख़ौफ़ और मोहब्बत का सबब तो है ही अल्लाह का अदब भी है।

## आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर के विरुद्ध सीओ से मिले पीड़ित

**बुढ़ाना।** पिता और पुत्र द्वारा स्वास्थ्य विभाग में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपये की ठगी करने का मामला अभी सुलझा भी नही था कि एक और पीड़ित सामने आया है।

इस बार पीड़ित बुढ़ाना का नहीं बल्कि जिला बुलंदशहर का है। बुधवार को जिला बुलंदशहर निवासी कैशव चौधरी पुत्र धर्मवीर सिंह बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह से मिला। जिसने बताया कि बुलंदशहर में उसके घर के पास मनोज शर्मा पुत्र देव देहाती फिल्मी कलाकार निवासी बुढाना रहते थे। जो बुलन्दशहर आबकारी विभाग में निरीक्षक के पद पर तैनात थे। उसे मनोज शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग में बीएमडब्ल्यू पद पर नौकरी दिलवाए जाने का आश्वासन दिया ओर बीते 12 जून 2019 को अपने घर जहां किराये के मकान में रहते थे बुलाकर 2 लाख रुपये नकद लिए। फिर बीते 17 जुलाई को अपने किराये के घर पर बुलाकर 5 लाख रुपये नकद लिए। फिर उसे बरेली बुलाकर स्वास्थ्य विभाग का बीते 18 जुलाई 2019 का नियुक्ति पत्र दिया। फिर योजना के तहत कूट रचित कागजों मे कभी कही होटल में तो कभी कहीं बुलाकर हाजिरी लगवाते रहे। इनके साथ वहां का डाक्टर भी मिला हुआ था। कई महीनों बाद उसे शक हुआ तो उसने अपने रुपये वापस मांगे तो मनोज उसे बहकाता रहे। फिर कुछ माह बाद मनोज का स्थानान्तरण आबकारी सहारनपुर में हुआ तो तो वह सहारनपुर में मनोज के आबकारी विभाग आफिस गया और कहा कि या तो मुझे मेरे रुपये अभी दो नहीं तो में अभी एसएसपी के पास जाकर तुम्हारी शिकायत करुंगा तो मनोज ने कहा कि मेरी नौकरी चली जायेगी। तुम किसी से मेरी शिकायत मत करो। में तुम्हारे रूपये दे दूंगा तो मनोज ने उसे बुलंदशहर आकर बीते 31 अगस्त को 2 लाख रुपये नकद दिये ओर बाकी रुपये कुछ समय बाद देने को कहा लेकिन बाद में कोई रूपये नहीं



दिये ओर फोन पर उसे बीते वर्ष 25 फरवरी को ब्लॉक कर दिया। इस बारे में पीड़ित के अनुसार सीओ ने उन्हें बताया कि यहां का भी एक मामला इसी तरह का है। उन्होंने पीड़ित की जीरो रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जो उच्च अधिकारियों के आदेश पर बरेली ट्रांसफर होगी और उनका मामला बुलंदशहर का है इसलिए वे भी इस मामले में बुलंदशहर पुलिस से संपर्क करें।

## जनगणना डयूटी से हटाने पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का प्रदर्शन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जनगणना कार्य में शामिल न किए जाने से नाराज़ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बुधवार को तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में एकत्रित महिलाओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जताई और स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उन्हें जनगणना की डडूटी में शामिल नहीं किया गया तो वे बीएलओ सहित अन्य सभी सरकारी कार्यों का बहिष्कार करेंगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकत्रियों ने कहा कि उन्होंने पूर्व में एसआईआर अभियान, सरकारी नोटिस वितरण और अन्य प्रशास. निक कार्य सीमित संसाधनों में पूरी जिम्मेदारी से निभाए हैं। निजी मोबा. इल फोन और अपने खर्च पर दिन-रात मेहनत कर सरकारी कार्यों को सफल बनाया गया, लेकिन अब जनगणना जैसे महत्वपूर्ण और बेहतर मानदेय वाले कार्य से उन्हें अलग किया जा रहा है। उनका आरोप है कि जब कठिन और जमीनी स्तर के काम कराने होते हैं, तब आंगनबाड़ी कर्मियों पर भरोसा किया जाता है, लेकिन जब अपेक्षाकृत अधिक पारिश्रमिक (करीब 25 हजार से 70 हजार रुपये तक) मिलने वाले कार्यों की बारी आती है तो उन्हें हकम शिक्षितह बताकर बाहर कर दिया जाता है। प्रदर्शनकारियों ने सवाल उठाया कि यदि उनकी योग्यता पर संदेह था तो पूर्व में सौंपे गए कार्य कैसे कराए गए?

धरने के बाद कार्यकत्रियों ने एसडीएम निकिता शर्मा को ज्ञापन सौंपकर जनगणना के सभी चरणों में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को



शामिल किए जाने की मांग की। उन्होंने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने की स्थिति में वे बीएलओ डडूटी समेत सभी प्रकार के सर्वे और नोटिस वितरण कार्यों से खुद को अलग कर लेंगी।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने इसे केवल खतौली का मुद्दा न बताते हुए पूरे उत्तर प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सम्मान से जुड़ा विषय बताया और सरकार से निष्पक्ष व न्यायसंगत निर्णय लेने की अपील की।

## प्रशासन ने किए अपंजीकृत क्लीनिक सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** जनपद में बिना पंजीकरण संचालित हो रहे क्लीनिकों और नर्सिंग होम के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। बुधवार को खतौली क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण अभियान चलाते हुए कई अपंजीकृत चिकित्सा प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। आवश्यक दस्तावेज और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत न कर पाने पर कुछ क्लीनिकों को मौके पर ही सील कर दिया गया।

यह कार्रवाई जिलाधिकारी उमेश मिश्रा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशों के तहत की गई। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने विभिन्न निजी क्लीनिकों और नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई संचालक न तो वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर सके और न ही अपनी शैक्षिक योग्यता से संबंधित अभिलेख दिखा पाए। संतोषजनक जवाब न मिलने पर टीम ने नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों को सील कर दिया।

अभियान की सूचना मिलते ही क्षेत्र के निजी चिकित्सकों में हड़कंप मच गया। कुछ स्थानों पर टीम के पहुंचने से पहले ही क्लीनिक बंद कर दिए गए, जबकि कुछ संचालक मौके से अनुपस्थित पाए गए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना मान्यता और नियमों की अनदेखी कर संचालित किसी भी चिकित्सा संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा। जनहित को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## लावारिस की वारिस बनकर दी अंतिम विदाई

**मुजफ्फरनगर।** बता दें कि शालू सैनी द्वारा बेसहारा बुजुर्गो के लिए व्यक्तिगत रूप से वृद्धा आश्रम भी चलाया जा रहा क्रांतिकारी शालू सैनी वृद्धा आश्रम के नाम से कहा वो अपना के द्वारा ठुकराए गए बुजुर्गो की सेवा अपने हाथों से करती है मानवता जब अपने सर्वोच्च स्वरूप में सामने आती है तो समाज उसे सलाम करता है। ऐसा ही भावुक और प्रेरणादायक दृश्य उस समय देखने को मिला जब लावारिसों की वारिस के नाम से पहचानी जाने वाली क्रांतिकारी शालू सैनी ने पहले एक लावारिस शव को अपना नाम देकर पूरे विधि-विधान से उसका अंतिम संस्कार कराया और उसी दिन वृद्धा आश्रम पहुंचकर अपनी बेटी का जन्मदिन बुजुर्ग माताओं के बीच बड़े स्नेह और सम्मान के साथ मनाया। एक ही दिन में दो अलग-अलग किरदार निभाकर उन्होंने समाज के सामने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की।

## खाद्य विभाग ने मिलावटी रसगुल्ले पकड़े

**चरथावल।** क्षेत्र के कुल्हेड़ी गांव में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी मिठाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में संदिग्ध रसगुल्ले जब्त कर मौके पर ही मिटी में दबाकर नष्ट करा दिए। छापेमारी के दौरान जांच में मिलावट की पुष्टि होने पर टीम ने बिना देर किए कार्रवाई की।यह अभियान सहायक आयुक्त खाद्य विभाग अर्चना धीरान के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी वैभव शर्मा मुख्य रूप से शामिल रहे।वहीं कस्बे के मैन रोड स्थित एक स्वीट्स एंड फास्ट फूड पर भी विभागीय टीम ने छापा मारकर लढ्ढू और मावे के नमूने लिए। प्राथमिक जांच में अनियमितता पाए जाने पर मौके पर ही मावा और लढ्ढू नष्ट कराए गए तथा नमूने प्रयोगशाला भेजे गए।

**हर साल अभियान, फिर भी क्यों नहीं रुक रही मिलावट?**

क्षेत्रवासियों का कहना है कि त्योहारों से पहले हर वर्ष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है, लेकिन मिलावटखोरों के हौसले पस्त नहीं होते। कार्रवाई के बाद भी कुछ कारोबारी बाज नहीं आते और आमजन की सेहत से खिलवाड़ जारी रखते हैं।सवाल यह है कि क्या केवल त्योहारों पर छापेमारी ही पर्याप्त है? क्या सख्त दंड और नियमित निगरानी के बिना मिलावटखोरी पर पूरी तरह अंकुश संभव है?

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मिलावटखोरों पर उदाहरणात्मक और कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि दूसरों के लिए कड़ा संदेश जाए और आम जनता की सेहत सुरक्षित रह सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आमजन से अपील की है कि यदि कहीं संदिग्ध खाद्य पदार्थ बिकते दिखाई दें तो तुरंत विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

**आख़िरकार किसकी शह पर होती है मिलावट खोरी**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहाँ मिलावट खोरो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की बात कह रहे है लेकिन चरथावल क्षेत्र मिलावटी मिठाई का बड़ा केंद्र बन चूका है और मिलावटी मिठाई से जहाँ मिठाई विक्रेता बड़ा मुनाफा कमा रहे है वही लोगो के स्वास्थ्य से जमकर खिलवाड़ किया जा रहा है।

## तानाशाही: चौकी पर प्रधान के कहने पर पुलिस ने दी माफी की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** सीकरी पुलिस चौकी पर लापरवाही का बड़ा मामला प्रकाश मे आया है जहां ग्राम प्रधान ने पुलिस से अपनी रसूखदारी का प्रदर्शन करते हुए झूठे मुकदमे मे फंसाने की धमकी देकर प्रताड़ित करते हुए दो युवकों से माफ़ी मंगवाई है। तथा माफ़ी मांगते हुए युवकों की वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। प्रधान ने वायरल वीडियो को अपनी जीत तथा दबंगई के रूप मे प्रसारित कर सनसनी फैला दी है। वीडियो के वायरल होने के बाद मुस्लिम समाज मे भारी रोष व्याप्त हो गया है। चौकी पुलिस मामले से पल्ला झाड़ रही है तो अधिकारियो ने जांच कर सख्त कार्रवाई करने को कहा है।

भोपा थाना क्षेत्र के चर्चित गांव सीकरी में फैली गंदगी की वीडियो फ़िल्म बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करना दो यूटडूबर



नवयुवकों को भारी पड़ गया। ककरौली गांव निवासी युवक शोयब व समीर द्वारा सीकरी गांव मे फैली गंदगी की वीडियो बनाकर उसे इंस्टाग्राम पर प्रसारित किया गया।

वीडियो के इंस्टाग्राम आदि पर वायरल होने के बाद गुस्साये ग्राम प्रधान द्वारा युवकों के खिलाफ चौकी मे एक तहरीर दे दी गयी जिसमें युवकों पर प्रधान के साथ अभद्रता करने के आरोप लगाये गये थे।ग्राम प्रधान की तहरीर पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस युवकों को हिरासत मे लेकर चौकी ले आई जहां ग्राम प्रधान ने चौकी पर झूठे मुकदमे मे फंसाने की धमकी देकर युवकों को जमकर प्रताड़ित किया तथा युवकों से हाथ जुड़वाकर क्षमा याचना कराई। जिसके बाद ग्राम प्रधान द्वारा वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर पुलिस से अपने रसूख तथा अपनी हनक का प्रदर्शन किया है। वीडियो वायरल होने के बाद मुस्लिम समाज मे भारी रोष व्याप्त हो गया है।

सीकरी चौकी प्रभारी सपन चौधरी ने बताया की इस दौरान वह चौकी पर नहीं थे केवल पी.आर.डी संदीप अकेला ही चौकी पर मौजूद था।जब वह चौकी पर पहुंचे तो घटना की जानकारी की जिसमे युवकों पर कोई अपराध नहीं बनता था जिसके बाद युवकों को घर भेज दिया गया था।

क्षेत्राधिकारी भोपा देववृत वाजपेयी ने बताया की सीकरी चौकी से जुड़े वीडियो का मामला प्रकाश मे आया है। जांच के उपरांत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### फिर उछली खाकी पर खाक

इस प्रकरण ने क्षेत्र में नई चर्चा छेड़ दी है।ग्राम प्रधान राजेंद्र जिसपर आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। किस प्रकार पुलिस से अपने रसूख का प्रदर्शन कर समाज पर अपनी धाक को जमाने का काम कर रहा है। वहीं घटना पुलिस की बड़ी लापरवाही को उजागर कर रही है।

### लम्हों ने खता की थी सदियों ने सजा पाई

16 अक्टूबर 2015 का वह दिन सीकरी गांव मे काले अध्याय के रूप मे जाना जाता है जहां पुलिस की बड़ी लापरवाही का दंश आज भी गांव झेल रहा है। 2015 मे भी पुलिस पर प्रधान का पक्ष लेने के आरोप लगे थे और एक हत्या होने के पूरी पुलिस चौकी सहित तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक पर उच्चाधिकारियो द्वारा बड़ी कार्रवाई की गयी थी। उस समय से चली आ रही रंजिश को लेकर सीकरी गांव संवेदनशील बना हुआ है।बुधवार को वायरल हुई वीडियो ने दस वर्ष पुरानी घटना का भयानक स्मरण कराया है।

## प्रशिक्षण शिविर में मुकेश गौतम को बनाया शुकतीर्थ का अध्यक्ष

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित श्री अखंड धाम में राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के द्वारा जनसंपर्क अभियान एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया।

?जिसमें मुकेश गौतम को शुकतीर्थ का अध्यक्ष बनाया गया। शि. विर में संगठन की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सरिता शर्मा ने कहा कि हिंदुओं की बहू बेटियों की सुरक्षा के लिए अब हाथ में तलवार लेने की आवश्यकता है। नारी के बिना संसार का अस्तित्व नहीं है।शिविर में संगठन के संयोजक संजय अरोरा ने कहा कि समाज में हिंदू एकता, संस्कार और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए



संगठन बनाया गया है। शिविर में प्रचारक राजीव बंसल ने कहा कि मानवीय हितों का चिंतन करना ही संगठन का मूल उद्देश्य है। शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के लिए मुकेश गौतम को शुकतीर्थ क्षेत्र का दायित्व दिया गया। शिविर में प्रवेश कुमार , सतपाल शर्मा ,आदेश शर्मा, रोहित वर्मा, ममता , संतोष, गीता मौजूद रहे ।

## युवक युवती धार्मिक स्थल के बाहर किश करते दिखे

**बुढ़ाना।** हमारी युवा पीढ़ी किस दिशा की और जा रही है इसका अंदाजा एक मिनट 12 सैकेंड के एक वीडियो को देखकर लगाया जा सकता है। जिसमें एक युवक बुढ़ाना कस्बे के छोटा बाजार के पास मौहल्ला मिर्दगान में स्थित एक धार्मिक स्थल के बाहर किसी नवयुवती के साथ जबरदस्ती किस कर रहा है हालांकि नवयुवती भी युवक का ज्यादा विरोध नही कर रही। ऐसा लगता है कि सार्वजनिक स्थल पर युवक और युवती को शायद ये ही जगह उपयुक्त लगी लेकिन आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे ने इन दोनों की पोल खोलकर रख दी। लड़का नीली जरकीन, नीले रंग की शर्ट और काले रंग की पेंट में है जबकि युवती ने अपने दुपटे का सिर तक नकाब लगाया हुआ है। लड़की ने लाल रंग की कमीज और नीले रंग की सलवार पहनी हुई है। युवक ने नवयुवती को दो बार किस किया तो दूसरी बार में नवयुवती उसको हल्के से मुक्के मारती हुई दिखाई दे रही है। इन दोनों के पास से लोग भी गुजर रहे हैं और इनकी हरकतें भी देख रहे हैं लेकिन प्यार में डूबे ये युवक युवती ये भी शर्म नही कर रहे कि कोई उनको देख रहा है। दोनों युवक युवती शायद किसी कालेज में पढने के दौरान मोबा. इल फोन के जरिए इस स्थान पर मिले। लड़की के साथ में मोबाइल फोन है जो कि पास खड़ी स्कूटी पर रखकर अपने मुंह पर फिर से नकाब बांध रही है। ये युवक युवती कौन हैं ये तो पता नहीं है लेकिन बुढ़ाना पुलिस ने अपने स्तर से दोनों की तलाश शुरु कर दी है।

## गैर हाजिर रहे बीएलओं के विरुद्ध ग्रामीणों में उबाल

**बुढ़ाना।** सफीपुर पटी चंधेडी रोड के दर्जनों ग्रामीणों ने बुधवार के दिन ग्राम सफीपुर पटी के प्रधान पद के प्रत्याशी खालिद गफ्फार, समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव हारुण अली सिद्दीकी व युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव आरिफ सिद्दीकी के नेतृत्व में बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत श्विकर्मा को एक ज्ञापनघ देते हुए भाग संख्या 134 व 135 के लापरवाह बीएलओ के विरूद्ध कार्यवाही व नये बीएलओ को नियुक्त करने के मांग की है। ज्ञापन में लिखा है बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव सफीपुर पटी की भाग संख्या 134 व 135 पर वर्तमान में जो बीएलओ हैं वे पूर्ण रुप से लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाकर सरक. ारी कार्य एसआईआर प्रक्रिया में पूर्ण रुप से हिस्सा नहीं ले रहे। यहां तक 56 लोगो के नोटिसों को भी भाग संख्या 134 की बीएलओ द्वारा अपने पास दबाकर रखा हुआ है। जिनकी समय सीमा निकल गयी है। बीते 23 फरवरी को बूथ पर सब नोटिसकर्ताओं को समय सीमा दी गयी थी। जहां भारी संख्या में लोग सुबह से ही भयभीत स्थिति में एकत्र हुए थे मगर प्रात से लेकर शाम तक भाग संख्या 134 पर कोई भी बीएलओ वहां नहीं पहुंचा। भाग संख्या 135 पर 3 बजे किसी अन्य बीएलओ द्वारा थोडा बहुत कार्य कराया गया। जिसके विषय में हमारे द्वारा उसी समय आपको मौखिक रुप से अवगत कराया गया था। इन दोनो बीएलओ की कार्य शैली से ऐसा लगता होता है कि ये जान बूझकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोटरों को परेशान करना चाहते हैं। उनकी वोटों को अज्ञात में दर्शाकर निरस्त करना चाहते हैं। इसलिए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोनो



बीएलओ के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर भाग संख्या 134 व 135 पर नये बीएलओ को नियुक्त करा दें ताकि समय रहते नोटिस प्राप्त मतदाता अपने नोटिस सबूत समेत जमा करा सकें। ये शिकायत डीएम, मंडलायुक्त व राज्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ को भी भेजी गयी है। वहीं सपा नेता हारुण अली सिद्दीकी ने बताया कि इस मामले को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादवघ व सांसद हरेंद्र मलिक के समक्ष भी रखा जाएगा।

## कल्याणपुर में दोबारा निर्वाचित एलडीबी अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**बुढ़ाना।** ग्राम कल्याणपुर में भूमि विकास बैंक चेयरमैन विनोद सैनी को दोबारा से निर्विरोध निर्वाचित होने पर स्वागत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष विनोद सैनी के गले में माला पहनाकर सम्मानित कर स्वागत किया गया। विनोद सैनी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने अपने पिछले कार्यकाल में भूमि विकास बैंक से जुड़े हुए जो किसान थे उनका शोषण नही होने दिया और बहुत आसानी से उनको लोन की सुविधा उपलब्ध कराई और इस कार्यकाल में किसानो को योगी सरकार के द्वारा की गई घोषणा के अनुसार किसानो को केवल 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से लागू उद्योगों पर ऋण वितरण कराया जाएगा। जिससे हमारे ग्रामीण का किसान लघु उद्योग के माध्यम से अधिक लाभ कमा सके।

## व्यापारियों ने एसडीएम बुढ़ाना को सौंपा ज्ञापन

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल रजिस्टर्ड बुढ़ाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल के नेतृत्व में बुधवार को एसडीएम बुढ़ाना को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि बुढ़ाना कस्बे की कुरैशियों वाली पुलिया पर बने डिवाइडर का रास्ता जो कि मैन बाजार को भी जाता है वह कुछ समय पूर्व नगर पंचायत बुढाना ने बंद कर दिया था।

जिस पर 70 से अधिक ग्रामों के ग्राहक मैन बाजार में आने के लिए कुरैशियों वाली पुलिया के पास लगे कट से आते जाते रहते थे लेकिन कट बन्द हो जाने से मेन बाजार में ग्राहक नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे व्यापारी तंग व परेशान हैं। व्यापार भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमन्त्री केशव प्रसाद मौर्य के आदेश पर लोक निर्माण विभाग की एनओसी बुढ़ाना नगर पंचायत को भी आ चुकी है। इसलिए वे बुढ़ाना



नगर पंचायत को आदेश दें कि लोक निर्माण विभाग की एनओसी के अनुपालन में अति शीघ्र कट खोला जाए ताकि व्यापारियों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। एसडीएम ने व्यापारियों को ईओ से बातचीत करने के बाद कट लगवाने का आश्वासन दिया है। एसडीएम बुढ़ाना को ज्ञापन देने वाले व्यापारियों में मुख्य रुप से राजेश संगल, विकास गर्ग, अमरीश बंसल, सुशील तायल, अनुराग संगल, पंकज जिंदल, मोहित नाथवंशी, विकास संगल, रोहित नाथवंशी, इकरार कुरैशी आदि व्यापारी मौजूद थे।

## सात दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन

**चरथावल।** नगर के प्रतिष्ठित संस्थान चंद्रशेखर आजाद पीजी कालेज चरथावल मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष कैंप के दूसरे दिन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का अलग-अलग स्थान पर कैंप का आयोजन किया गया।प्रथम इकाई नगला राई एवं द्वितीय इकाई चरथावल देहात में अपने कार्यक्रमों के अनुसार कार्यक्रम किए गए। शिविर के प्रथम चरण में सभी टोलिओ ने गली गली में जाकर डिजिटल लेन देन से संबंधित लोगों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के द्वितीय सेशन में संस्क्र तिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डक्र गुलाब सिंह एवं श्री सुमित कुमार नागयान ने सभी स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं को मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सुनील कुमार , ऋषिपाल सिंह ,तरबिया, कार्यालय अधीक्षक सुखपाल सिंह विनीत कुमार , तरस पाल आदि का सहयोग रह।

## क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने साजिशकर्ता आशुतोष के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** क्रांतिसेना के सैकड़ो पदाधिकारीयों ने शंकराचार्य आदरणीय अविमुकतेश्वरनन्द को बदनाम किये जाने के खिलाफ आज जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए इस साजिश मे लिप्त गोतस्कर कांधला निवासी आशुतोष के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की, सर्वप्रथम पार्टी के प्रकाश मार्केट स्थित कार्यालय पर एकत्र प्रदर्शनकारीयों को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष शरद कपूर जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश में तथा कथित राम राज्य की सरकार है उसके बावजूद भी गोतस्करी बलात्कार, धोखोधड़ी जैसे दो दर्ज़न से अधिक संगीन मामलों के आरोपी आशुतोष ब्रह्मचारी जैसे लोग समाज में भगवा चोला ओढ़ कर सनातन और संतों को बदनाम कर अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि जिस अपराधी की जगह जेल में होनी चाहिए थी वह समाज में खुले सांड की तरह घूमकर समाज को दूषित करने का प्रयास कर रहा है उन्होंने कहा कि शंक. राचार्य जी के खिलाफ बच्चों के यौन शोषण का मामला दर्ज करने वाले इस आशुतोष की पिछली जिंदगी संदेह के घेरे में है उसका आपराधिक चरित्र और पुलिस द्वारा खोली गई उसकी हिस्ट्री शीट से साफ जाहिर है यह व्यक्ति मंझा हुआ शातिर अपराधी है ओर शासन प्रशासन को यह भी पता लगाना चाहिए यह कौन है किस धर्म का है और अचानक कहां से आकर शामली के कांधला में बस गया इससे पूर्व इसका कोई अता-पता ठिकाना किसी को नहीं मालूम इसका पूरा परिवार अपराधी प्रवृत्ति का है जिसने कांधला में ही दर्जनों समाजसेवी और साभ्रारान्त लोगों को फर्जी मुकदमों के जरिए ब्लैकमेल कर चुका है, उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की के इस तरह का अपराधी हिन्दुओ के सर्वोच्च पद पर बैठे शंक. राचार्य जी को चौलेंज कर रहा है जो हिंदू संगठन के कार्यकर्ता बिल्कुल



बर्दाश्त नहीं करेंगे यदि शंकराचार्य जी के विरुद्ध इस अपराधी की साजिश को बेनकाब नहीं किया गया। क्योंकि यह व्यक्ति समाज और सनातन के लिए गंभीर खतरा है, बाद में सभी कार्यकर्ता जिलाधिकारी पहुंचे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां शंकराचार्य के सम्मान में हम सब सनातनी मैदान में के नारे लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और शंकराचार्य जी को ससम्मान इन आरोपों से बरी करने व इन आरोप लगाने शातिर अपराधी आशुतोष को जेल में डालने की मांग की, इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित विज्ञापन अटैच एसडीएम को सोपा गया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान प्रबुद्ध प्रकोष्ठ अध्यक्ष अलोक अग्रवाल, कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मंगतराम सोनकर नरेंद्र ठाकुर सोनू पाही वाल, महिला मोर्चा से पूनम चाहल, सुमन प्रजापति, उज्ज्वल पंडित ललित रूहेला, शैलेंद्र श्विकर्मा अरविंद कौशिक मिथिलेश गिरी सविता गौतम अनीता प्रजापति सहेंडर कश्यप योगेंद्र बिहार ब्रह्मपाल सैनी सुभाष योगी बृजपाल कश्यप रूप राम निकुंज चौहान राजेंद्र तायल प्रभात रावत पंडित दिनेश शास्त्री बबलू ठाकुर विजय सैनी सुधीर पंडित अमित बॉबी अंकित वर्मा विपुल गुप्ता सूरत सेठी सतनाम टिंकू नवल रवि सैनी शाहिद सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने निष्पक्ष जांच की मांग की

मुजफ्फरनगर। जिला कांग्रेस कमेटी मुजफ्फरनगर के पदाधिकारियों ने ज्योति मठ पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वर नंनद सरस्वती के विरूद्ध दर्ज पोक्सो प्रकरण की स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में मांग उठाई है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतपाल कटारीयां के नेतृत्व में कमल मित्तल, सद्दाम सिद्दीकी भी ज्ञापन में शामिल रहे और उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण की परिस्थितियों और समय को लेकर समाज में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं और आशंकाएं उपलब्ध हो रही है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने मांग रखी कि मामले की निष्पक्ष जांच हो, ताकि सत्यता सामने आ सके और किसी भी प्रकार की राजनीति और अन्य प्रभाव की आशंका समाप्त हो सके।

## शराब पी रहे युवकों को टोकना पड़ा भारी

**रामराज।** शराब पीने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 24 फरवरी की बताई जा रही है, जो खेड़ा मुजाहिदपुर गांव स्थित एक फार्म पर हुई। नई बस्ती निवासी हुसैन पुत्र छोटे ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि वह खेड़ा मुजाहिदपुर गांव में मान. वेंद्र पुत्र इंद्रपाल के फार्म पर काम करता है। 24 फरवरी की दोपहर जब वह रोज की तरह काम पर पहुंचा तो उसने देखा कि फार्म परिसर के अंदर जगमोहन उर्फ छोटू निवासी कस्बा रामराज और उसके साथ एक अन्य व्यक्ति शराब पी रहे थे। हुसैन ने दोनों को फार्म के अंदर शराब पीने से मना किया। आरोप है कि इस बात पर दोनों आरोपी भड़क गए और हुसैन के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इतना ही नहीं, उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और वहां से भगा दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बाबरी थाना क्षेत्र के गांव गोगमा जलालपुर में सड़क हादसे में एक व्यक्ति मौत व एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों

रिश्तेदारी में आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम से लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार करण पुत्र कुलदीप कुमार (लगभग 22 वर्ष), निवासी गांव विराल, थाना कांधला, अपने ताऊ निरंकार के साथ गांव भनेड़ा उद्दा में तेरहवीं में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम से वापस लौटते समय गांव गोगाबान जलालपुर के पास दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर अचानक एक कुत्ता उनकी बाइक के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े।

हादसा होते देख आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस को



सूचना दी। घायलों को तत्काल थाना भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने करण को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, निरंकार का उपचार जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर है और हर कोई इस दुखद घटना से स्तब्ध है।

# सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ नेत्र एवं दंत जांच शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली सिनेर्जी द्वारा बुधवार को द्वितीय नि:शुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने सेवा का लाभ उठाया इस दौरान लायन डॉ0 अजय वर्मा ने बताया कि सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना के साथ लायंस क्लब शामली सिनेर्जी द्वारा द्वितीय नि:शुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर का सफल आयोजन होली मदरलैंड पब्लिक स्कूल, ग्राम लिलोन में किया गया। इस शिविर में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ ग्राम लिला. न के ग्रामीणों की नि:शुल्क आंखों एवं दांतों की जांच की गई। शिविर का उद्देश्य बच्चों व ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर जांच के महत्व को समझाना रहा।

जांच के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। शिविर के परियोजना अध्यक्ष के रूप में लायन वैभव गुप्ता



एवं लायन तुषार धवन ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। इस अवसर पर क्लब के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से लायन भारत संगल (जोन चेयरमैन), लायन डॉ. अजय वर्मा (अध्यक्ष), लायन रुचिर संगल (सचिव), लायन अमन शर्मा, लायन भुवनेश कौशिक सहित अन्य लायन साथी उपस्थित रहे। क्लब पदाधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन एवं ग्रामवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जन-कल्याणकारी स्वास्थ्य शि. विर आयोजित करने का संकल्प दो. हराया।

# होली के अवसर पर बाजार हुए रंगीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** होली का पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है बाजारों में रौनक बढ़ती दिख रही है। शहर के मुख्य बाजार, शिव चौक, बड़ा बाजार और फव्वारा चौक क्षेत्र में दुकानों पर रंग, गुलाल, पिचकारी और सजावटी सामान की भरमार देखने को मिल रही है। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी दुक. ानों को रंग-बिरंगी झालरों और होली के पोस्टरों से सजा रखा है। दुक. ानदारों का कहना है कि इस बार बिक्री पिछले साल की तुलना में बेहतर रहने की उम्मीद है। होली को लेकर बाजार में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा प्रमुख चौराहों पर निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।कुल मिलाकर होली की खुमारी पूरे शहर पर छाई हुई है। रंगों और उमंगों के इस त्योहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# देश के राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को कांग्रेस के पदाधिकारियों ने देश के राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम हामिद हुसैन को सौंपा जिसमें उन्होंने बताया कि विगत दिनों में विभिन्न समाचार माध्यमों से प्रसारित सूचना से आप निश्चय ही अवगत होंगी कि न्यायालय के आदेश पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले में समय तथा परिस्थिति निश्चय ही समाज में संदेह पैदा करने वाली है। न्यायालय के आदेश की अवहेलना नहीं की जा सकती लेकिन उक्त प्रकरण एक विशेष समय में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध चरणबद्ध तरीके से लाया गया प्रतीत होता है। उन्होंने दिये गये ज्ञापन में बताया कि आप भली भांति परि. चत है कि पूर्व में महाकुंभ मेले में हुई भगदड़ में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने राज्य सरकार की व्यवस्था पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए



**एसडीएम को ज्ञापन देते कांग्रेस पदाधिकारी।** **छाया: शाह टाइम्स**

थे। तत्पश्चात उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें माघ मेला में स्नान से रोक दिया गया और पुलिस द्वारा उनके अनुयायियों पर बल प्रयोग किया गया। उक्त प्रकरण एक व्यापक राजनीतिक और सामाजिक विमर्श का विषय बना। तभी से उत्तर प्रदेश सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री का विशेष रूप से स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध अन्यायपूर्ण रवैया भी लगातार सामने आ रहा है। ऐसे में प्राथमिकी दर्ज कराने वाले व्यक्ति की पृष्ठभूमि तथा मंशा की जांच भी अत्यंत आवश्यक है। निष्पक्ष जाँच के लिए आवश्यक है कि, हाई कोर्ट अथवा सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की देखरेख में जांच कार्य हो, जिससे जांच का कार्य बिना किसी पक्षपात के संपन्न हो सके। किसी भी धर्मगुरु का ऐसे संगीन अपराध में लिप्त होना पूरे समाज के लिए घातक साबित होगा।

ऐसे में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को किसी दुर्भावना से अगर फंसाने का प्रयास और भी अधिक चिंता का विषय हो सकता है। दोषी को सजा मिलनी ही चाहिए। लेकिन किसी निर्दोष को जबरदस्ती किसी मामले में फंसाने का कृत्य बेहद निंदनीय है। शंकराचार्य जैसे धर्मगुरु को फर्जी मुकदमे में फंसाने से समाज में विद्वेष ही पैदा होगा। लोकतंत्र में असहमति को दंडात्मक शक्ति से दबाने का प्रयास न समाज के हित में है और न ही देश हित में।

अत: आपसे अनुरोध है पूरे प्रकरण की निष्पक्ष को सुनिश्चित करने हेतु एक स्वतंत्र जांच समिति का गठन कर उचित कार्यवाही करें। दैवज्ञ पंडित प्रेमकिशोर कोठारी, वैभव गर्ग, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, पंडित सहदेव शर्मा, रविन्द्र आर्य, पंडित दीपक जोशी, शेखरपाल, पंडित ज्योति प्रसाद शर्मा, विजेन्द्र पाल वर्मा, पंडित नरेश कुमार, सोहिल धीमान, पंडित धीरज शास्त्री, पंडित विनोद कुमार अत्री, डा० श्रीपाल सिंह, पंडित हरीश, अमित डिंपल शर्मा, पंडित उमाशंकर शास्त्री, बाबूखान, पंडित आयुष शर्मा, सागर खण्डेलवाल, पंडित संजय शर्मा, मास्टर नरेन्द्र सिंह कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद एवं अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### घर में घुसकर महिला से की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के मोहल्ला इकबालपुरा में एक महिल ने रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामला सामने आया है जिसमें पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला इकबालपुरा निवासी रिमशा पत्नी शकील ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि विगत 21 फरवरी को दोपहर करीब दो बजे वह अपने घर में मौजूद थी। आरोप है कि उसी दौरान मोहल्ला अफगानान निवासी कय्यूम व शकील पुत्रगण अय्यूब, सादमा पत्नी आसिफ तथा साबिर पुत्र सालिम लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान एक आरोपी ने उसके पेट में लात मार दी, जिससे उसे गंभीर चोट आई हैं। शोर-शराबा सुनकर उसकी माता और भाभी समेत अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित महिला का कहना है कि किसी कारणवश वह तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सकी। बाद में कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को रास्ते में रोककर मारपीट कर सोने की चेन छीनने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बुधवार को क्षेत्र के गांव रामड़ा निवासी एक युवक ने कुछ लोगों पर रास्ते में रोककर मारपीट करने तथा नकदी व सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने तहरीर देकर नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के गांव रामड़ा निवासी सोनू शर्मा पुत्र जिनेश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका गांव में शकील पुत्र रहमत और बला पुत्र हकीमु के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। गांव के कुछ लोगों ने उसे समझौते के लिए बुलाया था।आरोप है कि जब वह मौके पर जा रहा था, तभी रास्ते में जुल्फुक्कार, मोमिन, फारुख समेत करीब 10 अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसकी जेब से 3500 रुपये की नकदी तथा गले से करीब डेढ़ तोले की सोने की चेन छीन ली। आरोप है कि आरोपियों ने धमकी दी कि उनके खिलाफ पहले भी गैंगस्टर के मामले में मुकदमे दर्ज हैं और वे पुलिस से नहीं डरते। साथ ही भविष्य में विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दो आरोपियों को पकड़ लिया, जबकि अन्य फरार हो गए। पीड़ित ने नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वांछित वारंटियों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** शामली पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कांधला पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जानकारी के अनुसार थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद से थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी सुभाष पुलिस गिरफ्त से बचता फिर रहा है। बुधवार को पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि कहना है कि वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## तीन दोषियों को मिली अर्थदण्ड की सजा

कैराना। बुधवार को अलग-अलग वर्षों में दर्ज तीन आपराधिक मामलों में प्रभावी पैरवी के बाद न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा और अर्थदंड से दंडित किया है। मामलों में अवैध हथियार रखने, लापरवाही से वाहन चलाकर चोट पहुंचाने और सार्वजनिक स्थान पर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कृत्य करने के आरोप शामिल थे। आयुध अधिनियम के तहत पहला मामला वर्ष 2012 का है। थाना थानाभवन में मु0अ0सं0 16/2012 धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में आरोपी प्रदीप पुत्र महीपाल निवासी लतीफगढ़ पर अवैध हथियार रखने का आरोप था। आयुध अधिनियम की धारा 25 अवैध शस्त्र रखने या उपयोग करने से संबंधित है, जिसमें कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। न्यायालय ने आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि (पांच दिन) की सजा व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। लापरवाही से वाहन चलाने का दूसरा मामला वर्ष 2013 का है। थाना झिंझाना में मु0अ0सं0 321/2013 धारा 279/338 भादवि के तहत दर्ज मुकदमे में आरोपी बिजेंद्र उर्फ बिल्ला पुत्र ज्ञान सिंह निवासी बान्नीपुर पर सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से वाहन चलाने (धारा 279) और ऐसी लापरवाही से किसी व्यक्ति को गंभीर चोट पहुंचाने (धारा 338) का आरोप था। इन धाराओं में कारावास या जुर्माने का प्रावधान है। न्यायालय ने आरोपी को दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर चार दिन के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा अपराध तीसरा मामला वर्ष 2019 का है। थाना झिंझाना में मु0अ0सं0 844/2019 धारा 278 भादवि के तहत दर्ज मुकदमे में आरोपी सतबीर पुत्र सहीराम निवासी ग्राम चौंदाहेड़ी पर ऐसे कृत्य का आरोप था, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान या असुविधा हो सकती थी। धारा 278 सार्वजनिक वातावरण को दूषित करने या स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कार्य से संबंधित है। न्यायालय ने आरोपी को 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दो दिन के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और प्रभावी पैरवी लगातार जारी है, जिससे पुराने मामलों में भी दोष सिद्ध हो रहा है और अपराधियों को सजा मिल रही है।

# धारदार हथियार से हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति ने एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को चिकित्यालय में भर्ती कराया गया जहां से घायल ने चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी निवासी कल्लू ने बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके भाई सोनू के साथ मारपीट की थी। उस समय गांव के गणमान्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था, लेकिन तभी से आरोपी पक्ष पीड़ित परिवार से रंजिश मानकर चल रहा था। आरोप है कि मंगलवार की शाम पीड़ित युवक गली में खड़ा था, तभी आरोपी ने अचानक धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो



आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर आरोपी के के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने घायल व उसके परिवार को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# वेद पारायण महायज्ञ का हुआ भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बुधवार को नगर के आर्य समाज मंदिर में आयोजित चतुर्थ वेद पारायण महायज्ञ एवं संगीतमय वैदिक रामकथा का अष्टम एवं अंतिम दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। प्रात:काल विद्वान पंडित विजय भारद्वाज ने वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। वेदमंत्रों की गूंज से पूरा परिसर आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर हो उठा। अंतिम दिवस के यजमान डॉ. अजय अग्रवाल, अमन अग्रवाल, गौरव सिंघल, सोनू तंवर, दीपक बंसल, गौरव गोयल, राजीव बंसल एवं राजीव वर्मा सपत्नीक यज्ञ में शामिल हुए और विश्व शांति व समृद्धि की कामना की। समापन अवसर पर भजनोपदेशक संदीप गिल आर्य ने रामायण के राम-रावण युद्ध प्रसंग का संगीतमय व ओजपूर्ण वर्णन किया। "राम का नाम लेकर जो मर जाएंगे, वो अमर नाम कर जाएंगे। और राम जी की सेना चली, पापियों के नाश को जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पांडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजता रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी यजमानों को पुस्तक, फोटो एवं कैलेंडर भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में सहयोग देने वाले युवा कार्यकर्ताओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अंत में प्रधान कुलदीप सिंघल एवं संजय राजवंशी ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में नगर के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस प्रकार महायज्ञ एवं वैदिक रामकथा का आयोजन भव्य और विधिवत रूप से संपन्न हुआ।

# वेतन न मिलने पर संविदाकर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** बुधवार को विकासखंड क्षेत्र के जसाला विद्युत उपकेंद्र पर तैनात एक संविदाकर्मी को एक माह का वेतन न मिलने पर कर्मचारियों में रोष फैल गया। जिस पर आक्रोशित संविदाकर्मियों ने बिजलीघर परिसर में कंपनी के खिलाफ सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर नाराजगी जताई और समय पर वेतन भुगतान की मांग उठाई।

जानकारी के अनुसार विकासखंड क्षेत्र के जसाला बिजली घर उपकेंद्र पर तैनात संविदाकर्मी अमजद का एक माह का वेतन लंबित है। वेतन न मिलने से क्षुब्ध अन्य संविदाकर्मी भी एकजुट हो गए और धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना था कि कंपनी द्वारा समय पर भुगतान न किए जाने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अधिकांश कर्मचारी अपने मासिक वेतन पर ही आश्रित हैं। धरने की सूचना मिलते ही मैहर इंटरप्राइज कंपनी के सुपरवाइजर मोहित कुमार, व अवर अभियंता राजीव कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्या को सुना और आश्वासन दिया कि बकाया वेतन आगामी माह की तीन तारीख तक दे दिया जाएगा। सुपरवाइजर के आश्वा. सन के बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर दिया, हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी कर्मचारी का वेतन समय पर नहीं



दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। धरने का नेतृत्व कर रहे रामकुमार ने कहा कि कंपनी को कर्मचारियों की मेहनत का सम्मान करते हुए समय पर भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए। इस दौरान रविंद्र कुमार, अजय कुमार, सत्येंद्र, अंकुश, आरिफ, अंकित, मनोज कुमार, रवि कुमार, आदित्य सहित अन्य संविदाकर्मी मौजूद रहे। धरना समाप्ति के दौरान कर्मचारियों ने आपसी सहयोग की भावना से आर्थिक सहायता भी एकत्र की। धरना समाप्त के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

ऐसे में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को किसी दुर्भावना से अगर फंसाने का प्रयास और भी अधिक चिंता का विषय हो सकता है। दोषी को सजा मिलनी ही चाहिए। लेकिन किसी निर्दोष को जबरदस्ती किसी मामले में फंसाने का कृत्य बेहद निंदनीय है। शंकराचार्य जैसे धर्मगुरु को फर्जी मुकदमे में फंसाने से समाज में विद्वेष ही पैदा होगा। लोकतंत्र में असहमति को दंडात्मक शक्ति से दबाने का प्रयास न समाज के हित में है और न ही देश हित में। अत: आपसे अनुरोध है पूरे प्रकरण की निष्पक्ष को सुनिश्चित करने हेतु एक स्वतंत्र जांच समिति का गठन कर उचित कार्यवाही करें। दैवज्ञ पंडित प्रेमकिशोर कोठारी, वैभव गर्ग, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, पंडित सहदेव शर्मा, रविन्द्र आर्य, पंडित दीपक जोशी, शेखरपाल, पंडित ज्योति प्रसाद शर्मा, विजेन्द्र पाल वर्मा, पंडित नरेश कुमार, सोहिल धीमान, पंडित धीरज शास्त्री, पंडित विनोद कुमार अत्री, डा० श्रीपाल सिंह, पंडित हरीश, अमित डिंपल शर्मा, पंडित उमाशंकर शास्त्री, बाबूखान, पंडित आयुष शर्मा, सागर खण्डेलवाल, पंडित संजय आदि रहे।

**सूचना**

I Akash Kumar s/o Shri Pramod R/O Patnipratappur Tehshil Unn District Shamli have changed my name from Aakash Kumar to Akash Kumar for all Purposes.

**सूचना**

मैंने अपना नाम अस मोहम्मद(**AS MOHAMMAD**) से बदलकर आस मौहम्मद(**AAS MOHAMMAD**) रख लिया है। भविष्य में मुझे आस मौहम्मद के नाम से जाना जाए।

**आस मौहम्मद पुत्र अहसान निवासी गंगेरू जिला शामली**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र आदिल व पुत्रवधू फरजाना पत्नी आदिल व भूरा और खुशनुमा पत्नी भूरा को उनके गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मैं और मेरा परिवार इनके किसी भी कार्य के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**इरशाद पुत्र हमीद गांव गढ़ी दौलत जिला शामली**

**सूचना**

शामली में लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक शाह टाइम्स मे समाचार विज्ञापन व विज्ञप्ति के प्रकाशन के लिए सम्पर्क करें।

**सुनील वर्मा जिला प्रभारी शामली।**

मोबाइल न0 8630354443 9897943340

**पता ओमप्लाजा मार्किट निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा फाटक शामली**

# चार लाख कीमत की स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 1 शातिर आरोपी नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 लाख रुपये कीमत की कुल 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है।



थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने गस्त चौकिंग के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक शातिर आरोपी नशा तस्कर मेहरबान पुत्र इलियास निवासी ग्राम महेश्वरी कलाँ थाना चिलकाना को ग्राम बहादरा से दबकौरा की ओर जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसआई सुखबीर सिंह, रवि कुमार, कांस्टेबल जिम्मी सागर शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर पुलिस टीम ने एक आरोपी शराब तस्कर मुन्ना पुत्र नौशाद निवासी ग्राम दौलतपुर थाना चिलकाना को 12 बोतल अवैध देशी शराब हरियाणा मार्का के साथ गिरफ्तार किया है।

# रजापुर गांव में पशु व्यापारी से लाखों रुपये की लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर के बडकला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रजापुर के पास बुधवार की सुबह करीब 2:30 बजे एक पशु व्यापारी के साथ सड़क पर लूट की बड़ी घटना हुई।

पीड़ित परवेज उर्फ सोनूपुत्र अब्दुल वहीद) और उनके साथी जहांगीर उर्फ काला पुत्र मतलुब दोनों रजापुर निवासी, पिकअप वाहन से दूनपुर बाजार पशु खरीदने जा रहे थे रजापुर से निकलकर श्मशान घाट के निकट तिव मोड़ पर पहुंचते ही सड़क के बीच में एक बाइक पड़ी दिखी। गाड़ी रुकते ही पीछे से 4-5 अज्ञात बदमाश आए।

उन्होंने मारपीट कर डराया-धमकाया और जबरन जेब से 5 लाख 8 हजार रुपये नकद छीन लिए। लूट के बाद बदमाश रजापुर दिशा में फरार हो गए. पीड़ित ने फौरन 112 इमरजेंसी पर सूचना दी।



सूचना मिलते ही 112 पुलिस, स्थानीय पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीमें मौके पर पहुंचीं। घटनास्थल का मुआयना किया गया, साक्ष्य एकत्र किए गए और पीड़ित से पूरी जानकारी ली गई। पिकअप वाहन व ड्राइवर को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी गई है।थाना फतेहपुर पर पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है। कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ जारी है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही लुटेरों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह घटना स्थानीय स्तर पर सुरक्षा को लेकर चिंता का विषय बन गई है। ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय सड़क पर यात्रा करने वाले व्यापारियों के लिए खतरा बढ़ गया है। लोग बेहतर पुलिस गश्त और सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि घटना से जुड़ी कोई भी सूचना मिले तो तुरंत थाने या 112 पर सूचित करें।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**नगीना।** मौहल्ला पंजाबियान निवासी मौ. काशिफ पुत्र मौ. रागिब ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 20 फरवरी को उसकी बाइक संख्या UP20AR 9057 घर के बाहर खड़ी थी। रात में वह बाइक को घर में खड़ी करने के लिए घर के बाहर आया तो बाइक गायब थी। उसने बताया कि उसकी बाइक चोरी कर ली है, क्योंकि अज्ञात व्यक्ति सीसीटीवी कैमरे में बाइक ले जाते देखा जा रहा है। जिसकी वीडियो क्लिप काशिफ ने अपने पास होना बताया। उसने बताया कि बाइक में लगे बैग में ऑनलाइन राशन कार्ड के कागजात, राशन की दुकान की चाबी, पासबुक, सर्वयूपी ग्रामीण बैंक की एवं वाहन उपरोक्त से सम्बन्धित सभी कागजात, आरसी आदि भी रखी थी। उसने कहा कि मोटर साईकिल को शीघ्र से शीघ्र बरामद किया जाना अति आवश्यक है ताकि मुलजिम गाड़ी व गाड़ी में रखे कागजात व चाबी का दुरूपयोग न कर सके। थाना प्रभारी अवनीत मान ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दूध मावा क्रीम फैक्ट्री से भरे छह सैंपल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के दिशा-निर्देश पर होली के मद्देनजर खाद्य विभाग की टीम ने मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

इसी कड़ी में महानगर की मिगलानी बिल्डिंग के पास स्थित चोपडा फक्ट्री पर सिटी मजिस्ट्रेट और खाद्य विभाग की टीम ने एक दूध व मावा बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मारकर कर वहां मौजूद दूध, दही, क्रीम व मावे के छह सैंपल भरे जो जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि टॉयलेट के पास ही दूध और मावा तैयार किया जा रहा था, जबकि दूध को बर्फ में दबाकर रखा गया था। टीम ने मामला गम्भीर व संदिग्ध मानते हुए सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह और साहायक आयुक्त खाद्य अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि होली के त्योहार को देखते हुए जिले भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि जहां से शिकायत या सूचना मिलेगी, वहां तत्काल छापेमार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने बताया कि होली को को देखते हुए कार्रवाई की गई है क्योंकि होली पर खाने-पीने कीं चीजों मे ज्यादा मिलावट की जाती है। व्यापारी ज्यादा मुनाफे के चक्कर में ज्यादा मिलावट करते हैं जिस कारण आमजन की सेहत से खिलवाड़ किया जाता है। आज मिगलानी बिल्डिंग के समीप जिस फैक्ट्री में छापेमारी कार्यवाही की गई है वह चोपड़ा फैक्ट्री है जो दूध की बहुत बड़ी फैक्ट्री है। जिसमें जांच के दौरान अनेक खामियां पाई गई है। सिटी मैजिस्ट्रेट ने आम जनता से अपील की है कि त्योहार के दौरान रंग-बिरंगी खाद्य सामग्री खरीदने से बचें, क्योंकि कृत्रिम रंगों से बनी वस्तुओं के सेवन से गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह के भीतर मसाला फैक्ट्री, पनीर, कचरी और पापड़ सहित अन्य खाद्य पदार्थों के भी सैंपल लिए जा चुके हैं।

# बालिकाओं से पुलिस का सीधा संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय पहल की गई। थाने में तैनात महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर और महिला पीआरडी सुषमा ने स्कूलों की छुट्टी के समय बाजारों में जाकर बालिकाओं को जागरूक किया।

स्कूल छुटने के बाद जब बच्चियां बाजारों या सड़कों पर होती हैं, तब पुलिस की यह टीम उनसे सीधे संवाद करती है।टीम ने बालिकाओं को बताया कि अजनबी से बातचीत कैसे कम करें, आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर का इस्तेमाल कैसे करें। साथ ही, आत्मरक्षा के सरल उपाय, मोबाइल फोन का सुरक्षित उपयोग और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या असुरक्षा की स्थिति में



तुरंत पुलिस या परिवार को सूचित करने की सलाह दी गई।महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर ने कहा, ष्बालिकाएं समाज का भविष्य हैं। उन्हें जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना हमारी जिम्मेदारी है। बाजार जैसे सार्वजनिक स्थानों पर यह जागरूकता अभियान उन्हें सुरक्षित महसूस कराता है।ष्पीआरडी सुषमा ने भी बालिकाओं से बातचीत कर उनके सवालों के जवाब दिए और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे डरें नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित करें।

## ट्रेन से गिरकर घायल

**नागल।** ट्रेन में चढते समय फिसलकर गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

कस्बा निवासी गुलशन गुगलानी देवबंद मे गार्ड की नौकरी करता है ।बुधवार सुबह वह 5-40 वाली ट्रेन से देवबंद जा रहा था। ट्रेन मे चढते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह असंतुलित होकर पटरियों के बराबर मे नीचे जा गिरा जिससे ट्रेन की रगड लगने से वह बुरी तरह घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस डिब्बे मे वह चढ रहा था आखिर का दूसरा डिब्बा था जिस कारण गंभीर घटना घटित होने से बच गई। आसपास के लोगों ने उसे उठाया और सरकारी एंबुलेंस व पुलिस को सूचित कर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया।प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# मदरसा काशिफ उल उलूम के उस्ताद व साथी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** चंडीगढ़ में एक सड़क हादसे में छुटमलपुर स्थित अरबी मदरसा जामिया काशिफ उल उलूम के वरिष्ठ उस्ताद कारी गुलशेर और उनके साथी कारी सुब्हान की मौत हो गई। यह घटना बीती देर रात मनीमाजरा के हाउसिंग बोर्ड लाइट प्वाइंट पर हुई।



मृतक सुब्हान के भाई मोहम्मद फरमान ने बताया कि दोनों बाइक से चंडीगढ़ से वापस लौट रहे थे। मनीमाजरा के हाउसिंग बोर्ड लाइट प्वाइंट पर रेड लाइट होने के कारण वे रुके हुए थे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही एक थार गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों घायलों को उपचार के लिए पीजीआई ले गई, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मोहम्मद फरमान के अनुसार, टक्कर मारने वाला कार चालक एक पुलिसकर्मी का बेटा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस आरोपी को बचाने का प्रयास कर रही है। मृतक कारी गुलशेर को उनके पैतृक गांव चाटकी में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

# तनिष्क, अर्जुन व मुजम्मिल रहे प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महाराज सिंह कॉलेज में चल रहे संस्थापक सप्ताह के द्वितीय दिवस पर पुरूष वर्ग की बैडमिंटन, शतरंज एवं योग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कालेज में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में खेलों को अवश्य अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर प्रवीण कादियान ने खेलों के महत्व




पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ आपसी सौहार्द और आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करते हैं।

बैडमिंटन में तनिष्क चौधरी ने प्रथम, शान सैनी ने द्वितीय, अंशुल ठाकुर ने तृतीय, शतरंज में अर्जुन शर्मा ने प्रथम, रजत कश्यप ने द्वितीय, रूद्राक्ष राणा ने तृतीय, योग में मौहम्मद मुजम्मिल खान ने प्रथम, सावन कुमार ने द्वितीय, हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेताओं को प्रोफेसर प्रवीण कादियान प्रोफेसर दिनकर मलिक, प्रोफेसर पूनम यादव और डॉ संजीव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# त्यौहारों को मिल जुलकर मनाएं: सुबोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पर आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम सदर सुबोध कुमार व सीओ सदर मुनीश चंद ने क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों को संबोधित करते हुए आने वाले त्योहार होली व रमजान के महीने को आपस में मिलजुल कर मनाने की अपील की।

बुधवार को आयोजित बैठक में एसडीएम सदर ने कहा आगामी मार्च माह के शुरू में 2 मार्च को होली दहन व 4 मार्च को फाग का त्यौहार है इसी के साथ रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है। हमारे हिंदू भाईयों को चाहिए कि अपने आसपास के मुस्लिम भाईयों की भावना का सम्मान करते हुए किसी के भी ऊपर जबरदस्ती रंग न डालें। सीओ सदर मुनीष चंद्र ने कहा क्षेत्र के सभी गांव में होलिका दहन समय पर व सुरक्षित रूप से कराई जाने के लिये सभी ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान चौकीदार व अन्य गणमान्य लोगों की एक कमेटी भी बनाई जाएगी।थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि यदि त्यौहार पर कोई भी व्यक्ति खुराफात करता पाया गया तो पुलिस प्रशासन उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा।

## शिविर का समापन

**गंगोह।** वेबटेक कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी फतेहपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ।

छात्रों ने सामाजिक जागरूकता राष्ट्रभक्ति, महिला सशक्तिकरण और सेवा भावना पर आधारित मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक निर्देशक संजीव कुमार, निर्देशक अनंत दक्ष एवं कार्यवाहक प्राचार्य रोहित शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु प्रेरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम अधिकारी रोहित शर्मा नेस्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान, जागरूकता रैली पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, स्वास्थ्य जागरुकता और सामाजिक सेवा गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा दिया।

# छिदबना में पानी की टंकी का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने विधानसभा क्षेत्र रामपुर मनिहारान के ग्राम छिदबना में प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन के अंतर्गत नवनिर्मित पानी की टंकी का विधिवत शुभारंभ किया।

विधायक ने कहा कि "प्यास बुझेगी हर आंगन की, शक्ति बढ़ेगी जन-जन की" के संकल्प के साथ अब ग्राम छिदबना के प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी।उन्होंने कहा कि इस योजना से माताओं-बहनों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम में भी सहायता मिलेगी। विधायक ने केंद्र व प्रदेश सरकार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

# आश्वासन बाद चक्का जाम स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** कोतवाली अन्तर्गत गांव सांगाठेडा से लापता हुई युवती की बरामदगी को लेकर हुई पंचायत में मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोगों द्वारा 24 घंटे के अंदर युवती की बरामदगी का आश्वासन दिये जाने के बाद जहां धरना प्रदर्शन और चक्का जाम फिलहाल स्थगित कर दिया गया।

दुसरी तरफ युवती ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर स्वयं को बालिग बताते हुए आरोपी युवक के साथ रहने की बात कही है। आरोप लगाया कि उसके घरवाले उन्हें मारने की धमकी दे रहे थे। पंचायत में जिशान एडवोकेट, प्रधान तनवीर, पूर्व प्रधान वादिल व नसीम एडवोकेट ने युवती को बरामद कराने का वायदा किया। विधायक किरत सिंह, पूर्व जिपंस चौ. नक्षत्रपाल सिंह, रोहित प्रधान, गौरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष सावन वर्मा, जिलाध्यक्ष रोबिन जंधेडा, नगराध्यक्ष अखिल, मोहित, तेजन, मा. श्रवण कुमार, मा. करेशन, किरणपाल, नाथीराम प्रधान, रोहित कश्यप, बिल्लू चौधरी, अभिषेक, लवी आदि रहे। मौजूद लोगों व नेताओं ने गांव की शांति व्यवस्था और भाईचारे की अपील की।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र बलविन्द्र को गलत संगत व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। दिनांक 22.02.2026 उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**बहाल सिंह पुत्र दिलाराम निवासी ग्राम कलरी, थाना सरसावा, जिला सहारनपुर।**

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल द्वितीय, सहारनपुर**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

निविदा सं. एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 56/डब्लू/2025-26:- विद्युत वितरण उपखण्ड-आई.टी.आई. के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत, रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य। (निविदा मूल्य रू. 3540.00 धरोहर राशि रू. 20000.00 मात्र)
2. 57/डब्लू/2025-26:- विद्युत वितरण उपखण्ड-रामपुर मनिहारन के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत, रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य। (निविदा मूल्य रू. 3540.00 धरोहर राशि रू. 20000.00 मात्र)
3. 58/डब्लू/2025-26:- विद्युत वितरण उपखण्ड-नानौता के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत, रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य। (निविदा मूल्य रू. 3540.00 धरोहर राशि रू. 20000.00 मात्र)

अल्पकालीन ई-निविदा की अंतिम तिथि: 11.03.2026 समय 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# सौहार्दपूर्ण त्यौहार मनाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** आगामी होली पर्व एवं रमजान माह के मद्देनजर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया और दोनों त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई ।

एसडीएम देवबंद युवराज सिंह ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के प्रतीक हैं। त्योहारों के दौरान कभी-कभी बच्चों से रंग डालते समय अनजाने में गलती हो जाती है, ऐसे में संयम और क्षमाशीलता का परिचय देना समाज के हित में है। उन्होंने सभी समुदायों से शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।



सीओ अभितेष सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कोई भी समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। थाना अध्यक्ष राजकुमार चौहान ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

बैठक में बिरमपाल प्रधान, पवित्र सिंह, मोहम्मद नईम, मोहम्मद फैसल, राहुल, इकबाल, नफीस, सुरेश कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# चेक बाउंस मामले में दोषी को एक वर्ष की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** चेक बाउंस मामले के एक प्रकरण में सिविल जज (जू.डी) जे.एम देवबंद प्रिंस जिंदल ने छह वर्ष पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए अभियुक्त जलसिंह पुंडीर निवासी संतोष विहार कालोनी, नानौता को दोषसिद्ध करार दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को धारा 138 एन आई नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत एक वर्ष का साधारण कारावास तथा परिवादी को 6 लाख रुपये प्रतिकर राशि अदा करने (जुर्माना) की सजा सुनाई है। प्रतिकर राशि अदा नहीं करने पर भी अतिरिक्त सजा होगी।

मंगलवार को वादी के अधिवक्ता अजय गुप्ता ने बताया कि वादी अरविंद सिसोदिया ने वर्ष 2018 में परिवाद प्रस्तुत किया था। परिवाद के अनुसार अभियुक्त ने जनवरी 2015 में परिवादी से 4 लाख रुपये उधार लिए थे। इसके एवज में अभियुक्त ने ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स शाखा नानौता का एक चेक 4 लाख रुपये का दिया था। परिवादी द्वारा चेक को उक्त बैंक में भुगतान के लिए दिया लेकिन बैंक ने पर्याप्त धन न होने के कारण अनादरित कर दिया। इसके बाद परिवादी ने विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए और तय अवधि में भुगतान न होने पर परिवाद न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान अभियुक्त ने स्वयं को निर्दोष बताते हुए चेक चोरी होने व निर्दोष बताते हुए चेक जारी करने से इंकार कर दिया।

# आईआईएमटी में स्वयंसेवकों का पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ कॉलेज की सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्राम कौलकी कलां के उच्च प्राथमिक विद्यालय,अंबेडकर भवन, ग्राम सचिवालय मे पौधारोपण किया गया साथ ही जल संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने हेतु भी स्वयंसेवकों द्वारा गांव मे निकाली गयी।



संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने इस अवसर पर कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया।

कार्यक्रम में 50 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की तथा पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी ब्रज नरेश, अमित परमार द्वारा किया गया।अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने "एक पेड़ ख्र एक जीवन"

ष्आओ मिलकर शपथ उठाएं हर आंगन में पेड़ लगाएष आदि नारों के द्वारा संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

# सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट, तहरीर देकर की कार्रवाई किए जाने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** वक्फ दारुल उलूम क्षेत्र में सफाई कार्य करने गए सफाई कर्मचारी के साथ एक युवक द्वारा मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने अन्य सफाई कर्मचारियों के साथ पुलिस चौकी पहुंच घटना के संबंध में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सफाई नायक सदाकत ने खानकाह पुलिस चौकी में दी तहरीर में कहा है कि बुधवार की सुबह सफाई कर्मचारी सचिन दारुल उलूम वक्फ क्षेत्र में सफाई कार्य करने गया था। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने सही ढग से साफ सफाई न करने की बात कहते हुए गाली गलौज की। सफाई कर्मचारी ने जब विरोध किया तो उसके साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की गई। शोर शराबे की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे अन्य सफाई कर्मचारियों ने उसे बमुश्किल छुड़ाया। तहरीर में घटना के संबंध में उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच कर तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चला स्वच्छता का दिया संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** राजकीय माडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर के एनएसएस शिविर में दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चला स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही गोष्ठी में इंटरनेट का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने के बारे में बताया गया।

गोष्ठी में विशेषज्ञ प्रवेश कुमार ने डिजिटल युग में कंप्यूटर ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि आज के दौर में कंप्यूटर साक्षरता, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन इसके सावधानीपूर्वक इस्तेमाल पर भी हमें ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बेसिक कंप्यूटर संचालन, इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, आनलाइन सेवाओं एवं डिजिटल भुगतान की जानकारी भी दी। प्राचार्य डा. राकेश कुमार ने कहा कि इस तरह के शिविरों के आयोजनों से छात्र-छात्राओं में सेवा भाव पैदा होता है साथ ही सर्वांगीण विकास में भी यह सहायक हैं। इस मौके पर डा. त्रिसुख सिंह, डा. रेणु रानी, डा. धीर सिंह, डा. प्रशांत कुमार व डा. सचिन कुमार, डा. पूर्णिमा सिंह, डा. मदनपाल सिंह आदि छात्र शामिल रहे।



मुकद्दस रमजान
आठवां रोजा इफ्तार
26 फरवरी
---
सुन्नी 06.17 बजे
शिया 06.32 बजे
--------------------
नौवां रोजा सहरी
27 फरवरी
-----
सुन्नी 05.24 बजे
शिया 05.16 बजे
----------
नोट: सहरी और इफ्तार के समय में क्षेत्रवार परिवर्तन संभव है।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम सीरवासुचन्द में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. गुफरान अहमद के सौजन्य से केवीआर अस्पताल, काशीपुर द्वारा लगाया गया। यह शि. विर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नाजिश अंसारी के निवास स्थान पर आयोजित किया गया।

# गोष्ठी एवं किसान मेले का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** त्रिवेणी शुगर यूनिट देवबंद में गोष्ठी एवं किसान मेले का आयोजन हुआ। इसमें किसानों के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों, कीट बीमारियों से बचाव, मशीनीकरण और गन्ना उत्पादन के उन्नत तरीकों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

किसान मेले में सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से कीट वैज्ञानिक डा. गजे सिंह ने किसानों को कीट एवं रोगों के यांत्रिक, रासायनिक एवं जैविक नियंत्रण के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने किसानों को उर्वरकों के संतुलित प्रयोग एवं विधि के बारे में भी जानकारी दी। जिला गन्ना अधिकारी सुशील कुमार ने किसानों को बीज बदलाव से उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया।

कहा कि उन्नतशील एवं रोग प्रतिरोधी गन्ने की बुवाई करके ही अधिक उत्पादन प्राप्ति संभव है। उप गन्ना आयुक्त डा. ओम प्रकाश सिंह ने गन्ना प्रजाति को-0238 की वर्तमान परिस्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि इस प्रजाति का विस्थापन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों को बताया की वर्तमान बुवाई सत्र में गन्ना प्रजाति को-0238 लाल सड़न रोग से ग्रसित होने के कारण बसंत कालीन गन्ना बुवाई में इसके स्थान पर वैज्ञानिकों द्वारा सुझाई गई एवं उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को-0118 को-15023 कोलख-14201 एवं 16202 कोशा-13235, कोशा 18231 इत्यादि की बुवाई करने की सलाह दी। मिल के उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्र ने कहा कि चीनी मिल अपने किसानों की फसल सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) एसके त्यागी ने कहा कि किसान चीनी मिल और सेंटरों पर साफ, ताजा, बिना जड़-अगोला, मिट्टी और पत्ती रहित गन्ना सप्लाई करें। इस दौरान मिल क्षेत्र के सैकड़ों किसान शामिल रहे।






## काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध

**धामपुर।** कन्या इन्टर कालेज में कैशलेस सुविधा से संबंधित शासनादेश जारी होने तक सांकेतिक विरोध हाथों में काली पट्टी बांधकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में कार्य करते हुए विरोध प्रकट करते रहेंगे। कर्मचारियों में यशवीर सिंह, लाल सिंह, सुमित शर्मा, आर्यन राजपूत (लिपिक), दिनेश कुमार, राकेश कुमार, सुनिता, रूबी, ललित कुमार, सचिन कुमार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि शामिल रहे।

## रमजान इबादत का महीना : कारी नईम अहमद

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम सिकरोड़ा निवासी कारी नईम अहमद ने कहा कि रमजान का महीना इबादत का महीना है। इस महीने में हर मुसलमान को नमाज व सदका करना चाहिए। तराबीह की नमाज जरूर पढ़े। रमजानुल मुबारक का रोजा इस्लाम के अरकान में से एक अहम अरकान है, जिसके बगैर आदमी अध. ूरा मुसलमान है। रमजान का रोजा हर मुसलमान आकिल बालिग, मर्द, औरते पर जिसमें रोजा रखने की ताकत हो फर्ज है। जब तक कोई ऊर्ज ना हो तो रोजा छोड़ना दुरुस्त नहीं और अगर रोजा के मन्नत नजर करे, तो रोजा फर्ज हो जाता है। कजा व कुफ्फारे के रोजे भी फर्ज है। इसके अलावा वह सब रोजे नफ्फिल है जिन्हें रखे तो सवाब न रखे तो कोई गुनाह नहीं है। रोजे की इब्तिदा आदम अलैहिस्सलाम के जमाने से ही हो गई थी। नबी करीम ने नबूवत मिलने के बाद तीन साल तक मक्का मौजजमा ही में लोगों को खुदाए पाक का हुक्म सुनाते व तब्लीग करते रहे फिर मक्का मुजमा से हिजरत फरमाने के बाद अब आप मदीने तशरीफ लाए तो वहां पर अहकामात आने शुरू हुए। उन्हीं में से एक हुक्म रोजे का भी था जो हर मुसलमान पर रोजा रखना फर्ज है।

## फ्री बल्ब देने के बहाने बैंक खाते कर रहे खाली

**हीमपुर दीपा।** पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह के नेतृत्व में पुलिस सोशल मीडिया व्हाट्सएप और फेसबुक ग्रुपों में मैसेज भेज कर लोगों को अवगत करा रही है कि कुछ लोग सस्ते फ्री एलईडी बल्ब देने के बहाने लोगों का आधार कार्ड और दस रुपए लेकर डिवाइस पर फिंगरप्रिंट लगवा रहे है। जिससे लोगों का बैंक खाता शून्य हो जा है। इन सब बातों को मद्देनजर रखते हुए कम समय में ज्यादा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस ने सोशल मीडिया ग्रुपों पर मैसेज छोड़ते हुए ऐसे किसी भी व्यक्ति के झांसे में न आने की अपील की है।

## लापता ट्रैक्टर मैकेनिक का शव मिला

**नांगल सोती।** गांव शहजादपुर निवासी इरफान (45 वर्ष) की जीतपुर बस स्टैंड पर ट्रैक्टर मैकेनिक की दुकान थी। सोमवार को इरफान उत्तराखंड के रंजीतपुर में एक कार्यक्रम में गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। बुधवार की दोपहर इरफान का शव गंगा नदी में मिला। परिजन गंगा नदी में डूबने से मौत होने आशंका जता रहे हैं। इरफान की पुत्री की अगले माह शादी थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी लेकिन उनकी मौत से खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों ने शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि शव मिलने की सूचना नहीं मिली है।

## युवती को बहला कर ले गया युवक

**नगीना।** थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि 20 फरवरी को उसकी 21 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई थी। मां का कहना है कि जानकारी करने पर पता चला है कि मुरादाबाद के शरद पुत्र सतीश निवासी होली चौक लाइन पार उसकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया। बेटी पर घर से जेवर और 20 हजार रुपए ले गई है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीत मान ने बताया कि पुलिस मामले में गहनता से जांच कर रही है। जांच कर जल्द आरोपित को पकड़ कर लड़की को बरामद किया जाएगा।

## बुजुर्ग भैंस चोर का वीडियो वायरल

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी पीर निवासी एक दाढ़ी वाले बुजुर्ग को चोरी की भैंस के साथ कुछ ग्रामीणों ने देर रात पकड़ लिया। जहां ग्रामीणों ने उस बुजुर्ग चोर की वीडियो बनाकर वायरल कर दी। हालांकि यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है। उधर बुजुर्ग शातिर चोर हाथ जोड़कर अपने कारनामे की माफी मांग रहा है। परन्तु किसी गरीब की लाखों की भैंस चुराते वक्त उसे यह ख्याल नहीं आया। उक्त व्यक्ति का नाम उमरी पीर निवासी मुन्ना उर्फ बटवा बताया जा रहा है। उधर यह वीडियो कब की है यह कह पाना संभव नहीं है।

## श्रद्धापूर्वक मनाया होली का त्यौहार

**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ सभा सुनारो वाले मंदिर में महिला कमेटी द्वारा रंगों का त्योहार होली श्रद्धा पूर्वक तथा उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं ने ढोलक की थाप पर तथा डैक के गीतों पर जमकर नृत्य करके समा बांध दिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी तथा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। उमा वर्मा द्वारा होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया गया की हिरण्यकुश के पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु की पूजा किया करते थे, जो की हिरण्य कुश को पसंद नहीं था।

# रुद्रपुर में विवाहिता के साथ गैंगरेप का वांछित रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़ा

**लिंक एक्सप्रेस में जीआरपी को देख कर खाया जहर**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** रुद्रपुर में विवाहिता के साथ गैंगरेप का वांछित बीती शाम लिंक एक्सप्रेस ट्रेन में नजीबाबाद-नगीना रेलवे स्टेशन के बीच नियमित जांच कर रही रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जीआरपी को उत्तराखंड सिविल पुलिस समझ बैठे अभियुक्त ने घबराकर चूहेमार दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। रेलवे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे नगीना रेलवे स्टेशन पर उतार लिया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम रेलवे पुलिस द्वारा नजीबाबाद-नगीना रेलवे स्टेशनों के बीच लिंक एक्सप्रेस ट्रेन के कोच में नियमित चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन में यात्रा कर रहे उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी 23 वर्षीय अभय सक्सेना पुत्र रवेंद्र सक्सेना जो कि रुद्रपुर में 22 फरवरी की रात विवा. हता के साथ हुए गैंगरेप के मामले में वांछित है। रेलवे पुलिस को उत्तराखंड सिविल पुलिस समझ बैठा और घबराकर उसने चूहेमार दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होते ही रेलवे पुलिस ने उसे नगीना रेलवे स्टेशन पर उतार लिया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले गए। जहां पर चिकित्सा प्रभारी विशाल दिवाकर की मौजूदगी में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों व सहयोगी स्टाफ ने उसका उपचार शुरू कर दिया और युवक की स्थिति सामान्य होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी जीआरपी नजीबाबाद द्वारा युवक को उत्तराखंड पुलिस को सुपुर्द करने के साथ साथ उसके परिजनों को भी सूचित कर दिया गया।



**आवश्यकता है।**

**देवबंद कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन देवबंद**

**बी.एड. पाठ्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर्स**
**विषय:-उर्दू शिक्षण, हिंदी शिक्षण एवं गणित शिक्षण**

**योग्यता:** सम्बंधित विषयों के स्नातकोत्तर एवं एम.एड. में 55% अंकों के साथ शिक्षा शास्त्र में NET या PhD
**वेतनमान:** यू.जी.सी. एवं माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 2 अप्रैल 2026 को प्रात: 10 बजे महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु अपने समस्त मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

प्राचार्य
डा. मो. आबिद
(9411298511)

वेबसाइट
http://www.dcheducation.co.in

ई-मेल
dchedeoband763@gmail.com

पता -देवबंद कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन देवबंद,
देवबंद-सहारनपुर जी.टी. रोड/
(हाईवे) देवबंद (सहारनपुर)
पिन: 247554

# बीटेक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2026 में बी.टेक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हुआ। जिसमें ईशिता त्यागी ने 88.22 प्रतिशत अंक पाकर कर प्रथम स्थान, नूर फात्मा ने 87.88 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व सिद्धि मुदगल ने 87.66 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा संस्था के अन्य अधिकतर विद्यार्थियों ने भी विशेष योग्यता से परीक्षा उत्तीर्ण की।

प्रबन्ध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कुंवर उदयन वीरा, कुंवर रुचि वीरा सांसद मुरादाबाद व श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके अथक परिश्रम और लगन के लिए हृदय से सराहना की। संस्था के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुशवाहा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शुभम कुमार, नाइला नईम, डॉ. नीतीश कुमार, हर्ष राजपूत, राशि, प्रगति गर्ग, अनमोल कुमार आदि को भी बधाई दी।

## शुगर मिल में मेडिकल कैंप का आयोजन



**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल में आज सिद्ध हॉस्पिटल, मुरादाबाद के सहयोग से एक नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 104 श्रमिकों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की गई, तथा उनकी बीमारियों के अनुसार निशुल्क दवाइयां सिद्ध अस्पताल, मुरादाबाद के डॉक्टर्स की टीम के द्वारा दिया गया। मेडिकल कैंप का उद्घाटन धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सिद्ध हॉस्पिटल, मुरादाबाद के वरिष्ठ डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. सुमित खत्री, डॉ. मौहम्मद इमरान और डॉ. नेहा चंद्रा उपस्थित थे। डॉक्टरों की टीम ने ब्लड प्रेशर, लिपिड प्रोफाइल, एक्स-रे, न्यूरो केसेज, हड्डी संबंधित तथा महिलाओं से संबंधित बीमारियों, ईसीजी जैसी जांचें कीं और नि:शुल्क दवाईयां प्रदान कीं। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल की डिस्पेंसरी की टीम - सहायक मेडिकल ऑफिसर कमल सिंह पवार, राजेंद्र सिंह विजय कुमार, कविता रानी ने सहयोग किया।

# बसपा नेता शेख मौहम्मद जैद की वालिदा का इंतकाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** युवा बसपा नेता शेख मौहम्मद जैद की वालिदा का लम्बी बीमारी के बाद दिल्ली के एक अस्पताल में इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर सुनते ही उनके निवास स्थान पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। उनकी नमाज ए जनाजा बाद नमाज ए जोहर अदा की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला मियाजी मौखा निवासी वरिष्ठ बसपा नेता मरहूम अब्दुल समी की पत्नी व युवा बसपा नेता शेख मौहम्मद जैद, शान मौहम्मद एड., शेख मौहम्मद उवैश की वालिदा शमा मजहर (62 वर्ष) का लम्बी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उन्होंने कल शाम साढ़े छह बजे दिल्ली के अस्पताल में अन्तिम सांस ली। आज बाद नमाज ए जोहर नगर की जामा मस्जिद के जनाजा गाह में उनकी नमाज-ए-जनाजा मौलाना नईम ने अदा कराई।



शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का लगा तांता

उसके बाद उन्हें अब्दुल रज्जाक स्कूल के समीप कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी नमाज जनाजा में भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। शेख मौहम्मद जैद लगातार दिल्ली में ही रहकर अपनी वालिदा का इलाज करा रहे थे। शमा मजहर दीनदार नमाजी और मिलनसार महिला थीं। नगर की महिलाओं ने भारी संख्या में मरहूमा की अयादत के लिए पहुंचकर दुआ ए मगफिरत की।

मरहूमा की नमाज ए जनाजा में मुख्य रूप से जियाउर्ररहमान बर्क सांसद संभल, पूर्व विधायक शेख सुलेमान, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी, शेख कमरूल इस्लाम पूर्व चेयरमैन शेरकोट, शेख इरशाद हुसैन, मौहम्मद अरशद पैगाम वाले, पूर्व चेयरमैन साहनपुर, मुमताज अंसारी, सनी एड. पुत्र पूर्व चेयरमैन स्योहारा, सलमान कुरैशी पूर्व सपा जिलाध्यक्ष, नईम अहमद एड., हरिश्चंद्र कर्णधार, अकबर अहमद डंपी झालू, जमील अहमद प्रधान मौहम्मदपुर मण्डावली, फैजान मेडीकल वाले, मुफ्ती रियाजुद्दीन, जहीर खान एड., इमरान असगर एड., शेख मौहम्मद फैज, सूफी अब्दुल कदीर, मौहम्मद यासर एड., इस्माइल तुर्क, सुरुश अनवर एड., रिजवान हसन सभासद, अहमद हसन कुरैशी आदि ने भारी संख्या में शिरकत की।

# मॉडर्न एरा में क्लास शो का आयोजन

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के valley of flowers विंग में क्लास शो का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा बालवाटिका- 1 के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना था।

कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए इन कक्षाओं के समस्त अभिभावकों को आमंत्रित किया गया और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपना पूरा सहयोग किया। सबसे पहले विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने सभी अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। फिर कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर प्रिंसिपल ने अभिभावको के साथ दीप प्रज्वलन करके की। उसके बाद ग्रुप सांग, ग्रुप डांस आज है संडे, योगा, फैंसी ड्रेस- अवर हेल्पर्स, कविता बिजली बचाओ, कविता घड़ी, कहानी प्यासा कौवा, टग ऑफ वार, डांस इत्ती सी हँसी, नंबर एक्टिविटी, सोलो सॉन्ग अहा टमाटर, इंग्लिश पोयम ट्रैफिक लाइट, पोयम वाटर, सोलो डांस परीलोक से आई, स्केटिंग, कलर रिकॉग्निशन ट्रेन, बैंड टीम का प्रदर्शन इंग्लिश स्टोरी ग्रीडी फॉक्स, ग्रुप डांस फिर भी दिल है हिंदुस्तानी और ताइक्वांडो आदि जोरदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चे अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान पाएंगे और अपनी प्रतिभा के बल पर अपने माता पिता और अपने विद्यालय का ही नहीं अपितु अपने जिले और देश का नाम भी रोशन करेंगे। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की खूब सराहना की और डायरेक्टर प्रिंसिपल मैम को कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत बधाई दी और उनसे अनुरोध किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय द्वारा किया जाना चाहिए, जिससे छोटे बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा का आकलन किया जा सके व वे उसी क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। समस्त कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनाक्षी शर्मा, शालिनी तुली, रेनू सिंह, हबीबा खान, कविता गोस्वामी आदि रहे।




**सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है **संत शिरोमणि गुरु रविदास मन्दिर समिति, ग्राम दत्तौली मुगल पोस्ट बेहड़ा सन्दल सिंह तहसील व जिला-सहारनपुर उ0प्र0** के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है:- 1.श्री शिव कुमार संरक्षक 2.श्री अजय कुमार अध्यक्ष 3.श्री भजन कुमार उपाध्यक्ष 4.श्री सतीश कुमार सचिव 5.श्री श्यामपरित उपसचिव 6.श्री दीपक कुमार कोषाध्यक्ष 7.श्री सुरेश पाल सलाहकार 8.श्री खन्ना सिंह सदस्य 9.श्री अर्जुन कुमार सदस्य 10.श्री शुभम सदस्य 11.श्री प्रवीण कुमार सदस्य 12.श्री ओम कुमार सदस्य 13.श्री चौधरी सदस्य 14.श्री रोहित कुमार सदस्य 15.श्री सतेन्द्र कुमार सदस्य 16.श्री विपिन कुमार सदस्य 17.श्री सौरभ कुमार सदस्य 18.श्री अजय कुमार सदस्य 19.श्री मांगेराम सदस्य 20.श्री अंकित कुमार सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है।

यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मन्दिर के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मन्दिर के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3(1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

(शिवेन्द्र कुमार पाण्डे)
सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज
तथा चिट्स, सहारनपुर।

# भारत के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला आज

## गत चैंपियन को सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों के लिए जिम्बाब्वे को हराना होगा



चेन्नई, वार्ता। खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरा गत चैम्पियन भारत 'करो या मरो' के मुकाबले में फंस गया है और सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों के लिए उसे गुरुवार को जिम्बाब्वे को हराना होगा। सुपर 8 में बने रहने की लड़ाई नाम, आंकड़ों या टूर्नामेंट से पहले की हाइप से तय नहीं होती यह हिम्मत, मेहनत और दबाव में हर रन और हर विकेट के लिए लड़ने की इच्छा से तय होती है। गुरुवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में उमस भरी शाम को, भारत और जिम्बाब्वे दोनों यह जानते हुए मुकाबले में उतरेंगे कि एक और हार न सिर्फ उनके कैंपेन को नुकसान पहुंचाएगी, बल्कि उनके सेमीफाइनल के सपने भी खत्म कर देगी। यह स्टाइलिश दबदबे का मुकाबला नहीं है। यह लड़ने वालों का मुकाबला है। भारत पर उम्मीदों का बोझ है, लेकिन सिर्फ उम्मीद से स्कोरबोर्ड पर दबाव नहीं पड़ता। उनके बल्लेबाजों को अपनी ताकत दिखाने से पहले सब्र के साथ पारी बनानी होगी।

शुरुआती ओवरों में टॉप ऑर्डर को डिसिप्लिन दिखाना होगा, नई गेंद की चुनौती को समझना होगा और फिर कंट्रोल में अटैक करना होगा। बीच के ओवर जंग का मैदान बन जाते हैं जहां या तो मोमेंटम बचाना होता है या खोना होता है। बहुत कुछ सूर्यकुमार यादव के निडर स्ट्रोक प्ले पर निर्भर करेगा, जो एक ऐसे बैट्समैन हैं जो तेज और अहम शॉट सिलेक्शन से गेम की लय बदल सकते हैं। उनका साथ हार्दिक पंड्या की जबरदस्त फिनिशिंग काबिलियत देगी, जिनसे उम्मीद की जाएगी कि वे क्लासिक लेट-इनिंग्स रोल-एब्जॉर्ब प्रेशर निभाएंगे, फिर जब बॉलर थक जाएं और फील्ड फैल जाए तो स्ट्राइक करेंगे। भारत की बॉलिंग कंट्रोल और पेनेट्रेशन पर बनी है। जसप्रीत बुमराह का अनुभव और सटीकता पावरप्ले और डेथ ओवर्स दोनों में जरूरी होगी, जबकि वरुण चक्रवर्ती का स्पिन कंट्रोल पिच के धीमा होने पर अहम हो सकता है। चेपॉक में पारंपरिक रूप से उन बॉलर्स को इनाम मिलता है जो रॉ पेस के बजाय लेंथ, सब्र और टैक्टिकल इंटेलिजेंस बनाए रखते हैं। जिम्बाब्वे एक ऐसी टीम के जोश के साथ आएगा जो गेम के हर फेज में मुकाबला करने में यकीन रखती है। वे अपनी रेप्युटेशन बचाने के लिए नहीं खेल रहे हैं। वे एक रेप्युटेशन बनाने के लिए खेल रहे हैं। उनके कैप्टन सिकंदर रजा बैटिंग ऑर्डर को स्टेबल करने और स्मार्ट स्पिन और टाइट लाइन्स से बीच के ओवर्स को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी उठाते हैं। उनके पेस लीडर ब्लेसिग मुजरबानी की को. शिश होगी कि वे जल्दी स्ट्राइक करें और पार्टनरशिप बनने से पहले इंडिया के टॉप ऑर्डर को हिला दें। चेपॉक की पिच ज्यादा देर तक आसान रन नहीं देगी। शुरुआत में स्ट्रोक प्ले मुमकिन होगा, लेकिन जब स्पिनर्स मुक. ाबले में आएंगे तो टिके रहने के लिए हिम्मत चाहिए होगी। पहले बैटिंग करने वाली टीमें आराम से 180-190 तक पहुंचना चाहेंगी, जबकि पीछा करने वाली टीमों को विकेट हाथ में रखने होंगे और बिना सोचे-समझे हिट करने के बजाय सोचे-समझे अटैक पर भरोसा करना होगा। इस तरह के मैचों में, स्किल सिर्फ आधी कहानी होती है। बाकी आधी कहानी टेम्परामेंट की होती है। जब वर्ल्ड कप के सपने हाथ से निकलते दिखें तो डटे रहने की काबिलियत। आज रात की लड़ाई इस बारे में कम है कि कौन सबसे ज्यादा शॉट खेलता है, बल्कि इस बारे में ज्यादा है कि चेन्नई की भारी शाम की हवा में मुकाबला कड़ा होने पर कौन हार नहीं मानता।

**भारतीय टीम:** सूर्यकुमार यादव, अक्षर पटेल, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, ईशान किशन, शिवम दुबे, वाशिगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, मोहम्मद सिराज

**जिम्बाब्वे टीम:** सिकंदर रजा, ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, ब्रैड इवांस, क्लाइव मडांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमानी, वेलिगंटन मसकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिगा मुसेकिवा, ब्लेसिग मुजरबानी, डियोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, बेन करेन

---

खेल विशेष

### वकार यूनुस ने हार के लिए पाकिस्तान की बैटिंग को जिम्मेदार ठहराया

पल्लेकेले, वार्ता। पाक के पूर्व पेसर वकार यूनुस ने कहा है कि टी 20 वर्ल्ड कप सुपर आठ मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम से हार के दौरान शाहीन शाह अफरीदी की जबरदस्त बॉलिंग के बावजूद पाकिस्तान सही टोटल से चूक गया और बीच के ओवरों में कंट्रोल खो दिया। जियो हॉटस्टार पर बात करते हुए, यूनुस ने कहा कि पाकिस्तान को बोर्ड पर 15-20 रन और चाहिए थे। उन्होंने कहा कि पहली इनिंग में, पाकिस्तान ने काफी रन नहीं बनाए। इस पिच पर, उन्हें और 15-20 रन चाहिए थे। 175-180 का टोटल बराबर होता। फिर हैरी ब्रूक तीसरे नंबर पर आए और पूरा कंट्रोल ले लिया। यह बिना किसी मौके के बैटिंग थी, वह शानदार थे। उन्होंने अकेले ही पाकिस्तान से गेम छीन लिया।

### ऑस्ट्रेलिया 23 साल बाद बांग्लादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगा

सिडनी, वार्ता। ऑस्ट्रेलिया 23 साल के लंबे अंतराल के बाद अगस्त में बंगलादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार 2003 के बाद यह पहली बार होगा जब बंगलादेश ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज खेलेगा। इस सीरीज के दोनों मैच मैच डार्विन के मारारा स्टेडियम और मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेले जाएंगे। डार्विन के मैदान पर 22 साल बाद टेस्ट मैच खेला जाएगा। यहां वर्ष 2004 में श्रीलंका ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच खेला था। इत्तेफाक से, डार्विन का पहला टेस्ट 2003 में बंगलादेश के साथ हुआ था। इस बीच, ग्रेट बैरियर रीप अपने पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा। इस जगह पर सिर्फ तीन वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए है 1992 में भारत और श्रीलंका के बीच एक एकदिवसीय बारिश की वजह से रद्द हो गया था।

---

# अभिषेक-वरुण रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

● **जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने टी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फिर नंबर-1 स्थान हासिल किया**





दुबई, वार्ता। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा टी-20 रैंकिंग में भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और स्पिन गें. दबाज वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर बने हुए हैं। आईसीसी की आज जारी रैंकिंग के अनुसार भारत और श्रीलंका की मेजबानी में चल रहे टी-20 विश्वकप में अभिषेक शर्मा खराब फॉर्म के बावजूद टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महंगे प्रदर्शन के बावजूद स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में भी शीर्ष पर बने हुए है। इसके अलावा इशान आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए है जबकि भारत के शिवम दुबे दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के सिकटर रजा ने टी-20 विश्वकप में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फिर से नंबर वन स्थान हासिल कर लिया है। रजा ने जिम्बाब्वे को सुपर आठ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ 45 और मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 27 रन बनाए, जिससे वह ताजा रैंकिंग अपडेट में ऑल-राउंडर्स की लिस्ट में पाकिस्तान के सैम अयूब को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। अफगानिस्तान के अनुभवी मोहम्मद नबी तीन स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे नंबर पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान दो पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद उन्होंने अपने करियर की सबसे अच्छी रेटिग हासिल की है।

### रिचर्ड पाइबस बने अफगानिस्तान के मुख्य कोच

काबुल, वार्ता। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड में जन्मे रिचर्ड पाइबस को सभी प्रारूपों के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है।

वह अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवर सीरीज से पहले टीम के साथ जुड़ेंगे। पाइबस ने 1986 में केवल एक लिस्ट ए मैच खेला। हालांकि उन्होंने कई देशों की टीमों के साथ कोच के रूप में भूमिका निभाई है। वह 1999 से 2003 तक पाकिस्तान के कोच रहे, जिसमें 1999 एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल तक की यात्रा शामिल थी। 2013 में उनका बंगलादेश के प्रमुख कोच के रूप में एक छोटा कार्यकाल भी रहा। इसके बाद 2013 से 2019 तक उन्होंने वेस्टइंडीज टीम के साथ छह साल बिताए और क्रिकेट डायरेक्टर, हाई-परफॉर्मेंस विशेषज्ञ और अंत में प्रमुख कोच की भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड काउंटी क्रिकेट में मिडलसेक्स के साथ भी काम किया और दक्षिण अफ्रीका की घरेलू लीग में टाइटंस टीम के भी कोच रहे।

### रिंकू की अनुपस्थिति में अभ्यास में सैमसन पर फोकस

● **भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह पारिवारिक आपात स्थिति के कारण घर लौट गए हैं**

चेन्नई, वार्ता। भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह पारिवारिक आपात स्थिति के कारण घर लौट गए हैं और 26 फरवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर 8 मुकाबले में उनके खेलने पर संदेह है। चेपॉक में मैच से दो दिन पहले दूधिया रोशनी में हुए अभ्यास सत्र में रिंकू मौजूद नहीं थे। रिंकू का टूर्नामेंट अब तक साधारण रहा है। ग्रुप चरण में 6, 1, 11 ' और 6 ' के स्कोर के बाद वह अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की हार में खाता भी नहीं खोल सके। अगर रिंकू गुरुवार के मैच के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं, तो संजू सैमसन अंतिम एकादश में वापस आ सकते हैं। यह शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों के वर्चस्व को तोड़ सकता है। हालांकि नंबर 3 पर कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक विकल्प बने हुए हैं। सैमसन ने मंगलवार को भारत के अभ्यास सत्र के दौरान सेंटर विकेट पर लंबी प्रैक्टिस की। बाद में उन्होंने मुख्य मैदान से सटे एमए चिदंबरम बी नेट्स में भी बल्लेबाजी की। करीब 6-30 बजे पहले नेट में कोच गौतम गंभीर की निगरानी में सैमसन और इशान किशन ने ते गें. दबाजों का सामना किया। जब भी मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह ने बैक ऑ लेंथ या शॉर्ट गेंद फेंकी, सैमसन जल्दी बैकफुट पर आकर उन्हें मजबूती से लॉन्ग-ऑन या मिडविकेट के ऊपर पुल कर रहे थे। वाइड लॉन्ग-ऑन के ऊपर एक जोरदार शॉट पर कैमरामैन को बचने के लिए भागना पड़ा। हालांकि जब अर्शदीप ने गुड लेंथ पर गेंदबाजी की, सैमसन बैकफुट पर ही खड़े रहे, बिना पैरों का इस्तेमाल किए ड्राइव के लिए गए और चूक गए। टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में जैकब डफी और मैट हेनरी ने इसी तरह की लेंथ पर उन्हें परेशान किया था, जब उन्हें कवर के ऊपर या सीधे शॉट खेलने की जगह नहीं मिली। बाद में सैमसन ने पीछे हटकर जगह बनाने की कोशिश की, लेकिन वह तरीका भी सफल नहीं रहा। थोड़ी देर बाद दूसरे नेट में स्पिन के खिलाफ सैमसन ने लय हासिल कर ली। जब मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने हल्की ओवरपिच गेंद डाली, सैमसन ने ऑफ साइड के ऊपर छक्का जड़ दिया। फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ कुछ समय कीपिग का अभ्यास करने के बाद, सैमसन साइड नेट्स में गए और सहायक कोच रायन टेन डेशकाटे की निगरानी में फिर बल्लेबाजी की। अब आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा बन चुके।

---

# वू ने रूड को चौंकाया, ज्वेरेव आगे बढ़े



● **अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-2 6-2 से जीत हासिल की**

मेक्सिको, वार्ता। क्वालिफायर वू यिबिग ने मंगलवार रात एबिएर्टो मेक्सिकनो टेलसेल में तीसरी सीड कैस्पर रूड को 7-6(2), 7-6(1) से हराकर अपने करियर की तीसरी टॉप 20 जीत हासिल की। चीनी स्टार, जिन्होंने पहले 2023 में टेलर फिट्ज और पिछले सितम्बर में दानिल मेदवेदेव को हराया था, दो टाई-ब्रेक में शानदार रहे क्योंकि उन्होंने एक एग्रेसिव गेम प्लान के साथ रूड को हरा दिया। वू ने जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि जब भी वह मुझ पर बहुत ज्यादा प्रेशर डाल रहे थे, मैं शांत रहा।बेशक कैस्पर टूर पर रैली खेलने वाले सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक हैं, और मुझे सच में सब्र रखना था और साथ ही एग्रेसिव भी रहना था। वू ने अपनी पहली सर्व का सिर्फ 62 परसेंट ही किया, और रूड के दूसरी सर्व पर अटैक करने का प्रेशर महसूस किया। लेकिन उनकी सर्विस सिर्फ एक बार टूटी, और दूसरे सेट के बीच में दोनों ने एक-दूसरे को ब्रेक दिया। एटीपी रैंकिंग में नंबर 12 खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ, अकापुल्को में डेब्यू करने वाले इस खिलाड़ी ने इवेंट में और रूड के साथ अपनी हेड2हेड सीरीज में 1-0 का सुधार किया। कार्लोस अल्काराज के खिलाफ एक जबरदस्त ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में हार के बाद अपने पहले कॉम्पिटिटिव एक्शन में, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी मंगलवार रात अकापुल्को में अपने कैंपेन की शानदार शुरुआत की। ज्वेरेव ने कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। टॉप सीडेड जर्मन खिलाड़ी ने एक भी ब्रेक पॉइंट नहीं दिया, और पहले सर्व में और पहले सर्व में जीते गए पॉइंट्स पर 79 परसेंट अंक हासिल किए। अकापुल्को में अपनी 15वीं जीत के साथ, ज्वेरेव (15-5) 2014 में हार्ड कोर्ट पर स्विच होने के बाद से इस इवेंट में सबसे ज्यादा जीत के मामले में राफेल नडाल (15-2) की बराबरी पर आ गए।

### हैदराबाद महिला क्वालिफायर के लिए पूरी तरह तैयार

हैदराबाद, वार्ता। एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप में बची हुई आखिरी जगहों के लिए रेस तेज हो गई है। बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले विश्व कप के लिए 8 विमेंस टीमें 8-14 मार्च तक हैदराबाद, तेलंगाना, में मुकाबला करेंगी। ए टीमें 16 टीमों वाले वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करने की कोशिश में भिड़ेंगी। यह वर्ल्ड कप 15-30 अगस्त 2026 तक बेल्जियम के वावरे और नीदरलैंड्स के एम्सटलवीन में होगा। कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और एफआईएच हॉकी प्रो लीग पहले ही नौ क्वालिफायर तय कर चुकी हैं, इसलिए यह इवेंट इन आठ उभरते देशों के लिए हॉकी के इस बड़े इवेंट के लिए अपना टिकट बुक करने का आखिरी रास्ता है। टूर्नामेंट का फॉर्मेट फील्ड को चार टीमों के दो पूल में बांटता है, जिसमें हर पूल से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचती हैं। दोनों सेमीफाइनल और ब्रॉन्ज

# अमेलिया केर के शतक से जीता न्यूजीलैंड

● **कप्तान अमेलिया केर के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने जिम्बाब्वे को 92 रनों से हराया**



हैमिल्टन, वार्ता। कप्तान अमेलिया केर (नाबाद 101/ दो विकेट) के हरफनमौल प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 92 रनों से शिकस्त दी। 203 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की महिला टीम की शुरुआत खराब रही और उसने मात्र पांच रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। जिम्बाब्वे की दोनों बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाई। जिम्बाब्वे को ए पांचों रन अतिरिक्त के रूप में प्राप्त हुए। इसके बाद चिपो मुगेरी-तिरिपानो और बी बिजा की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। सातवें ओवर में अमेलिया केर ने चिपो मुगेरी-तिरिपानो (19) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई कप्तान जे-नकोमो ने बी बिजा के साथ चौथे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 17वें ओवर में अमेलिया केर ने जे-नकोमो (25) को आउट कर जिम्बाब्वे को चौथा झटका दिया। न्यूजीलैंड के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे की टीम निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 110 रन ही बना सकी और 92 रनों से मुकाबला हार गई। बी बिजा ने 49 रनों की नाबाद पारी खेली। न्यूजीलैंड महिला टीम के लिए अमेलिया केर ने चार ओवरों में 14 रन देकर दो विकेट झटके। ब्री इलिग, जेस केर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर और इसाबेला गेज की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। छठे ओवर में न्याशा ग्वानज़ुरा ने जॉर्जिया प्लिमर को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। जॉर्जिया प्लिमर ने 20 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 32 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई अमेलिया केर ने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम के लिए निर्धारित 20 ओवरों में एक विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

### सिदरा अमीन को आईसीसी आचार सहिता उल्लंघन पर लगी फटकार



दुबई, वार्ता। पाकिस्तान महिला टीम की खिलाड़ी सिदरा अमीन को आईसीसी आचार सहिता के लेवल 1 के उल्लंघन को लेकर फटकार लगाई गई है। सिदरा को आईसीसी आचार सहिता के लेवल 1 के आर्टिकल 2-2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। जो 'अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या वस्त्र, मैदान उपकरण या फिटिग का दुरुपयोग' से संबंधित है। इसके लिए उन्हें आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई। इसके अलावा, सिदरा के डिसिप्लिनरी रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह उनके लिए यह 24 महीने में दूसरी गलती थी, जिससे उनके डिमेरिट पॉइंट्स की संख्या दो हो गई।यह घटना रविवार को ब्लोमफोंटेन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले के दौरान पाकिस्तान की पारी के 24वें ओवर में हुई, जब आउट होने के बाद, सिदरा ने क्रीज छोड़ने से पहले अपना बल्ला जमीन पर

---

# द. अफ्रीका से हार भारत को जगाने वाली: शास्त्री



● **आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा कि हार की टाइमिंग टीम को जरूरी मैचों से पहले अप्रोच को फिर से देखने में मदद कर सकती है**

चेन्नई, वार्ता। भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 सुपर आठ स्टेज में दक्षिण अफ्रीका से भारत की 76 रन की हार डिफेंडिग चैंपियन के लिए वेक-अप कॉल साबित हो सकती है, जिसकी उन्हें अपने कैंपेन को फिर से शुरू करने के लिए जरूरत थी। भारत की हार ने टूर्नामेंट के पिछले दो एडिशन में लगातार 12 जीत के शानदार सिलसिले को खत्म कर दिया।

आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा कि हार की टाइमिंग टीम को जरूरी मैचों से पहले अपने अप्रोच को फिर से देखने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि इतनी लंबी जीत के बाद एक दिन की छुट्टी तो होनी ही थी और यह झटका टीम मैनेजमेंट को टीम कंपोजिशन पर फिर से सोचने और कॉम्पिटिशन के अहम फेज में लापरवाही से बचने के लिए मजबूर कर सकता है। साउथ अफ्रीका ने डेविड मिलर और डेवाल्ड ब्रेविस के बीच मजबूत पार्टनरशिप की वजह से 20/3 से उबरकर 187/7 का स्कोर बनाया। जवाब में, अहमदाबाद की मुश्किल पिच पर भारत को संघर्ष करना पड़ा और टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई। सिलेक्शन के फैसले भी जांच के दायरे में आए, खासकर वाइस-कैप्टन अक्षर पटेल से पहले वाशिगटन सुंदर को शामिल करने पर।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारत को मैच-अप पर ज्यादा जोर देने के बजाय अपनी बेस्ट ग्प उतारने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि अक्षर पटेल और कुलद. ीप यादव पर विचार किया जाना चाहिए, और इस बात पर जोर दिया कि अच्छे गेंदबाज विरोधी टीम के बैटिंग कॉम्बिनेशन की परवाह किए बिना सफल हो सकते हैं। शास्त्री ने अक्षर पटेल को शामिल करने का भी समर्थन किया और भारत के बॉलिंग ऑप्शन को मजबूत करने के लिए एक अतिरिक्त स्पिनर खेलाने का समर्थन किया, खासकर स्पिन-फेंडली कंडीशन में। भारत का अगला मैच गुरुवार को चेन्नई में जिम्बाब्वे से होगा।

### 300 पैरा-एथलीट ओएनजीसी के 7वें पैरा गेम्स में लेंगे भाग

नई दिल्ली, वार्ता। आठ ऑयल एवं गैस सार्वजिनक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) सहित ओएनजीसी के लगभग 300 पैरा-एथलीट 26 फरवरी 2026 से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित होने वाले ओएनजीसी के 7वें पैरा गेम्स में भाग लेंगे। प्रतिभागी पीएसयू में बीपीसीएल, ईआईएल, गेल, एचपीसीएल, आईओसीएल, एमआरपीएल, ऑयल तथा ओएनजीसी शामिल हैं। प्रतिभागियों में विभिन्न संगठनों से पुरुष एवं महिला पैरा-एथलीट शामिल होंगे। इन खेलों में एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, तैराकी एवं व्हीलचेयर रेस जैसी विभिन्न खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। श्रवण एवं वाक दिव्यांगता, ऊपरी एवं निचले अंगों की दिव्यांगता, दृष्टिबाधिता (लो विजन एवं नो विजन) तथा व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं सहित विभिन्न दिव्यांगता श्रेणियों के खिलाड़ी इन खेलों में भाग लेंगे।

# अपराजित टीमों में होगी टक्कर

● **आज अहमदाबाद में विंडीज और दक्षिण अफ्रीका जीत के रिकॉर्ड के साथ आ रही है आमने-सामने**

अहमदाबाद, वार्ता। दो ऐसी टीमों के बारे में कुछ बहुत ही दिलचस्प है जिन्होंने अभी तक हार का स्वाद नहीं चखा है, जब वे एक ही मैदान में उतरती हैं। यह माहौल को तेज करता है, मार्जिन को कम करता है और विचारों को साफ करने पर मजबूर करता है। गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका न सिर्फ जीत के रिकॉर्ड के साथ आ रही हैं, बल्कि उनकी पहचान भी इस बात से बनी है कि उन्होंने कैसे जीता है।

वेस्टइंडीज ने आजादी से खेला है। उनकी बैटिंग में कैरेबियाई क्रिकेट की अनोखी लय रही है - बड़ी, एक्सप्रेसिव और, कभी-कभी, जबरदस्त। जब शिमरोन हेटमायर ने पिछले मैच में 34 गेंदों में 85 रन बनाए, तो यह सिर्फ पावर के बारे में नहीं था। यह इरादे के बारे में था। यह शुरू में ही शर्तें तय करने और विरोधी टीम को रिएक्टिव क्रिकेट के लिए मजबूर करने के बारे में था। फिर भी जो चीज इस वेस्ट इंडीज टीम को खास तौर पर खतरनाक बनाती है, वह सिर्फ अंदाज नहीं है, बल्कि लेयरिंग है। शाई होप टॉप पर शांति देते हैं, रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड बीच में रफ्तार लाते हैं, और अकील होसेन और गुडाकेश मोती की स्पिन जोड़ी जब खेल के बिगड़ने का खतरा होता है तो कंट्रोल देती है। उन्होंने बैलेंस बना लिया है, और टी20 क्रिकेट में, बैलेंस अक्सर शांत अंतर पैदा करता है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका ने थोड़ा अलग रास्ता अपनाया है। उनका कैंपेन स्ट्रक्चर और रोल की क्लैरिटी पर बना है। इसी वेन्यू पर इंडिया के खिलाफ, वे मेथडिकल थे। उन्होंने कंडीशन को समझा, प्रेशर झेला और फिर उसे लागू किया। उस गेम में डेविड मिलर की इनिंग्स पेसिग का एक सबक थी - यह जानना कि कब रुकना है और कब तेजी दिखानी है। बॉल के साथ, वे शायद एज बनाए रखते हैं। मार्को यानसन का एंगल और बाउंस, कगिसो रबाडा की इंटेंसिटी, और लुंगी एनगिडी के वेरिएशन उन्हें हर फेज में फ्लेक्सिबिलिटी देते हैं। वे शुरू में अटैक कर सकते हैं और फिर भी डेथ ओवर में कंट्रोल के साथ वापसी कर सकते हैं। यह अहमदाबाद जैसी सरफेस पर एक पावरफुल एसेट है, जहां चेज करने वाली टीमें अक्सर लाइट्स में ज्यादा कम्फर्टेबल महसूस करती हैं। इस मुकाबले को दिलचस्प बनाने वाली बात सिर्फ यह नहीं है कि दोनों टीमें हारी नहीं हैं। बल्कि यह है कि वे अलग-अलग तरीकों से हारी नहीं हैं। वेस्ट इंडीज ने मोमेंटम और अग्रेसन के साथ बढ़त बनाई है। साउथ अफ्रीका कैलकुलेशन और डिसिप्लिन के साथ आगे बढ़ा है। इतने लंबे टूर्नामेंट में, एक ऐसा पल आता है जब कहानी की परीक्षा होती है।

**रमजान मुबारक**



**नौवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.25 |
| | शिया | 5.16 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.18 |
| | शिया | 6.32 |

रोजा इतनी बड़ी और अल्लाह को खुश करने वाली इबादत है कि खुद अल्लाह का फरमान है कि रोजा सिर्फ मेरे लिए है और इसका बदल मैं खुद दूँगा।यानि इससे ये साफ है कि रोजा बेहद खास इबादत है इसलिए रोजे में हर तरह से पूरी एहतियात रखें।कोई कोताही न करें और रोजे के साथ साथ नमाज और तरावीह वक्त पर अदा करते रहें।

कुरआन करीम

# सेवा और सोच का सच बनी रूही अंजुम

## बिना किसी भेदभाव सौ गरीब बेटियों की शादी के संकल्प में अभी तक 26 शादियों में दे चुकी सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जब राजनीति धर्म के खाँचों में बँट रही थी, तब कोई खामोशी से बेटियों का घर बसाने में जुटा हुआ था। सवाल यह नहीं है कि किसका पोस्टर बड़ा है या किसकी तस्वीर ज्यादा चमक रही है। असली सवाल यह है कि जनता के दुख-दर्द में सच्चे मन से कौन खड़ा है।

राजस्थान में एक पूर्व सांसद का ऐसा मामला सामने आया, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। एक बुजुर्ग महिला को ठंड से बचने के लिए दिया गया कंबल केवल इसलिए वापस ले लिया गया क्योंकि वह एक विशेष समुदाय से थी। यह केवल एक कंबल वापस लेना नहीं था, यह एक लाचार बुजुर्ग महिला का अपमान था। यह गरीबी का अपमान था। यह इंसानियत के चेहरे पर एक गहरा दाग था। जब मदद भी धर्म देखकर की जाए, तो वह मदद नहीं, दिखावा बन जाती है।

दूसरी ओर सहारनपुर की समाजसेवी रूही अंजुम एक ऐसी मिसाल बनकर सामने आती हैं, जो बताती हैं कि सेवा का कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने अपनी शादी की सालगिरह पर खुद पर खर्च करने, तड़क-भड़क करने या अपने सम्पन्न मित्रों को दावत देने के बजाय 100 गरीब बेटियों की शादी का पूरा खर्च उठाने का संकल्प लिया। यह कदम केवल एक सामाजिक कार्य नहीं था, बल्कि नफरत की राजनीति पर एक करारा जवाब था। इन 100 बेटियों में से 26 गरीब हिंदू बेटियों की शादी में भी उन्होंने बिना किसी भेदभाव के पूरा सहयोग किया। उनके लिए इंसान पहले है, धर्म बाद में। यही असली मानवता है, यही असली सेवा है। इतना ही नहीं, एक बेघर गरीब हिंदू परिवार, जिसमें एक लाचार मां अपने अशक्त पति और बेटियों के साथ सड़क पर रहने को मजबूर थी, उस परिवार को दिवाली के पावन अवसर पर नया घर बनवाकर दिया गया। साथ ही उस घर की बेटी की शादी का पूरा जिम्मा भी उन्होंने अपने ऊपर लिया। यह केवल आर्थिक मदद नहीं थी, यह एक परिवार को सम्मान के साथ जीने का हक दिलाने का प्रयास था।



आज की राजनीति में मंचों की भीड़ है, नारों का शोर है, तस्वीरों की भरमार है। लेकिन जमीन पर उतरकर किसी के आंसू पोंछने वाले लोग बहुत कम हैं। एक तरफ संकीर्ण सोच है, जो धर्म के आधार पर इंसान को बांटती है। दूसरी तरफ ऐसी सोच है, जो इंसान को इंसान मानकर उसका साथ देती है।

# कार में मिली जली लाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** थाना क्षेत्र के गांव चोराखुर्द के जंगल में आल्टो कार में जली लाश मिलने से सनसनी फैल गई मौके पर एसएसपी व फॉरेंसिक टीम व थाना पुलिस घटना की जांच में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को थाना गागलहेड़ी क्षेत्र चौरा खुर्द से चांदपुर जाने वाले रास्ते पर एक आल्टो कार के भीतर जली अवस्था में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया वही कार भी जली हुई है।सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह, एसपी सिटी व्योम बिंदल, सीओ सदर मुनीश चंद तथा थाना प्रभारी अमित नागर मौके पर पहुंचे,वही फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर गहनता से जाँच की है प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है शव की शिनाख्त करना मुश्किल हो रहा है पुलिस घटना को लेकर बारीकी से जांच कर रही है और मामले की हर एंगल से गहन जांच जारी है।वही थाना प्रभारी अमित नागर ने बताया कि मामला बेहद गंभीर है शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# अखिलेश से मिले पार्षद टिंकू व फैसल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से पार्टी नेताओं ने आगामी 2027 के होने वाले चुनाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।



सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव मंगलवार को चंडीगढ़ के जीरकपुर में एयरपोर्ट पर थे, इस दौरान पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी, सपा नेता ऋषभ त्यागी ने उनसे शिष्टाचार भेंट की और उनका स्वागत किया। इस दौरान अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव को जनपद की स्थिति से अवगत कराया और 2027 के होने वाले विधानसभा चुनाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा थी उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता 2027 के होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाएं। इस मौके पर मुदस्सिर सिद्दीकी तुषार त्यागी रवि यादव सोनू त्यागी शुभम वर्मा आदि मौजूद रहे

# निगम में गौशाला में निर्मित गुलाल के स्टाल का शुभारंभ

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज निगम परिसर में कान्हा उपवन गौशाला में निर्मित गोमय गुलाल के स्टाल का फीता काटकर शुभारंभ किया।

महापौर ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री सहित देश की अनेक नामचीन हस्तियों को गुलाल भेजने के लिए गौशाला प्रभारी डॉ.संदीप शर्मा को पैकेट सौंपे। महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि पिछले कुछ वर्षो से नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला द्वारा नगर निगम परिसर में गोबर से निर्मित गोमय गुलाल का स्टॉल लगाया जाता रहा है। आज गोमय गुलाल के स्टॉल का शुभारंभ किया गया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश के अनेक लोगों को यह गुलाल होली के उपलक्ष्य में भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक रंगों से तैयार यह गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित और इकोफ्रेंडली है, जिसकी मांग हर वर्ष बढ़ रही है। नगरायुक्त शिपू गिरि ने कहा निगम की गौशाला नित नये नवाचारों के लिए पूरे देश में अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है।

गौशाला द्वारा निर्मित गुलाल लोगों के बीच काफी लो. कप्रिय हुआ है, आम लोगों तक गुलाल पहुंचाने के लिए निगम परिसर में भी स्टॉल लगाया गया है।

# विधायक निम के आवास पर मंडल अध्यक्षों का स्वागत

## नई जिम्मेंदारियों के लिए संजय पंवार, किशोर भारती व हरीश को दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रामपुर मनिहारान देवेंद्र निम ने अपने आवास पर नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों का स्वागत करते हुए नई जिम्मेंदारी की शुभकामनाएं दी।

रामपुर मनिहारान देहात से मंडल अध्यक्ष बने संजय पंवार, बलियाखेडी से किशोर भारती और नागल से हरीश त्यागी विधायक देवेंद्र निम के चंद्रनगर स्थित आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने विधायक देवेंद्र निम और पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। विधायक ने सभी को नई जिम्मेंदारी मिलने पर उनका फूलमालाओं से स्वागत किया और भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने जो जिम्मेंदारी दी है सभी निर्वाचित मंडल अध्यक्ष पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ उस दायित्व को निभाये। विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि संगठन ही शक्ति है और मंडल स्तर पर सशक्त नेतृत्व से पार्टी की रीति-नीति एवं विकास की सोच हर बूथ तक और अधिक मजबूती से पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि सभी साथी अपनी जिम्मेंदारी समझते हुए विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में जुट जाये।



# कांग्रेसियों का कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ज्योर्तिमठ के शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर झूठी एफआईआर दर्ज किए जाने के विरुद्ध कांग्रेसजनों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को दिया।



प्रदर्शनकारियो का नेतृत्व करते हुए महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा सनातन धर्म के सबसे बड़े गुरु हमारे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को परेशान किए जाने की भाजपाई सरकार की नीति का हम विरोध करते है। शिकायतकर्ता एक ऐसा झूठा व्यक्ति है जिसके विरुद्ध अनेकों अपराधिक मामले दर्ज हैं। संतों का चोला धारण करे यह आदतन अपराधी हमारे पूज्य शंकराचार्य के विरुद्ध यौन शोषण की शिकायत दर्ज करता है और शासन द्वारा शिकायत की जांच के लिए एक ऐसे अधिकारी को बिठा दिया जाता है, जो शिकायतकर्ता का परममित्र है और इसी संपूर्ण प्रक्रिया से साबित होता है कि इसमें भाजपाई सरकार की साजिश है।

पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, सत्यम भूरियांन सैनी, प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा व महानगर उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने भी विचार रखे।

प्रदर्शनकरियों में अनुसूचित जाति के प्रदेश सचिव सतपाल बर्मन, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, अक्षय चौधरी, दुष्यंत राणा, अमरदीप जैन, इकराम खान, सौरव भारद्वाज, प्रभजीत सिंह, नसीब खान, जमाल अहमद, गुलशेर अल्वी, मोहम्मद तालहा, राकेश वर्मा, राकेश मोहन शर्मा, मोहम्मद शाहनवाज, रेखा धीमान, शर्मिष्ठा सिंह, शहनाज बेगम, उपमा सिंह, साजिद अली, वतन सिंह राणा, मनोज शर्मा, शाहबाज अली आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# समान कार्य, समान वेतन व समान सुविधा का ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुडे कर्मचारियों ने आज कलैक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री से समान कार्य, समान वेतन और समान सुविधाएं देने की मांग की है।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र कुमार, मंडल संयोजक एम पी सिंह चावला, जनपद संयोजक शुभम मानिक, सह संयोजक अभिषेक वर्मा, मुकेश कुमार और अनुज कुमार के नेतृत्व मे कर्मचारी पहले जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे। जहां उन्होनें नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा। बाद वह मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पहुंचे और मुख्य चिकित्साधिकारी डा प्रवीण कुमार को भी समान कार्य समान वेतन आदि मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा। साथ में आशा कार्यकत्रियां भी मौजूद रही।

इस दौरान एन एच एम स्वास्थ्य संविदा कर्मी विनीत चौहान, सचिन, विकास, सुधीर, ओम प्रकाश, मुद्दसिर, आशुतोष, सजनीत, पुनीत सहित काफी संख्या मे स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारी एवं आशा वर्कर मौजूद रहे।

# नकलविहिन परीक्षा संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत मंगलवार को जनपद में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार पाठक ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा में पंजीकृत 36,013 परीक्षार्थियों में से 34,251 उपस्थित रहे, जबकि 1,762 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट संगीत गायन एवं वादन विषय की परीक्षा में पंजीकृत 198 में से 192 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 6 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान एवं समाजशास्त्र विषय की परीक्षा में पंजीकृत 22,246 परीक्षार्थियों में से 21,101 उपस्थित रहे, जबकि 1,145 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट को मिलाकर कुल 58,457 परीक्षार्थियों में से 55,544 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2,913 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जनपद में प्रथम पाली की परीक्षा 89 परीक्षा केन्द्रों तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 88 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराई गई। स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों पर मौजूद रहे, जबकि सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं छह विभागीय सचल दलों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।




# नवाचार एवं टीएलएम मेला लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय मनोहरपुर में ब्लॉक स्तरीय नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम के अंतर्गत नवाचार एवं टीएलएम मेले का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय योगेश शर्मा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डाइट प्रवक्ता आरती एवं पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी वी.पी. सिंह ने सहभागिता की। अतिथियों ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए नवाचार को शिक्षा का महत्वपूर्ण आधार बताया। ब्लॉक के प्रत्येक विद्यालय से आए शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में किए गए नवाचारों और टीएलएम का आकर्षक प्रदर्शन किया। विभिन्न विषयों से संबंधित शिक्षण सामग्री और रचनात्मक प्रयोगों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश त्यागी, एसआरजी सरफराज, एआरपी सुशील कुमार आर्य, नीरज सैनी, विपिन कुमार, योगेंद्र कुमार, पारुल, लक्ष्मी एवं अर्चना मौजूद रहे।

## पान मसाला के बढ़े दामों से हड़कंप

**स्योहारा।** नगर में इन दिनों गुटखा पान मसाला और सिगरेट के दामों में अचानक हुई बढ़ोतरी को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। खासकर दिलबाग गुटखा समेत कई ब्रांडों के दामों में एकाएक बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। आम लोगों का कहना है कि बिना किसी आधिकारिक घोषणा के रेट बढ़ा दिए गए हैं, जिससे रोजमर्रा खर्च पर असर पड़ रहा है। छोटे दुकानदारों का कहना है कि उन्हें माल महंगे दामों पर मिल रहा है। इसलिए मजबूरी में खुदरा मूल्य बढ़ाना पड़ रहा है। वहीं कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि कुछ थोक व्यापारी और जमाखोर कमी दिखाकर अधिक मुनाफा कमाने की कोशिश कर रहे हैं। बाजार में अलग-अलग दुकानों पर अलग-अलग दाम वसूले जाने की भी शिकायतें सामने आ रही हैं। नगर के पान विक्रेताओं का कहना है कि कंपनियों की ओर से सप्लाई कम आने और ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इस बारे में कोई स्पष्ट सूचना उपलब्ध नहीं है। अचानक बढ़े दामों से छोटे दुकानदार भी असमंजस में हैं। क्योंकि ग्राहकों के साथ कहासुनी की स्थिति बन रही है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मामले की जांच कराने और निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक वसूली पर कार्रवाई की मांग की है।

# विश्वविद्यालय में दो दिवसीय सेमिनार का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के द्वितीय दिवस का आयोजन प्रेरणादायी एवं विचारोत्तेजक वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्र, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा रहे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. विमला वाई., कुलसचिव कमल कृष्ण, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार एवं वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी मंचासीन रहे। प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा ने अपने व्याख्यान में समावेशी और परिवर्तनकारी शिक्षा के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाना विषय पर प्रकाश डाला।













# कुरआन पाक मुकम्मल होने पर दी दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** रमजान माह में 7 दिन की तरावीह मुकम्मल हो गई। तरावीह की नमाज के बाद मुल्क और कौम की तरक्की व खुशहाली के लिए खास दुआएं मांगी गईं।

दरअसल, कस्बे के मुफ्ती असजद के मकान में रमजान महीने की 7 दिन की तरावीह की नमाज मंगलवार रात को मुकम्मल हो गई। तरावीह पूरी होने के बाद नमाजियों को संबोधित करते हुए कस्बे मुफ्ती असजद ने कहा कि रमजान का महीना अल्लाह ने हमें इनाम में दिया है। हमें पांचों वक्त की नमाज पाबंदी के साथ अदा करनी चाहिए और रोजे का एहतमाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 7 दिन में पूरा कुरआन सुना है, वे आगे भी मस्जिदों में पूरे महीने तरावीह सुनें। मुफ्ती ने कहा कि इस्लामिक कैलेंडर के सभी महीनों में रमजान को सबसे खास माना गया है। इस पूरे महीने रोजे रखे जाते हैं, पांच वक्त की नमाज पढ़ी जाती है और जकात अदा की जाती है। उन्होंने कहा कि तरावीह के दौरान की गई हर दुआ को अल्लाह कुब्बूल करता है। इस दौरान मुल्क और कौम की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ कराई गई।

मदरसा मजाहीर उलूम के उस्ताद हजरत मौलाना मोहम्मद एहमद ने अपील की कि आने वाले त्योहारों को मिलजुल कर मनाना चाहिए, ऐसे में सभी लोग अपनी नजदीकी मस्जिद में ही तरहबी की नमाज अदा करें। उन्होंने कहा कि किसी को भी बिना वजह बाहर नहीं जाना चाहिए और बाजारों में जाने से परहेज करना चाहिए। अमन और भाईचारे को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर उमर अली खान हाजी आफताब पीर ज्यादा चौधरी वाजिद फैजान फैज अजीम मलिक तौफीक तस्लीम कलीम पीरजादा राव राशिद जाकिर फरहान सभासद अली मौजूद रहे।

## भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम लालपुर में स्थित डंडे वाले बाबा के स्थान पर रामायण पाठ और हवन पूजन के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। लालपुर निवासी शर्मा परिवार द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परिवार की सुख-शांति के लिए इस भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों और ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शर्मा परिवार ने बताया कि डंडे वाले बाबा के स्थान पर यह हवन और भंडारा हर साल आयोजित होता है। इसका उद्देश्य भगवान से परिवार और ग्राम की सुख-समृद्धि की कामना करना है। इस अवसर पर आयोजित पूजा में अमरीश शर्मा, अर्जुन शर्मा, बबलू शर्मा, अभिमन्यु शर्मा, रोहित शर्मा सहित समस्त शर्मा परिवार के सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित रहे।






Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कब रुकेंगे ट्रम्प

भारतीय समय के अनुसार बुधवार सुबह अमेरिकी संसद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भाषण दिया। इस भाषण को स्टेट ऑफ द यूनियन स्पीच कहा जाता है। 1 घंटा 50 मिनट दिए अपने भाषण में ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाक जंग रुकवाने का राग अलापा। जो लोग ट्रम्प के इस दावे को जानते हैं, उनके अनुसार ऐसा दावा वह सौ से अधिक बार कर चुके हैं। जहां तक बात भारत की है, भारत अभी भी यही कहता रहा है कि किसी तीसरे पक्ष का पाक के साथ संघर्ष विराम को लेकर कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन ट्रम्प हैं जब कोई भी मौका हो यह दावा करने से नहीं चूकते कि उन्होंने दुनिया में कई जंगें रुकवाईं और विशेष रूप से वह भारत-पाक छिड़े संघर्ष का जिक्र करने से नहीं चूकते और अब तो वह खुलकर नाम लेकर यह भी कहते हैं कि उनकी इस पहल के चलते करीब 3.5 करोड़ लोग काल का ग्रास बनने से बच गए। उनकी नजर में यह युद्ध परमाणु युद्ध के मुहाने पर पहुंच गया था और बहुत बड़ी तबाही ला सकता था। पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी ट्रम्प की हां में हां मिलाते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन भारत दुविधा में है। सवाल यह नहीं है कि ट्रम्प क्या दावा कर रहे हैं, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि हम ट्रम्प के दावे को उस तरह नहीं नकार पा रहे हैं जिस तरह की भाषा ट्रम्प समझ सकते हैं। देश के अंदर तमाम विरोधी राजनीतिक दल पीएम मोदी से कई बार गुहार लगा चुके हैं कि वह ट्रम्प के इन दावों को कड़ी प्रतिक्रिया दें, लेकिन पीएम मोदी की तरफ से कभी ट्रम्प को लेकर कड़ा रुख देखने में नहीं आया। इससे संशय आज तक बना हुआ है कि आखिर वास्तविकता क्या है। पता नहीं यह स्थिति भारत की तरफ से कब साफ होगी, लेकिन इस तरह की बातों से देश की छवि जरूर प्रभावित होती है। यूं तो ट्रम्प अपने बड़बोलेपन के लिए जाने जाते हैं और ऐसे में उनकी बातों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया जा सकता, लेकिन साथ-साथ यह भी धारणा बनती है कि अमेरिका जैसे देश का शक्तिशाली राष्ट्रपति ऐसे ही हवा में अपनी बातों को नहीं कहेगा। इसलिए सच देश की जनता के सामने आना ही चाहिए, ताकि इस तरह की बातों पर विराम लग सके। भारत-पाक ही नहीं बल्कि वह तो सोमालिया, इजरायल, फलस्तीन, सीरिया जैसी जगहों पर भी जंग रुकवाने की बात करते हैं। वैसे देखा जाए तो जंग रुकवाना कोई बुरी बात नहीं है और यदि कोई भी इस तरह की बातों में अपना योगदान देता है, तो यह अच्छी ही बात है और इसमें किसी को आपत्ति भी नहीं होनी चाहिए, लेकिन बात तब बिगड़ जाती है जब किसी दावे के पीछे अपना अच्छा काम बताना मकसद न होकर राजनीतिक एजेंडा सामने रखना हो, जोकि डोनाल्ड ट्रम्प के कथन में देखा जाता है। ट्रम्प को भी समझना होगा कि इस तरह की बातों से द्विपक्षीय संबंधों पर प्रभाव पड़ता है, जो न अमेरिका के हित में है और न ही भारत के।

## दीपक जैसे युवा साहस की राह दिखाते हैं



नफरत फैलाने वालों से डरने की बजाय सद्भाव का माहौल कायम रखते हुए साहस दिखाकर देशभक्ति का परिचय देना चाहिए, सद्भाव तथा मोहब्बत की विचारधारा असंख्य देशवा. सियों में है, लेकिन मन में भय होता है और दीपक जैसे युवा उन्हें साहस की राह दिखाते हैं, समाज में जो नफरत फैलाते हैं, उनसे डरना नहीं चाहिए, बल्कि साहस से खड़ा होने की जरूरत है, यही सबसे बड़ी देशभक्ति है, करोड़ों भारतीयों के दिलों में सद्भाव और मोहब्बत की विचारधारा है, मगर मन में भय भी है, मोहम्मद दीपक ने उन सभी को अपने साहस से राह दिखाई है, जो लोग नफरत फैलाकर समाज को डराने की कोशिश करते हैं, वो दरअसल कायर होते हैं, उनसे कभी भी डरो मत।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# भारत के विमानन क्षेत्र को सुरक्षित कैसे बनाया जाए



रजनीश कपूर



हाल ही में निजी चार्टर विमानन कंपनियों से जुड़ी विमान दुर्घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया है। महाराष्ट्र के बरा. मती में 28 जनवरी 2026 को एक निजी चार्टर कंपनी के लीअरजेट क्रैश में पांच लोगों की मौत, जिसमें उप-मुख्यमंत्री अजित पवार शामिल थे, ने निजी चार्टर क्षेत्र की कमियों को उजागर कर दिया है। इसी तरह कुछ दिन पहले झारखंड में एयर एम्बुलेंस क्रैश और अंडमान में हेलीकॉप्टर हादसे ने भी कई सवाल खड़े किए हैं कि आखिर नॉन-स्केडडूल्ड ऑपरेटर्स परमिट NSOP धारक कंपनियां सुरक्षा मानकों की अनदेखी क्यों कर रही हैं?

जहां एक ओर भारत में निजी चार्टर विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, वहीं इस क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का पालन ठीक से नहीं हो रहा। डीजीसीए की ऑडिट में पाया गया कि एक निजी चार्टर कंपनी में एयरवर्थिनेस, फ्लाइट ऑपरेशंस और मेंटेनेंस में गंभीर उल्लंघन थे, जिसके चलते चार विमान ग्राउंड कर दिए गए। गौरतलब है कि पिछले एक दशक में 20 से अधिक दुर्घटनाएं NSOP ऑपरेटर्स से जुड़ी पाई गईं, जिनकी मुख्य वजहें स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स का पालन न करना, अपर्याप्त फ्लाइट प्लानिंग और ट्रेनिंग की कमी रही हैं। उल्लेखनीय है कि प्राइवेट चार्टर कंपनियों द्वारा पुराने विमानों का रखरखाव न करना, फ्यूल लॉग्स में हेरफेर और अनधिकृत उड़ानें आम हैं। जाहिर सी बात है कि ऐसी खामियां व्यावसायिक दबाव के कारण ही होती हैं। अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन ICAO संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जो 193 देशों को आपसी सहयोग और साझा हवाई परिवहन के माध्यम से पारस्परिक लाभ प्राप्त करने में मदद करती है। भारत में भी निजी चार्टर कंपनियां ICAO और डीजीसीए दिशानिर्देशों पर आधारित हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि इनका पूर्ण अनुपालन नहीं होता। क्योंकि इस क्षेत्र में काफी विविधता है, कॉर्पोरेट ट्रैवल से लेकर पर्यटन तक। ऑपरेटर्स न्यूनतम अनुपालन पर ही टिके रहते हैं, जबकि इन कंपनियों से भी शेड्यूल्ड एयरलाइंस जैसे उच्च मानक अपेक्षित हैं। सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टमप्रक्रियागत है, न कि भविष्यवाणी करने वाला, परंतु देखा गया है कि डीजीसीए की कमजोर निगरानी के कारण निजी चार्टर ऑपरेटर्स स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स को बड़े आराम से नजरअंदाज कर देते हैं, खासकर घने कोहरे या खराब मौसम में। जानकारों की मानें तो डीजीसीए में बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार सुरक्षा मानदंडों को कमजोर कर रहा है। हाल ही में कैप्टन अनिल गिल जैसे वरिष्ठ अधिकारी पर उड़ान प्रशिक्षण संगठनों FTOs से रिश्वत लेने के आरोप लगे, जिसमें विमान सस्ते में लेना और ऑडिट में छूट देना शामिल था। पुराने मामलों में भी जॉइंट डायरेक्टर जनरल के पदों पर तैनात अधिकारियों पर फ्लाइंग स्कूलों को अनियमित एक्सटेंशन देने के आरोप सिद्ध हुए। यह भ्रष्टाचार सुरक्षा उल्लंघनों को बढ़ावा देता है, क्योंकि ऑपरेटर्स रिश्वत देकर मानक टाल देते हैं। जिससे विमान यात्रा और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है।

गौरतलब है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए में 50 प्रतिशत से अधिक स्टाफ की कमी है। डीजीसीए में 1630 पदों पर केवल 829 ही भरे हैं। इनमें एयरवर्थिनेस विंग में 44 और एयर सेफ्टी विंग में 30 वैकेंसी हैं। इन सबका कारण स्पष्ट है, स्वायत्तता की कमी, जो निर्णय लेने में देरी करती है। वहीं संघ लोक सेवा आयोग व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा भर्ती में देरी, आकर्षक वेतन का न होना और विशेषज्ञ पायलट/इंस्पेक्टर्स का न मिलना भी एक अहम कारण है। दूसरी ओर कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ पर निर्भरता जवाबदेही को घटाती है, जिससे निगरानी कमजोर पड़ती है। विदेशों की तरह भारत में भी निजी चार्टर क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनानी होगी। हाल ही के हादसों के बाद डीजीसीए ने कमर कसी और NSOP ऑपरेटर्स के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। जैसे कि वेबसाइट पर विमान, पायलट डिटेल्स और सेफ्टी रैंकिंग अनिवार्य करनाय कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर/फ्लाइट डेटा का ऑडिट बढ़ानाय पायलटों को सुरक्षा आधार पर फ्लाइट कैंसल करने का पूर्ण अधिकार देना। पुराने विमानों पर सख्त जांच करना, मैनेजमेंट की व्यक्तिगत जिम्मेदारी और लाइसेंस सस्पेंशन जैसे कदम उठाना। मानकीकृत नियमों को एयरलाइंस स्तर का बनाना, फ्लाइट डेटा मॉनिटरिंग अनिवार्य करना। यह 'कड़े' नियम यदि सख्ती से लागू किए जाएं तो शायद ही कोई निजी चार्टर कंपनी इस क्षेत्र में बनी रह पाएगी। यहां पर एक अहम सवाल यह भी उठता है कि क्या डीजीसीए के पास इन नियमों को लागू करवाने के लिए योग्य और अनुभवी विशेषज्ञ हैं? इसका उत्तर है 'नहीं'। कल्पना कीजिए कि यदि किसी विमान हादसे या विमान कंपनी द्वारा की जी अनियमितता की जांच डीजीसीए का कोई ऐसा अधिकारी करे जिसे प्रशासन चलाने का अनुभव तो हो परंतु एविएशन उद्योग का अनुभव न के बराबर हो। जो व्यक्ति किसी अन्य मंत्रालय से स्थानांतरण हो कर आया हो वो इस संवेदनशील क्षेत्र के बारे में क्या ही जानता होगा? नतीजतन योग्यता के ऊपर भ्रष्टाचार हावी हो जाएगा। इसलिए सरकार को इस बात पर विचार करना चाहिए कि डीजीसीए को स्वायत्त भर्ती अधिकार दिए जाएं। विशेषज्ञों के लिए बाजार-आधारित वेतन और ट्रेनिंग प्रदान की जाए। भ्रष्टाचार रोकने के लिए सीबीआई जैसी एजेंसियों से सतत जांच और व्हिसलब्लोअर की सुरक्षा सुनिश्चित करें।भारत का विमानन क्षेत्र दुनिया का सबसे तेज बढ़ने वाला क्षेत्र है, लेकिन अभी भी निजी चार्टर में सुरक्षा की लापरवाही घातक साबित हो रही है। सरकार, डीजीसीए और ऑपरेटर्स मिलकर सुधार करें तो ही यात्रियों का भरोसा बहाल हो सकेगा। भ्रष्टाचार मुक्त, विशेषज्ञों से लैस डीजीसीए और कड़े अनुपालन से नागरिक उड्डयन क्षेत्र सुरक्षित बनेगा। समय रहते कदम उठाएं, वरना और हादसे होंगे और पूरी दुनिया के आगे भारत शर्मसार होता रहेगा।

> गौरतलब है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए में 50 प्रतिशत से अधिक स्टाफ की कमी है। डीजीसीए में 1630 पदों पर केवल 829 ही भरे हैं। इनमें एयरवर्थिनेस विंग में 44 और एयर सेफ्टी विंग में 30 वैकेंसी हैं। इन सबका कारण स्पष्ट है, स्वायत्तता की कमी, जो निर्णय लेने में देरी करती है। वहीं संघ लोक सेवा आयोग व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा भर्ती में देरी, आकर्षक वेतन का न होना और विशेषज्ञ पायलट/इंस्पेक्टर्स का न मिलना भी एक अहम कारण है। दूसरी ओर कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ पर निर्भरता जवाबदेही को घटाती है, जिससे निगरानी कमजोर पड़ती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राजमाची किले में समाया है अपना अनूठा इतिहास

**राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं।**

राजमाची, महाराष्ट्र के लोनावला क्षेत्र में स्थित एक प्रसिद्ध किला है। यह किला समुद्र तल से लगभग 2,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और यहां से चारों ओर का दृश्य अद्भुत होता है। राजमाची किला न केवल अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यह साहसिकता प्रेमियों के लिए भी एक आदर्श गंतव्य है।



**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

राजमाची का किला भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में बनाया गया था और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। किले के भीतर कई प्राचीन मंदिर और संरचनाएं हैं, जो उस समय की स्थापत्य कला को दर्शाती हैं। यहां की दीवारें और दरवाजे आज भी अपने ऐतिहासिक महत्व को जीवित रखते हैं।

**प्राकृतिक सौंदर्य**

राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है।

**साहसिक गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं। ट्रेकिंग करते समय आप ठंडी हवा और हरे-भरे वातावरण का आनंद ले सकते हैं।

**कैंपिंग**- किले के पास कैंपिंग करने का अनुभव भी बहुत रोमांचक है। यहां आप रात में तारे देख सकते हैं और प्राकृतिक वातावरण में रात बिताने का मजा ले सकते हैं।

**बोटिंग**- राजमाची के नजदीक स्थित भोर घाटी में बोटिंग का आनंद भी लिया जा सकता है, जो एक अलग अनुभव प्रदान करता है।

**यात्रा का सबसे अच्छा समय**

राजमाची जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच है। इस दौरान मौसम ठंडा और च्समेंदज रहता है। मानसून में भी यहां का .श्य अद्भुत होता है, लेकिन ट्रैकिंग के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए। राजमाची एक ऐसा स्थल है जो साहसिकता और इतिहास का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक महत्व, और रोमांचक गति. विधियां इसे एक अनोखा पर्यटन स्थल बनाती हैं। अगर आप प्रकृति के साथ-साथ इतिहास का आनंद लेना चाहते हैं, तो राजमाची आपकी यात्रा सूची में अवश्य होना चाहिए। यहां का अनुभव आपको हमेशा याद रहेगा। **...साभार प्रभा**

# नफरत के सौदागरों को शांतिप्रिय जनता का जवाब

निर्मल रानी



देश में धर्म व जाति के नाम पर नफरत परोसने का जो एक नियोजित षड्यंत्र रचा गया है और नाकारे नेताओं,सत्ता व मीडिया द्वारा देश को नफरत की आग में झोकने का जो दुष्प्रयास किया जा रहा है,ऐसा लगता है कि इन निखट्टुओं के साम्प्रदायिक एजेंडों को अब तक तमाशाई बनकर देखते रहने व इन पर चुप रहने वाली जनता अब इनकी नफरत का जवाब प्रेम,सद्भाव व भाईचारे से देने लगी है। पिछले कुछ ही दिनों में देश के अलग अलग राज्यों से ऐसे कई समाचार आए जिनसे यह पता चलता है कि देश के अमन पसंद लोग अब मूक दर्शक बनकर साम्प्रदायिक वैमनस्य को बढ़ता हुआ देखने के बजाए प्यार और मुहब्बत की मशाल जलाकर नफरत के स्याह अंधेरे को भागने की कोशिश करने लगे हैं। पिछले दिनों राजस्थान के टोंक जिले से ऐसी ही एक खबर आई। यहां निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फरवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इसी दौरे को सफल बनाने के लिए राजस्थान सरकार, प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह जुटा हुआ है। इसी उद्देश्य से राज्य भर में तरह तरह के छोटे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। टोंक जिले के निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था परन्तु नफरती संगठन में राजनीति करने वाले पूर्व सांसद जौनपुरिया द्वारा इसी कार्यक्रम में नफरत की वह भाषा बोली गई जिसने इस इलाके में पूर्व सांसद की ही फजीहत करवा दी। कंबल बांटते समय उन्होंने भीड़ में बैठी एक महिला से उसका नाम पूछा, जब गरीब बुजुर्ग महिला ने अपना नाम शकूरन बानो बताया तो यह नाम सुनकर जौनपुरिया ने बड़े ही नफरती अंदाज से कहा-हट एक तरफ, कंबल यहीं छोड़ दे और बाद में उन्होंने अपने सहयोगी को कहा इसे कंबल मत दे। साथ ही वे यह भी बोले, जो मोदी को गाली देता है, उसे कंबल लेने का हक नहीं। जौनपुरिया की इस अभद्र भाषा का वीडिओ वायरल होने के बाद इस इलाके में जौनपुरिया का विरोध होना शुरू हो गया। यह विरोध इस हद तक हुआ कि गांव के जिन हिन्दू परिवारों को कंबल मिला था उन्होंने भी मुस्लिम महिलाओं के साथ एकजुटता दिखाने हेतु अपने अपने कंबल वापस कर दिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तो इसी गांव में मुस्लिम महिलाओं को कंबल बांटे और गांव वालों ने उस नफरती पूर्व सांसद का पुतला भी फूंका। नफरत का जवाब मोहब्बत से देने हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 24 फरवरी को टोंक में सभी धर्मों की महिलाओं को समान रूप से कंबल बांटे जाने की भी खबर आई।

> पिछले दिनों राजस्थान के टोंक जिले से ऐसी ही एक खबर आई। यहां निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फरवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इसी दौरे को सफल बनाने के लिए राजस्थान सरकार, प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह जुटा हुआ है। इसी उद्देश्य से राज्य भर में तरह तरह के छोटे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। टोंक जिले के निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था परन्तु नफरती संगठन में राजनीति करने वाले पूर्व सांसद जौनपुरिया द्वारा इसी कार्यक्रम में नफरत की वह भाषा बोली गई जिसने इस इलाके में पूर्व सांसद की ही फजीहत करवा दी।

नफरत के बदले प्यार और मुहब्बत बांटने का ऐसा ही एक अन्य उदाहरण गत दिवस लखनऊ विश्वविद्यालय में भी देखने को मिला। पवित्र रमजान माह के दौरान विश्वविद्यालय में स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक लाल बारादरी परिसर में मौजूद पुरानी मस्जिद के गेट को विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा कारण बता कर सील कर दिया और इस जगह भारी बैरिकेडिंग लगा दी। इसी मुगल कालीन मस्जिद में दशकों से लखनऊ विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्र नमाज अदा करते आ रहे हैं। प्रशासन ने इसे पुरानी इमारत बताकर व सुरक्षा के जोखिम का हवाला देकर इसे अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिया। इसके बाद जब मुस्लिम छात्रों को नमाज अदा करने हेतु मस्जिद के अंदर जाने से रोका गया, तो उन्होंने मजबूरीवश मस्जिद के बाहर खुले स्थान पर ही नमाज अदा की। इस दौरान विश्वविद्यालय के हिंदू छात्रों द्वारा मानव श्रंखला बनाई गई। छात्रों ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर गंगा-जमुनी तहजीब और सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की। हिंदू छात्र नमाज पढ़ रहे अपने मुस्लिम साथियों के चारों ओर सुरक्षा कवच बनकर इसलिए खड़े हो गए ताकि कोई नमाज में व्यवधान उत्पन्न न कर सके और नमाज शांति तरीके से पूरी हो सके। इतना ही नहीं बल्कि साम्प्रदायिक शक्तियों के विरुद्ध इन्हीं हिन्दू छात्रों ने प्रदर्शन किया तथा हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश भी दिया।

दरअसल साम्प्रदायिक शक्तियों को खदेड़ने की शुरुआत उत्तराखंड के कोटद्वार से गत 26 जनवरी को उस समय शुरू हुई जबकि बजरंग दल के सदस्यों ने वकील अहमद नाम के एक 70 वर्षीय बुजुर्ग मुस्लिम की बाबा स्कूल ड्रेस नाम की दुकान के नाम को लेकर विवाद खड़ा किया। बजरंग दल के लोग दुकान का नाम बदलने की धमकी दे रहे थे। उनका कहना था कि श्बाबा स्कूल ड्रेसश का नाम स्थानीय हनुमान मंदिर सिद्धबली बाबा से मिलता-जुलता था। इसी विवाद के बीच दीपक कुमार कश्यप अपने दोस्त विजय रावत के साथ वहां जा पहुंचे। दीपक उत्तराखंड कोटद्वार में ही एक जिम ट्रेनर हैं। वे यहां अपना जिम चलाते हैं तथा युवक युवतियों को बॉडी बिल्डिंग और फिटनेस की ट्रेनिंग देते हैं। दीपक ने ही उन्मादी भीड़ से बुजुर्ग मुस्लिम का बीच-बचाव करते हुए अपना नाम श्मोहम्मद दीपकश बताया और साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव का संदेश दिया। हालांकि इसके बाद दीपक को मुकदमे से लेकर अपनी जिम की सदस्यता घटने तक के हालात का सामना करना पड़ा। उन्हें बजरंग दल समर्थकों से धमकियां मिलीं व उनके विरुद्ध विरोध प्रदर्शन भी हुए। परन्तु उनका यही कहना था कि ष्मैं हिंदू नहीं, मुसलमान नहीं, सिख नहीं, ईसाई नहींकृसबसे पहले इंसान हूं। मरने के बाद भगवान और इंसानियत को जवाब दूंगा। यहां तक कि पुलिस ने दीपक के विरुद्ध सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में प्राथमिकी भी दर्ज की परन्तु दीपक की हिम्मत व उनके बुलंद हौसले ने उन्हें पूरे देश व दुनिया में साम्प्रदायिक सद्भाव के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में शो. हरत दिला दी। राहुल गांधी सहित अनेक विशिष्ट लोगों ने मुहम्मद दीपक व उनके साथी विजय रावत से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। और इसी कोटद्वार की घटना के बाद देश में कई स्थानों से ऐसी खबरें सुनाई दे रही हैं जहां प्रेम व सद्भाव की बातें करने वालों के द्वारा नफरती चिंटुओं को खदेड़ा जा रहा है और शांतिप्रिय जनता द्वारा नफरत के सौदागरों के नफरती एजेंडे का जवाब प्रेम, सद्भाव व भाईचारे से दिया जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



गुवाहाटी। होली के त्योहार से पहले पानी की बंदूकें और अन्य सामान बेचता दुकानदार।

## अमेरिकी दूतों से मिलेगा यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल, जेलेंस्की ने की पुष्टि

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उनके देश का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को अमेरिकी दूतों से मुलाकात करेगा। यह मुलाकात रूस के साथ होने वाली एक और त्रिपक्षीय वार्ता से पहले होगी। जेलेंस्की ने आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकाफ और ट्रम्प के दामाद जरेड कुशनर से बातचीत करेंगे। उमेरोव की प्रेस सचिव डायना दावित्यान ने कहा कि यह बैठक जिनेवा में होगी। स्विट्जरलैंड का शहर जिनेवा उसी दिन अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु मुद्दे पर होने वाली वार्ता की भी मेजबानी करेगा।

# भारतीय सोलर पैनल पर अमेरिका ने 126% ड्यूटी लगाई

## कहा: चीन भारत के जरिये भेज रहा सस्ते प्रोडक्ट, लाओस व इंडोनेशिया पर भी लगा टैक्स

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत से आने वाले सोलर पैनलों और सेल पर 126 प्रतिशत की शुरुआती डयूटी लगा दी है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग का कहना है कि भारत अपने मैन्युफैक्चरर्स को गलत तरीके से सब्सिडी दे रहा है, जिससे अमेरिकी घरेलू कंपनियों को नुकसान हो रहा है। भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81 प्रतिशत से 143 प्रतिशत तक की लेवी लगाई गई है। शुरुआती जांच के आधार पर यह फैसला लिया गया है।

जांच पर अंतिम फैसला 6 जुलाई को आएगा। यानी सब्सिडी की बात साबित हो जाती है, तो यह टैक्स स्थाई हो जाएगा। इस फैसले से भारतीय सोलर एक्सपोर्टर्स के लिए अमेरिकी बाजार में टिकना मुश्किल हो सकता है। 126 प्रतिशत डयूटी लगने का मतलब है कि इन पैनलों की कीमत अमे. रिका में दोगुनी से भी ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में अमेरिकी खरीदार भारतीय माल के बजाय लोकल कंपनियों या अन्य देशों से पैनल खरीदना पसंद करेंगे क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट



■ भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81 प्रतिशत से 143 प्रतिशत तक की लेवी लगाई गई है

अब काम्पिटिशन से बाहर हो जाएंगे। यह टैक्स उन 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ से अलग है, जिसकी घोषणा ट्रम्प ने हाल ही में की थी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते ट्रम्प के पुराने टैरिफ प्लान को रद्द कर दिया था जिसके बाद उन्होंने नए सिरे से टैरिफ लगाए थे। अब इस नए फैसले ने इंडस्ट्री की चिंता बढ़ा दी है। ब्लूमबर्ग एनईएफ के के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में अमे. रिका में होने वाले कुल सोलर माडयूल आयात का 57 प्रतिशत हिस्सा भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आया था। भारतीय एक्सपोर्ट की बात करें तो 2024 में अमेरिका को 792.6 मिलियन डालर ( करीब 7200 करोड़ रुपये) के सोलर उत्पाद भेजे गए थे, जो 2022 की तुलना में 9 गुना ज्यादा है। अमेरिकी सोलर मैन्युफैक्चरर्स का आरोप है कि चीनी कंपनियां अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए भारत, इंडोनेशिया और लाओस जैसे देशों के रास्ते अपना माल भेज रही हैं। पहले चीन ने वियतनाम, मलेशिया और थाईलैंड का इस्तेमाल किया था, लेकिन जब वहां सख्ती हुई तो उन्होंने भारत और अन्य एशियाई देशों में प्रोडक्शन शिफ्ट कर दिया। सिटीग्रुप इंक के एनालिस्ट विक्रम बागरी का कहना है कि इतनी ऊंचे टैरिफ लगने के बाद अमेरिकी बाजार अब भारतीय सोलर मैन्युफैक्चरर्स के लिए लगभग बंद हो जाएगा। अमेरिकी सोलर ग्रुप 'अलायंस फार अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड' ने वाणिज्य विभाग से सब्सिडी की जांच करने की अपील की थी। ग्रुप का कहना था कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग को बचाने के लिए यह जांच जरूरी है। उन्होंने अब टैरिफ के इस फैसले का स्वागत किया है। अलायंस के मुख्य वकील टिम ब्राइटबिल ने कहा कि आज का फैसला अमेरिकी सोलर मार्केट में निष्पक्ष काम्पिटिशन को फिर से बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने ये भीकहा कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स देश की क्षमता बढ़ाने और अच्छी नौकरियां पैदा करने के लिए अरबों डालर का निवेश कर रहे हैं। अगर गलत तरीके से आयात किए गए माल को मार्केट बिगाड़ने की अनुमति दी गई, तो यह निवेश कभी सफल नहीं हो पाएगा। अमे. रिकी कामर्स डिपार्टमेंट सोलर सेल पर एंटी-डंपिंग डयूटी की भी जांच कर रहा है। आरोप है कि भारत, इंडोनेशिया और लाओस की कंपनियां अमेरिका में अपने माल को लागत से भी कम कीमत पर बेच रही हैं।

# ट्रम्प 100वीं बार बोले: भारत-पाक जंग रुकवाई

## दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी, भारत दावे को हमेशा खारिज करता रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प यह बात 100 से ज्यादा बार दोहरा चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

अपने भाषण में ट्रम्प ने इजरायल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया। ट्रम्प ने ईरान को लेकर दावा किया कि अमेरिका ने पिछले साल जुलाई में हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया था। साथ ही 28 दिसम्बर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया। ट्रम्प का भाषण खत्म होने पर रिपब्लिकन सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाई। वहीं, विपक्षी डेमोक्रेटिक सांसद अपनी जगहों पर बैठे रहे। ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसा. इल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम को खत्म दिया गया है। ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान जंग में 3.5 करोड़ मौतें रोकीं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है। ट्रम्प ने गाजा में इजरायल-हमास सीजफायर को कामयाब बताया, जिससे सभी इजरायली बंधक रिहा हो गए। ट्रम्प ने कहा कि महंगाई के लिए डेमोक्रेट्स जिम्मेदार हैं और उनकी नीतियों से कीमतें तेजी से नीचे आ रही हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में तेल का प्रोडक्शन रोज करीब 6 लाख बैरल से ज्यादा बढ़ा है। ट्रम्प ने सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नए 15 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ लागू करने की बात कही। ट्रम्प ने तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने की बात की और वेनेजुएला को अमेरिका का नया दोस्त बताया। ट्रम्प के भाषण के दौरान डेमोक्रेटिक सांसद अल ग्रीन हाउस चैंबर से बाहर कर दिए गए। ग्रीन ने एक पोस्टर उठा रखा था, जिस पर लिखा था- ब्लैक पीपल आर नाट एप्स! (काले लोग बंदर नहीं होते हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने जेफ्री एपस्टीन की पीड़ितों को राष्ट्रपति ट्रम्प के स्टेट ऑफ द यूनियन के भाषण में बुलाया। हालांकि, ट्रम्प ने एपस्टीन फाइल का एक बार भी जिक्र नहीं किया। कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों ने विरोध जताने वाले अलग तरह के कपड़े या बैज पहने। मर्सी कैप्टर ने 'फाइलें जारी करो' लिखा हुआ एक पिन पहना था, जो जेफ्री एपस्टीन से जुड़ा है। सोमाली-अमे. रिकी डेमोक्रेटिक सांसद इल्हान उमर ने चिल्लाते हुए कहा कि ट्रम्प, आपने अमे. रिकियों को मार डाला है! ट्रम्प ने इसपर पलटवार करते हुए कहा कि आपको खुद पर शर्म आनी चाहिए। राष्ट्रपति ट्रम्प के सभी बच्चे उनके भाषण के दौरान गैलरी में मौजूद रहे। उनके साथ अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प भी दिखी।



■ कहा: गाजा सीजफायर बड़ी जीत, वेनेजुएला नया दोस्त, ईरान ने 32000 लोग मारे, उसका परमाणु कार्यक्रम तबाह किया

## ईरान का पलटवार: ट्रम्प के दावों को किया खारिज

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल शक्ति को लेकर गंभीर आरोप लगाये गये थे। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने वाशिंगटन के बयानों को 'एक के बाद एक बोला गया झूठ' करार दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिक्रिया देते हुए बघाई ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइलों और हालिया नागरिक अशांति में हताहतों की संख्या को लेकर अमेरिका जो कुछ भी कह रहा है, वह पूरी तरह मनगढ़ंत और 'बड़े झूठ' का दोहराव है। उन्होंने अमेरिका पर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया। इससे पहले ट्रंप ने कांग्रेस (संसद) में दिए एक भाषण में दोहराया कि वह ईरान के मुद्दे पर 'सभी विकल्प' खुले रख रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कूटनीति विफल रहती है, तो वह 'सीमित युद्ध' से भी पीछे नहीं हटेंगे। ट्रंप ने कहा कि हमारी नीति का मुख्य स्तंभ यह है कि हम ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे।

## आवामी लीग के नेताओं की जमानत पर वकीलों ने की बदसलूकी

**ढाका।** बांग्लादेश के बारिशाल जिले की एक अदालत में अवामी लीग के कई नेताओं को जमानत दी गई। इसके बाद कोर्ट परिसर में कुछ वकीलों ने जमकर बदसलूकी की। पेरिस स्थित अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश इन फ्रांस' (जेएमबीएफ) ने इस घटना की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने इसे लोकतंत्र, कानून के शासन और न्यायपालिका की आजादी पर सीधा हमला बताया है। जेएमबीएफ का आरोप है कि विपक्षी पार्टी बीएनपी से जुड़े वकीलों का व्यवहार बेहद निंदनीय था। ये वकील जबरदस्ती कोर्टरूम में घुस गए और बेंच के साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने जज के साथ भी बुरा बर्ताव किया। वकील उन पर चिल्ला रहे थे और उनकी तरफ उंगली दिखाकर दबाव बना रहे थे। यह घटना मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट एस. एम. शरियत उल्लाह की अदालत में हुई। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष शाहनूर इस्लाम ने कहा कि यह घटना न्यायपालिका की गरिमा और सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि फैसले से असहमति होने पर ऊपरी अदालत में अपील करनी चाहिए। कोर्ट को युद्ध का मैदान बनाना गलत है।

## आतंकी संगठन जैश चैटजीपीटी क्लाउड-जैमिनी के खिलाफ

■ जैश-लश्कर ने मदरसों में एआई इस्तेमाल के विरुद्ध फतवा जारी किया
■ कहा: इस्लाम की उदारवादी व्याख्या पसंद नहीं, छात्र मौलवियों से ही सवाल पूछें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा ने अपने लगभग 5 हजार मदरसों में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स के खिलाफ फतवा जारी किया है। यहां पर लगभग 12 लाख छात्र पढ़ते हैं। दरअसल, ये एआई टूल्स जैसे चैटजीपीटी, क्लाउड, जैमिनी और ग्रोक इस्लाम धर्म से जुड़े सवालों के उदारवादी जवाब दे रहे थे।

जबकि इन मदरसों में मौलवियों द्वारा धर्म की कट्टरपंथी व्याख्या छात्रों को बताई जाती है, जो कुरान अथवा हदीस के अनुरूप नहीं होती है। जबकि एआई टूल्स अपने डेटाबेस के इनपुट से सही व्याख्या कर छात्रों को बता रहा है। जैश और लश्कर ने अपने नए आदेश में छात्रों को कहा है कि वे मौलवियों से क्लास में धर्म से जुड़े सवाल व्यक्तिगत रूप से पूछें। मोबाइल पर एआई टूल्स का उपयोग नहीं किया जाए। पाक में एलीमेंटरी एजुकेशन काफी हद तक मदरसों पर आधारित हैं। देवबंदी सिल. सिले से जुड़े जैश-लश्कर के ये मदरसे इससे जुड़ी मस्जिदों से मिलने वाले फंड से संचालित होते हैं। पाक में मदरसा बोर्ड और वक्फ बोर्ड भी है, पर इनकी असल कमान खुफिया एजेंसी आईएसआई के पास होती है। मदरसों में ब्रेनवाश कुछ छात्र आईएसआई के लिए भारत के खिलाफ आतंकी करतूतों के लिए रंगरूट साबित होते हैं। पीओके के मुज्जफराबाद और नीलम घाटी से जैश इन छात्रों को भारत में लान्च करती है। सऊदी अरब सहित खाड़ी के अन्य इस्लामी देशों में इस्लामी यूनिवर्सिटीज-कालेज में धार्मिक तालीम के लिए अपने एआई टूल्स का इस्तेमाल किया जाता है। ये साफ्टवेयर इन देशों ने अपने स्तर पर विकसित किए हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हमले में तबाह हुए जैश के बहावलपुर मुख्यालय के मदरसे में जनवरी में मरम्मत पूरी होने के बाद छात्र लौट आए हैं। यहां पर नियमित कक्षाएं शुरू हो गई हैं। पाक सरकार और आर्मी ने फंड जारी किया था। सूत्रों के अनुसार जैश का सरगना मौलाना मसूद अजहर इन दिनों रावलपिंडी के आईएसआई सेफ हाउस से निकलकर बहावलपुर मदरसे में रह रहा है।

## जापान की संसद मे एआई इंजीनियर की एंट्री

**टोक्यो।** हाल के चुनावों में सबको चौंकाते हुए जापान की संसद (निचले सदन) में पार्टी ने 11 सीटें जीतीं। पार्टी ने राजनीतिक दिग्गजों को पछाड़कर 30 लाख वोट भी अपने खाते में बटोरे हैं, जबकि सिर्फ 14 ही प्रत्याशी उतारे थे। एनो कहते हैं, एआई आग की तरह है, जो सभ्यता को पूरी तरह बदल देगा।

जहां पश्चिमी देश इस एआई को 'टर्मिनेटर' जैसा खतरनाक मानकर डरते हैं, वहीं जापान के लोग इसे 'डोरेमोन' जैसा मददगार और प्यारा दोस्त समझते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि टीम मिराई की जीत की वजह उनका 'प्रैक्टिकल' होना है। उनका तरीका 'न वामपंथी है, न दक्षिणपंथी'। जापान फोरसाइट के संस्थापक टोबियस हैरिस के अनुसार, वे सिर्फ समस्याओं को हल करने पर ध्यान देते हैं। उन्होंने लोकलुभावन वादों के बजाय जटिल मुद्दों को सुलझाने की बात की। 40 से 50 की उम्र के शहरी मतदाताओं ने उन्हें हाथों-हाथ लिया। जीते उम्मीदवारों में टोक्यो और बर्कले जैसे बड़े संस्थानों के पढ़े एक्सपर्ट और आईबीएम- सोनी के पूर्व कर्मचारी शामिल हैं। सिलिकान वैली में इंजीनियर रहे नवनिर्वाचित सांसद आओई फुरुकावा, कहते हैं,'कोडिंग और कानून बनाना एक जैसा है, क्योंकि दोनों के लिए तर्क और सटीक संरचना की जरूरत होती है।' टीम मिराई की कार्यशैली की झलक वादों में भी दिखी। इन्होंने चुनाव जीतने के हाई-टेक समाधानों पर जोर दिया। ड्राइव. रलेस बसें लाना, राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता के लिए डिजिटल डेटाबेस बनाना, ताकि भ्रष्टाचार रुके। एआई के जरिए सरकारी खर्चों में कमी करके मध्यम वर्ग को पेंशन व स्वास्थ्य बीमा में राहत जैसे वादे किए। पार्टी ने प्रस्ताव समझाने के लिए चैटबाट भी शुरू किया। इसने 39 हजार सवालों के जवाब दिए और 6200 से ज्यादा सुझाव जुटाए। संसद तक तो इंजीनियर्स पहुंच गए, लेकिन असली जंग अब शुरू हुई है।



■ टी-शर्ट व पोनीटेल वाले नेता चर्चा के दौरान, कहते हैं राजनीति से सुस्ती दूर कर देंगे

# नार्वे के पूर्व पीएम ने आत्महत्या की कोशिश की

**ओस्लो।** नार्वे के पूर्व प्रधानमंत्री थोरब्योर्न जगलैंड को कथित तौर पर आत्महत्या की कोशिश के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक यह घटना पिछले हफ्ते हुई। कुछ खबरों में दावा किया गया कि नार्वेजियन एडिटर्स एसोसिएशन ने उनके वकील के साथ मिलकर इस मामले को सार्वजनिक न करने पर सहमति जताई थी। हालांकि कुछ मीडिया प्लेटफार्मस पर उनकी गंभीर हालत का हवाला देते हुए यह खबर सामने आई।

यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है। जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है, जिसमें अधिकतम 10 साल की जेल हो सकती है। उनके वकील की फर्म एल्डेन ला फर्म ने सीएनएन को पुष्टि की कि उन पर गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप तय हुआ है, लेकिन उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है। नार्वे की आर्थिक अपराध जांच एजेंसी 'ओकोक्रिम' इस मामले की जांच कर रही है। एजेंसी के डायरेक्टर पाल लोनसेथ ने कहा कि उनके खिलाफ जांच की मजबूत वजह मिली है। जांच के तहत ओस्लो स्थित उनके घर और दो अन्य प्रापर्टी की तलाशी ली गई। एजेंसी ने यह भी कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि क्या उन्हें अपने पद के दौरान गिफ्ट, यात्राएं, कर्ज या अन्य फायदे मिले थे। तलाशी के बाद उन्हें औपचारिक रूप से संदिग्ध का दर्जा दे दिया गया है और अब उनसे पूछताछ की जाएगी। जगलैंड 1996-1997 के बीच नार्वे के प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा वे विदेश मंत्री, नार्वेजियन नोबेल कमेटी के चेयरमैन (2009-2015) और यूरोप की मानवाधिकार संस्था काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव (2009-2019) भी रह चुके हैं। जगलैंड ने कहा है कि एपस्टीन से उनके संबंध 'गलत फैसला' या 'खराब समझ' का नतीजा थे, लेकिन उन्होंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे और चाहते हैं कि सच्चाई पूरी तरह सामने आए। अमे. रिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से 30 जनवरी को जारी दस्तावेजों से पता चला कि जगलैंड और उनका परिवार कई बार एपस्टीन की पेरिस, न्यूयार्क और पाम बीच वाली प्रापर्टी पर गए थे। यह भी सामने आया कि एपस्टीन ने उनसे बड़े नेताओं, जैसे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कराने में मदद मांगी थी। साथ ही उसने कुछ अपने कारोबारी और वित्तीय प्लान आगे बढ़ाने के लिए भी मदद चाहता था। दस्तावेजों में जगलैंड को 'नोबेल बिग शाट' कहा गया। इसमें यह भी लिखा था कि दोनों के रिश्ते ऐसे थे जिनमें एक तरफ जगलैंड का रसूख और पहचान काम आ रही थी, तो दूसरी तरफ एपस्टीन उन्हें लग्जरी ट्रिप, तोहफे और दूसरी सुविधाएं दे रहा था। हालांकि जांच एजेंसियों ने साफ कर दिया है कि जगलैंड का नाम एपस्टीन के यौन अपराधों से नहीं जुड़ा है। जांच सिर्फ इस बात पर हो रही है कि क्या उन्हें अपने पद का इस्तेमाल करके कोई गलत फायदा मिला। यह जांच उस समय से जुड़ी है जब जगलैंड 2009 से 2015 तक नार्वेजियन नोबेल कमेटी के अध्यक्ष थे और 2009 से 2019 तक काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव रहे।

■ यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है
■ जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है



# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द

## 5 लाख घरों की बिजली गुल, 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5600 से 5700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20 प्रतिशत था।

यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और आफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए। न्यूयार्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लान्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया। हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया। वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मारा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयार्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है। तूफान का असर सिर्फ सड़कों और हवाई सेवाओं तक सीमित नहीं रहा। न्यूयार्क और बोस्टन के बीच ट्रेन सेवा सोमवार रात तक सस्पेंड रही। थिएटर ब्राडवे के सभी शो रविवार शाम रद्द कर दिए गए। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने कहा कि यह पिछले लगभग एक दशक का सबसे शक्तिशाली नारईस्टर तूफान है। कई इलाकों में प्रति घंटे 2 से 3 इंच तक बर्फ गिरने की चेतावनी दी गई है और हवा की रफ्तार कुछ जगह 110 मील प्रति घंटे तक पहुंच गई। नारईस्टर एक तरह का तेज तूफान होता है जो अमेरिका के पूर्वी तट पर आता है।



■ भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका

## ब्राजील में बाढ़ से 25 की मौत, सैकड़ों बेघर

**मिनास गेरैस।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार शाम शुरू हुई तेज बारिश के बाद सबसे ज्यादा तबाही जुइज दे फोरा और उबा शहर में हुई। अधिका. रियों के अनुसार जुइज दे फोरा में 18 और उबा में 7 लोगों की जान गई। कई घर और इमारतें ढह गईं। दर्जनों लोग अब भी लापता हैं और रेस्क्यू आपरेशन जारी है। राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने जुइज दे फोरा में 'स्टेट ऑफ कैलैमिटी' घोषित कर मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार की पूरी मदद का भरोसा दिया है। सिर्फ जुइज दे फोरा में करीब 440 लोग बेघर हो गए हैं। प्रशासन ने अस्थाई शेल्टर बनाए हैं और राहत सामग्री के लिए अपील की है।

## शोधकर्ताओं ने मूंगफली के छिलकों से बनाया ग्राफीन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने मूंगफली के फेंके गए छिलकों को ग्राफीन में बदलने का एक तरीका विकसित किया है। ग्राफीन इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा उपकरणों के लिए एक मूल्यवान घटक है। ऑस्ट्रेलिया के यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स द्वारा बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इस विकास से सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स और उर्जा भंडारण के लिए नए रास्ते खुलेंगे। मूंगफली के छिलकों से बना ग्राफीन बैटरी, सौर पैनल, टच स्क्रीन, लचीले इलेक्ट्रॉनिक्स और सुपर-फास्ट ट्रांजिस्टर के लिए उपयोग किया जा सकेगा। शोध दल ने पाया कि लिग्निन की उपस्थिति के कारण मूंगफली के छिलकों को उच्च तापमान पर ग्राफीन में बदला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि लिग्निन पौधों में प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला पॉलिमर है, जिसमें प्रचुर मात्रा में कार्बन पाया जाता है। केमिकल इंजीनियरिंग जर्नल एडवांस में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, इस दो चरणों वाली विधि में छिलकों को लगभग 500 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जाता है, फिर मिलीसेकंड के लिए लगभग 3000 डिग्री पर उन्हें गर्म किया जाता है, जो रसायनों के बिना कार्बन परमाणुओं को एक परत वाले में पुनर्गठित कर देता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108